
रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 11 अगस्त 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-354 मूल्य 3.00 ₹




## विश्व के कुल संक्रमितों में करीब 52 फीसदी अमेरिका, ब्राजील और भारत से

वार्ता < बीजिंग/जिनेवा/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और विश्व के तीन देशों अमेरिका, ब्राजील और भारत में कुल संक्रमित 19,780,612 मामलों में से करीब 52 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए हैं। कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे, मेक्सिको तीसरे और ब्रिटेन चौथे स्थान पर है जबकि भारत मृतकों की संख्या के मामले में पांचवें स्थान पर है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में 19,780,612 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 729,768 लोगों की मृत्यु हुई है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से अब तक 5,044,769 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं तथा 162,938 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्राजील में अब तक 3,035,422 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 101,049 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों में 54,859 लोग स्वस्थ हुए तथा 1007 की मृत्यु हुई। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 22,15,074 तथा मृतकों ➢शेष पेज 8 पर



## देश में एक दिन में 1007 लोगों की मौत

देश में एक दिन में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से 1007 लोगों की मौत हो गयी जिसमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में सबसे अधिक मौत हुई है। तीन राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान क्रमशः 390, 119 और 107 लोगों की कोरोना के संक्रमण से जान चली गयी है। महाराष्ट्र में जहां अब तक 351,710 मरीज स्वस्थ हो गए हैं वहीं तमिलनाडु में 238,638 मरीज इस महामारी से उबर गये हैं जबकि आंध्र प्रदेश और दिल्ली से कोरोना के कुल क्रमशः 138,712 और 130,587 मरीज स्वस्थ हुए हैं। देशभर में अब तक 15,35,743 लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पहली बार एक दिन में सर्वाधिक 62,063 संक्रमण के मामले आने से इनकी संख्या 22,15,074 हो गयी है। पिछले 24 घंटों के दौरान 1007 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 44,386 पर पहुंच गयी है। मंत्रालय के अनुसार स्वस्थ होने वालों की दर पिछले दिन से बढ़कर 69.33 प्रतिशत पर पहुंच गयी है और मृत्यु दर घटकर 2.0 प्रतिशत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में कोरोना से संक्रमितों की संख्या इस प्रकार है।

## पूर्व राष्ट्रपति कोरोना पॉजिटिव, अस्पताल में हुए भर्ती



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उनकी कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाई आई है। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। मुखर्जी ने ट्वीट कर कहा, 'एक अस्पताल के दौरे पर मैं कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। पिछले सप्ताह मेरे साथ संपर्क में आए उन सभी लोगों से मेरा अनुरोध है कि वे खुद को आइसोलेट कर लें और कोरोना की जांच करवाएं।' आपको बता दें कि प्रणब मुखर्जी की उम्र 84 साल है, ऐसे में बढ़ती उम्र के कारण भी उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे प्रणब मुखर्जी 2012 से 2017 के बीच देश के राष्ट्रपति रहे हैं। साल 2019 में केंद्र सरकार ने प्रणब मुखर्जी को भारत र से सम्मानित किया था।

## आयकर टीम सर्वे कर लौटी, बड़ी संख्या में दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक डिवाइस जब्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के अविनाश बिल्डर, खमतराई के एसपी कोल्ड स्टोरेज, रावाभाठा के चंडोक कोल्ड स्टोरेज, वीआइपी रोड स्थित शगुन पैलेस और उरला के ईश्वर इस्पात की जांच करके आयकर टीम रविवार शाम को लौट आई। आयकर इन्वेस्टिगेशन विंग के आला अधिकारियों ने बताया कि कारोबारियों के ठिकानों से बड़ी संख्या में दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक डिवाइस जब्त किया गया है। इसकी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी, चंडोक कोल्ड स्टोरेज के डायरेक्टर प्रितपाल सिंह, हरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह और तनवीर कौर के ठिकानों की भी जांच पूरी हो गई है। आपको बता दे कि कारोबारियों ने कोई राशि सरेंडर नहीं की है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली के कारोबारी पर आयकर छापे के बाद राजधानी के कारोबारियों का संबंध निकला थाज जिसके बाद प्रिंसपल डायरेक्टर इन्वेस्टिगेशन (मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़) आलोक जौहरी एवं ज्वाइंट डायरेक्टर सिद्धार्थ मीणा के निर्देशन में रिफरेंस के आधार पर आयकर के 40 अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम ने यह सर्वे किया।

### स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से आई खुशखबरी

## भारत में अब तक 15 लाख लोग कोरोना से जंग जीतकर ठीक हो चुके

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देशभर में लागू सख्त नियमों के बावजूद कोरोना संक्रमित मरीजों के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं. वहीं सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में एक अच्छी खबर के संकेत दिए हैं. मंत्रालय ने बताया कि भारत में अब तक 15 लाख लोग कोरोना से जंग जीतकर ठीक हो चुके हैं। जल्द ही स्थिति नियंत्रण में होगी.

मंत्रालय ने बताया कि अभी भी कई ऐसे राज्य हैं जिसमें कोरोना के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं. जानकारी देते हुए उन्होंने आगे बताया कि ये संक्रमण अभी भी 10 राज्यों में केंद्रित है जो नए मामलों में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं. अगर आसान शब्दों में कहें तो कोरोना के सबसे ज्यादा मामले इन्हीं राज्यों से आते हैं, जिसे जल्द ही काबू में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि देशभर में कुल कोरोना केस 21 लाख के अधिक हो गए हैं. जिसमें से अबतक 15 लाख से अधिक लोग इलाज के बाद ठीक हो गए हैं. जबकि 43 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. भारत सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी कोरोना ग्राफ तेजी से बढ़ा रहा है. सिर्फ महाराष्ट्र में रविवार को कोविड-19 के 12,248 नए मामले सामने आने के साथ राज्य में इस घातक वायरस से अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 5,15,332 हो गई है. स्वास्थ्य विभाग ने ➢शेष पेज 8 पर

## क्विक न्यूज़

### यूजीसी परीक्षा आदेश मामले में सुनवाई शुक्रवार तक स्थगित

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सरकार से जानना चाहा कि क्या राज्य आपदा प्रबंधन अधिनियम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशानिर्देशों को प्रभावित कर सकते हैं? इसके साथ ही न्यायालय ने मामले की सुनवाई 14 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की खंडपीठ ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर विश्वविद्यालयों के अंतिम वर्ष की परीक्षाएं रद्द करने संबंधी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सवाल उठाये कि क्या राज्य आपदा प्रबंधन कानून के तहत यूजीसी की अधिसूचना और दिशानिर्देश रद्द किये जा सकते हैं?

### ईआईए पर विपक्ष का रवैया ठीक नहीं : जावडेकर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पर्यावरण प्रभाव आकलन नियमों में संशोधन के प्रारूप पर विपक्ष की आलोचनाओं के बीच पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने आज कहा कि अभी संशोधन का अंतिम मसौदा तैयार नहीं हुआ है और इसलिए इसको लेकर आंदोलन का विपक्ष का रवैया ठीक नहीं है। श्री जावडेकर ने यहाँ एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि कुछ लोग इतने उतावले हो गये हैं कि उन्होंने अभी आंदोलन करने का आह्वान कर दिया है।

### हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह भी कोरोना संक्रमित

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह सहित टीम के पांच अन्य खिलाड़ियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद फॉरवर्ड खिलाड़ी मनदीप सिंह भी इस वायरस की चपेट में आ गए हैं। वह टीम के छठे खिलाड़ी हैं जो इस वायरस से संक्रमित हुए हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

### राजस्थान में सरकार पर संकट सुलझने के आसार

## राहुल-प्रियंका से मिले सचिन, वापसी के फॉर्मूले पर चर्चा हुई

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में 14 अगस्त से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है। इसके पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। सोमवार को सचिन पायलट ने दिल्ली में राहुल और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई।

पायलट की कांग्रेस में वापसी का फॉर्मूला तलाशा जा रहा है, लेकिन पार्टी ने साफ किया है कि मुख्यमंत्री पद के बारे में फिलहाल कोई बात नहीं होगी। पायलट अगर लौटना चाहें तो एडजस्टमेंट के लिए कुछ समय इंतजार भी करना पड़ेगा।



**आलाकमान ने मुलाकात की पहल की-** सूत्रों के मुताबिक, राहुल से मुलाकात की पहल खुद आलाकमान की ओर से की गई थी। पायलट गुट के सभी विधायक भी लगातार कह रहे हैं कि हमारी नाराजगी पार्टी से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से है। कुछ कांग्रेस नेताओं ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि सचिन पायलट लगातार पार्टी नेतृत्व के साथ संपर्क में हैं। पार्टी ने भरोसा दिया है कि राजस्थान में सरकार का संकट सुलझा लिया जाएगा।

### भाजपा ने आज विधायक दल की बैठक बुलाई

इस बीच, भाजपा ने 11 अगस्त को विधायक दल की बैठक बुलाई है। मंगलवार को शाम 4 बजे जयपुर के होटल क्राउन प्लाजा में विधायक दल की बैठक होगी।

### सुशांत मौत मामला

## रिया ने मीडिया ट्रायल पर सवाल उठाये

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में मॉडल रिया चक्रवर्ती ने सोमवार को नया हलफनामा दायर करके मीडिया ट्रायल पर सवाल खड़े किये हैं। रिया ने अपने हलफनामे में कहा है कि सुशांत की मौत मामले को ज्यादा तूल दिया जा रहा है और मीडिया ऐसा साबित करने में लगा है कि वह इस हत्या के लिए दोषी है। रिया का कहना है कि पिछले एक महीने में सुशांत की तरह दो और कलाकारों - आशुतोष भाकरे और समीर शर्मा- ने भी आत्महत्याएं की है।

### ग्रेट निकोबार में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत के पोर्ट का प्रस्ताव

## 2300 किमी के नेटवर्क से लोगों को सस्ती और तेज इंटरनेट सेवा मिलेगी : मोदी

एजेंसी < पोर्ट ब्लेयर
www.dailypioneer.com

- **लागत 1224 करोड़ रुपए आई है, 2018 में इसकी नींव प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को चेन्नई और पोर्ट ब्लेयर को जोने वाली सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि इस नेटवर्क से अंडमान-निकोबार के लोगों को सस्ती और तेज इंटरनेट सेवा मिल सकेगी। व्यापार बढ़ाने के लिए ग्रेट निकोबार में 10 हजार करोड़ की लागत से पोर्ट बनाने का भी प्रस्ताव है।

2300 किमी लंबी केबल बिछाने की लागत 1224 करोड़ रुपए आई। 2018 में इसकी नींव मोदी ने ही रखी थी। केबल से पोर्ट ब्लेयर को स्वराज द्वीप, लिटल अंडमान, कार निकोबार, कमोर्ता, ग्रेट निकोबार, लॉन्ग आईलैंड और रंगत को भी जोड़ा जा सकेगा।



स्वतंत्रता दिवस से पहले इसे मैं अंडमान के लोगों के लिए एक स्नेह भरे उपहार की तरह देखता हूं। गहरे समुद्र में सर्वे, केबल की क्वालिटी मेंटेन करना और विशेष जहाजों के जरिए केबल बिछाना आसान नहीं था। जितना बड़ा ये प्रोजेक्ट था, उतनी ही बड़ी चुनौतियां भी थीं। ये भी एक वजह थी कि वर्षों से इस पर काम नहीं हो पाया था, लेकिन खुशी है कि सारी रुकावटों को किनारे कर इस काम को पूरा किया गया।

**देश के हर इलाके का विकास कर रहे-** देश के हर जन, क्षेत्र तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचें और हर नागरिक का जीवन आसान बने। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े बॉर्डर एरिया और समुद्री सीमा पर बसे क्षेत्रों का तेजी से विकास हो। अंडमान निकोबार को बाकी देश और दुनिया से जोड़ने वाला ये प्रोजेक्ट ईज ऑफ लिविंग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अब यहां के लोगों को मोबाइल कनेक्टिविटी और तेज इंटरनेट की सस्ती और अच्छी सुविधाएं मिल पाएंगी।

### डेढ़ साल पहले योजना के शुभारंभ का मौका मिला

भारत की आजादी की तपोस्थली, संकल्प स्थली अंडमान निकोबार की भूमि और वहां रहने वाले सभी को नमस्कार। आज का दिन अंडमान निकोबार के दर्जनों द्वीपों में बसे लाखों लोगों के साथ ही पूरे देश के लिए भी अहम है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन करते हुए करीब डेढ़ साल पहले सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल योजना के शुभारंभ का अवसर मिला था। खुशी है कि आज इसके लोकार्पण का मौका भी मिला।

## बैलाडीला पहाड़ी की तराई क्षेत्र में नक्सलियों ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

- **कार्यक्रम में सैकड़ों गांव के ग्रामीण शामिल हुए**

किरन्दुल 10 अगस्त बैलाडीला पहाड़ी की तराई क्षेत्र में नक्सलियों ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया।इस कार्यक्रम में सैकड़ों गांव के ग्रामीण शामिल हुए।विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को नक्सलियों ने पर्चे बाटे। पर्चे में13 नंबर लौह अयस्क खदान की लड़ाई आगे बढ़ाने तथा जल जंगल जमीन हमारा है।मनवा धरती मनवा राज की लड़ाई को ही आगे बढ़ाने की अपील करते इसे ही विश्व आदिवासी दिवस की सच्ची लड़ाई कहा है। पर्चे में नक्सलियों ने राज्य सरकार पर लौह अयस्क की खदानों को निजी हाथों में बेचने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सलियों के घर वापसी अभियान को फर्जी बताया है। आदिवासी को उसकी जमीन से बेदखल करने के लिये केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर भी एपीआए एनआरसी,सीएए को काला कानून बनाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।पर्चे में माओवादियों ने एनएमडीसी पर आरोप लगाते हुए पर्चे में लिखा है कि पिछले 54 सालों से अपार लोह अयस्क खनिज सम्पत्ति को खनन करके जापान,कोरिया, आदि साम्राज्यवाद देशों को कौड़ियों के दाम पर बेच रहा है। बैलाडीला की पहाड़ियों में 300 करोड़ टन से ज्यादा लोहा है।जिसका दोहन किया जा रहा है।पर आज भी यहां के आदिवासी विकास से कोसो दूर है।

## मुंबई में 1000 करोड़ की ड्रग्स बरामद

**मुंबई (एजेंसी)।** नवीं मुंबई पोर्ट पर अफगानिस्तान से भारत लाई गई नशे की बड़ी खेप को पकड़ी गई है।



करीब 1000 करोड़ रुपए की ड्रग्स को प्लास्टिक के पाइप में छिपाकर अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते लाया गया था। जिस पाइप में ड्रग्स को छिपाकर लाया गया था, उसे इस तरह से पेंट किया गया था कि वह बांस दिखे। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) और कस्टम विभाग के अधिकारियों ने जब ड्रग्स को पकड़ा तो तस्करों ने इसे आयुर्वेदिक दवा बताया। जब अधिकारियों ने इसे छिपाकर लाने के बारे में सवाल किया तो तस्करों ने बताया कि दवा खराब न हो। इसलिए ऐसा किया गया। हालांकि, जब अधिकारियों ने जांच की और सख्ती से पूछताछ की तो तस्करों ने ड्रग्स का खुलासा कर दिया।

# समर्थन मूल्य पर धान और मक्का खरीदी के लिए किसान पंजीयन 17 से 31 अक्टूबर तक

## खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री भगत अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी धान खरीदी के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक मंत्रालय(महानदी भवन) नवा रायपुर में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में गठित मंत्रि-मंडलीय उपसमिति में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, सहित केबिनेट मंत्री, मोहम्मद अकबार, प्रेमसाय सिंह टेकाम और उमेश पटेल शामिल हैं।

इस बैठक में धान व मक्का खरीदी के संबंध में नीतियाँ निर्धारित की गईं। जिसके अनुसार, आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी करने के लिए किसान पंजीयन की अवधि 17 अगस्त, 2020 से 31 अक्टूबर, 2020 तक निर्धारित की गई है। विगत खरीफ वर्ष 2019-20 में पंजीकृत किसान को खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के लिए पंजीकृत माने जाने का निर्णय लिया गया है एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2019-20 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे की जानकारी को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन कराया जावेगा। नये किसानों का पंजीयन तहसीलदार के माध्यम से किया जावेगा ।



खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में अनुमानित 85 लाख टन धान उपार्जन हेतु आवश्यक नये जूट बारदाने की व्यवस्था जूट कमिश्नर के माध्यम से की जा रही है। साथ ही आवश्यकतानुसार पुराने बारदाने की व्यवस्था गत वर्ष अनुसार पीडीएस के बारदाने, मिलर्स के पास बचत बारदाने एवं किसान के पास उपलब्ध जूट बारदाने से की जावेगी। पुराने बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उसकी दर 12 रूपये प्रति नग से बढ़ाकर 15 रूपये प्रति नग निर्धारित की गई है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ खरीफ वर्ष 2020-21 में किसान पंजीयन के दौरान पंजीकृत कराये गये धान के रकबे के आधार पर देय होगी।

पंजीकृत किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेचने पर भी पंजीकृत रकबे पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिलेगा।

# कंटेनमेंट जोन में अब पूरा एरिया नहीं सिर्फ घर ही होगा सील

- मंत्री रविंद्र चौबे बोले- वैसे तो पूरा शहर की करना पड़ जायेगा कंटेनमेंट
- आर्थिक गतिविधियां जारी रखना है जरूरी



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण में कंटेनमेंट जोन के नियम को लेकर बदलाव किया गया है। अब सिर्फ उसी घर को कंटेनमेंट जोन बनाया जायेगा। इस बाबत विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। पहले कोरोना वायरस मरीज मिलने पर 3 किलोमीटर का दायरा कंटेनमेंट जोन होता था। बाद में उसे संशोधित कर उस सड़क या मोहल्ले को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जाने लगा। बाद में कॉलोनी और बिल्डिंग को कंटेनमेंट जोन बनाया जाने लगा, लेकिन अब सिर्फ उसी घर को कंटेनमेंट जोन बनाया जायेगा।

सरकार के प्रवक्ता मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा है कि प्रदेश में अभी काफी पॉजेटिव मरीज हैं। अगर पूर्व निर्धारित मापदंड के अनुरूप अगर कंटेनमेंट जोन बनाया जाता तो पूरे प्रदेश को ही कंटेनमेंट जोन बनाना पड़ जायेगा।

मंत्री चौबे ने कहा कि प्रदेश सरकार कोरोना को लेकर बहुत चिंतित है। कोरोना से बचाव के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों का संचालन भी जरूरी है, इसलिए ये बदलाव किया गया है। प्रदेश में अभी 12 हजार से ज्यादा कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा पहुंच गया है, जिनमें से 3000 से ज्यादा मरीज अभी एक्टिव हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। रायपुर में भी कोरोना मरीजों का आंकड़ा 2500 से ज्यादा पहुंच गया है। बीते 15 दिनों से रायपुर में हर रोज सभी 28 शहरों की तुलना में सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। आंकड़ा 4 हजार पार हो चुका है। अब तक 43 मरीज (इनमें दूसरे इलाजों के इलाजरत मरीज भी हैं) अपनी जान गंवा चुके हैं। स्पष्ट है कि पूरा शहर कंटेनमेंट हो चुका है। यही वजह है कि कंटेनमेंट जोन का दायरा सिकुड़ते हुए एक घर तक सीमित कर दिया गया है।

## 100 फीसदी रिजल्ट के साथ डीपीईडी के छात्रों ने मारी बाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित छ्क्क्ष्ठ के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं. अपना रिजल्ट देखने के लिए आप अधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और परीक्षा परिणाम देख सकते हैं. माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव वी के गोयल ने यह जानकारी दी है।

# ट्यूशन पढ़ाने के नाम पर बच्ची के साथ टीचर ने किया बलात्कार

- परिजन की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज,शिक्षक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक मौलाना को गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग बच्ची को पढ़ाने आता था, इस दौरान सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से घिनोनी हरकत की। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। आरोपी का नाम मौलाना अरसद रहमानी (25) है जो मूलतः बिहार का रहने वाला है और यहां पर पंडरी, लक्ष्मी नगर मदरसा के पास रहता है। आरोपी 9 साल की पीड़िता को पढ़ाने के लिए आता था। घटना वाले दिन पीड़िता घर में अकेली थी, इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने रोते हुए इसकी पूरी जानकारी आपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों की शिकायत पर आरोपी को खम्हारडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाने में 376, पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# बसों का संचालन होगा या नहीं, संशय अभी भी बरकरार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोरोना काल के बीच बसों का संचालन होगा या नहीं ? इसे लेकर संशय अभी भी बरकरार है। क्योंकि परिवहन मंत्री अकबर के साथ बस संचालकों के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात जरूर की है, लेकिन इनकी मांगों पर ज्यादा कुछ सहमति नहीं बन पाई है. मंत्री अकबर ने अधिकारियों से चर्चा करने के बाद ही नजीते पर पहुंचने की बात कही हैं. इससे यह कन्फर्म हो गया कि अभी संचालक बसों को सड़कों पर दौड़ाने को तैयार नहीं है, जब तक की उनकी मांगे पूरी नहीं होगी, बसों का संचालन बंद रहेगा. ऐसे में बस में सफर करने वाले यात्रियों को कुछ दिन और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. हालांकि सड़कों पर ऑटो-रिक्सा चल रहीं हैं।



यातायात महासंघ के अध्यक्ष ने बताया कहा कि अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर परिवहन मंत्री अकबर से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की गई. साथ ही कुछ और भी 3 से 4 मांगे हैं, उन्हें भी उनके समक्ष रखा गया है. मंत्री ने हमें कहा है कि प?ोसी राज्यों से संबंधित दस्तावेज लाकर दीजिए. इस पर अधिकारियों और मुख्यमंत्री से चर्चा करने के बाद जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा. मुलाकात में कुछ भी ठोस नतीजा नहीं निकलने से संचालकों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक बसों का संचालन नहीं किया जाएगा. क्योंकि हम घर से पैसा लगाकर बसें नहीं चलाना चाहते हैं।

इस संबंध में परिवहन मंत्री मो. अकबर ने कहा कि सभी बस ऑपरेटर्स अपनी मांगों को लेकर मुलाकात करने आए थे. इस संबंध में उनसे कहा गया है कि पड़ोसी राज्यों से दस्तावेज लेकर आओ ताकि उसके समर्थन में विचार किया जा सके. जितनी कुछ इनकी मांगे हैं, चाहे बीमा को लेकर हो या केंद्र सरकार को पत्र लिखने को लेकर हो. उनकी सभी मांगों को सुना गया और परेशानियों को भी समझा गया. सभी बातों को ध्यान से सुनकर यह तय किया गया है कि उन्होंने जो भी मांग रखी है. उन मांगों को अधिकारियों के साथ बैठक कर हल निकाला जाएगा, जो भी निष्कर्ष निकलकर सामने आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### ये हैं बस ऑपरेटरों की मांगें

सितंबर 2020 से मार्च 2021 तक टैक्स में छूट प्रदान की जाए। डीजल के वैट टैक्स में 50 प्रतिशत तक की कटौती की जाए। फार्म के एवं फार्म एम की साल में दो माह की बाध्यता समाप्त की जाए। अन्य राज्यों में इसकी फीस 10 से 20 रुपये है, जबकि छतीसग? में 500 एवं एक हजार रुपये प्रतिमाह है.डीजल की बढ़ती कीमत के साथ यात्री किराया में वृद्धि की स्थाई नीति बनाई जाए।टोल टैक्स में छूट दी जाए। एक प्राधिकार के बनने से पहले जो काम आरटीओ द्वारा किया जाता था उसे दोबारा लागू किया जाए। स्लीपर कोच पर लगने वाले डबल टैक्स को समाप्त किया जाए। व्हीलबेस के आधार पर बैठक क्षमता को निर्धारित करना समाप्त किया जाए। भौतिक परीक्षण के आधार पर वाहन को पंजीकृत किया जाए, क्योंकि व्हीलबेस के आधार पर निर्धारित सीटें वाहन में लगाना नामुमकिन है।

# स्मार्ट सिटी के कोरोना योद्धाओं ने चलाया जागरूक अभियान

- विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने किये सेवा कार्य

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन के कलेक्टर के आदेश पर रायपुर ब्राइट फाउंडेशन संस्था ग्रीन आर्मी आफ रायपुर संस्था एवं छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सेन महासभा के सदस्यों ने कोरोना योद्धा के रूप में भनपुरी बाजार में लोगों को जन जागरूक अभियान चलाया । प्रगतिशील सेन समाज के द्वारा निःशुल्क मास्क का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला कलेक्टर एवं डॉ गौरव सिंह तथा आशीष मिश्रा के निर्देश पर,रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के प्रांतीय महासचिव एवं प्रगतिशील सेन महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष तथा ग्रीनार्मी गुढ़ियारी जोन अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर, के साथ, अशोक पांडे,चुन्नी लाल शर्मा,सौरभ टिपनीस, सौरभ मिश्रा,अमिताभ दुबे, हरिंदर सिंह, हिमांशु तिवारी ,प्रकाश दीवान, अनिल वर्मा आनंद देवांगन, डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर,नागेंद्र पांडे,कुंदन पांडे, कोमल राम सेन, प्रदीप गोविंद शितूत,राजेश सेन,रोहित सेन, रेहान खान, बृजेश सिंह,लक्ष्मण सेन,बुधारू सेन, भावेश सेन ,प्रकाश सेन, एवं ग्रीनार्मी संस्था के सदस्य इस सेवा कार्य में शामिल हुए, उक्त जानकारी संस्था के डॉ मनोज ठाकुर ने दी,।

# समूचे देश-विदेश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 12 को मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कृष्ण जन्म को लेकर अलग-अलग मान्यताएं हैं भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को जहां साधु-संत अपने तरीके मनाते हैं तो आम जनता इसको दूसरी तरह से मनाती है। मथुरा में ब्रज सहित समूचे देश और विदेश में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 12 अगस्त को मनाया जाएगा, वहीं नन्दगांव में एक दिन पूर्व इसका आयोजन किया जाएगा जहां पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कृष्ण का बचपन व्यतीत हुआ था. ब्रज के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाए जाने




के बावजूद कोरोना वायरस संकट के चलते इसे इस बार सार्वजनिक रूप नहीं दिया जाएगा. न ही इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान आदि मंदिरों में भक्तों को विशेष प्रसाद का वितरण किया जाएगा. नन्दगांव में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही 'खुशी के लड्डू' बांटे जाने की परम्परा भी नहीं निभाई जाएगी।' मंगलवार, 11 अगस्त को स्मार्त समुदाय के लोग जन्माष्टमी मनाएंगे। जबकि बुधवार, 12 अगस्त को उदया तिथि में वैष्णव जन के लोग जन्माष्टमी मनाएंगे। मथुरा और काशी में जितने भी मंदिर है, वहां 12 तारीख को ही जन्माष्टमी होगी। 11 अगस्त को सूर्योदय के बाद ही अष्टमी तिथि शुरू होगी. अष्टमी तिथि मंगलवार, 11 अगस्त सुबह 9.06 बजे से शुरू हो जाएगी. यह तिथि बुधवार, 12 अगस्त सुबह 11.16 मिनट तक रहेगी. वैष्णव जन्माष्टमी के लिए 12 अगस्त का शुभ मुहूर्त बताया गया है. बुधवार रात 12.05 बजे से 12.47 बजे तक बाल-गोपाल की पूजा-अर्चना की जा सकती है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का खास ध्यान रखा जाता है. जब ये दोनों योग आपस में मिलते हैं तो जयंती योग बनता है। दूसरे शब्दों में कहें तो सामान्य वर्ग के लोग 11 अगस्त को ही जन्माष्टमी मनाएंगे। जबकि वैष्णव, संन्यासी या बैरागी 12 अगस्त को जन्माष्टमी मनाएंगे।

## जनता का पैसा देश हित में लगे, कॉर्पोरेट लूट के लिए नहीं

# सेव इंडिया, सेव एलआईसी को लेकर बीमाकर्मियों का देशव्यापी प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में अपने परिजनों के साथ बीमाकर्मियों ने सेव इंडिया, सेव एलआईसी के नारे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. संगठन के राष्ट्रीय सहसचिव व मध्य क्षेत्र के महासचिव कामरेड धर्मराज महापात्र ने कहा कि देश की आम जनता का पैसा देश के हित में उपयोग करें, कॉरपोरेट लूट के लिए नहीं करें. वर्तमान केन्द्र सरकार देश के लिए सोने का अंडा देने वाली एलआईसी जैसे संस्थान पर भी निजी पूंजी की घुसपैठ के जरिए देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता को ही दांव पर लगा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एलआईसी की बोली जारी करने के पूर्व लेन देन सलाहकार के रूप में सरकार डिलायट टच और फाइनेंशियल सर्विसेस को इस कार्य के लिए नियुक्त करने जा रही है।

इस प्रक्रिया का विरोध करते हुए बीमा कर्मचारियों ने आज देश भर में अपने परिजनों के साथ विरोध दर्ज किया. मध्य क्षेत्र के रायपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, शहडोल, सतना, जबलपुर, बिलासपुर मंडलों सहित दोनों प्रदेश की 140 से अधिक शाखा इकाइयों में भी प्रदर्शन आयोजित किए गए. बीमा कर्मियों ने कोयला, रक्षा, बैंक सहित देश के सार्वजनिक उद्योग का निजीकरण का आत्मघाती फैसला वापस लेने, साधारण बीमा कंपनियों में विनिवेश रोकने, बीमा क्षेत्र में एफडीआई वृद्धि वापस लेने, बीमा प्रीमियम पर जीएसटी समाप्त करने, पेंशन क्षेत्र में एफडीआई रोकने, श्रम कानून में परिवर्तन वापस लेने की भी मांग की।




कामरेड महापात्र ने कहा कि एलआईसी ने देश के औद्योगिक विकास और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय भूमिका अदा की है, जो आज भी जारी है. पॉलिसी धारक की संख्या के मामले में देश के सबसे बड़े बीमाकर्ताओं के रूप में उभरने और विकास करना पूरी तरह से आंतरिक संसाधनों को पैदा करने के माध्यम से किया गया है. एलआईसी ने आज 32 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति का निर्माण किया है. यह विस्तार बीमा धारक के पैसे से हुए है अर्थात एलआईसी ने आपसी लाभ वाले समाज की तरह काम किया है. जिसकी एलआईसी के एक हिस्से को बाजार में बेचने का निर्णय लेते समय अनदेखी की जा रही है. सबसे ख़तरनाक बात यह है कि भारत सरकार जो इसकी अल्पसंख्यक हिस्से की मालिक है असली मालिक आम बीमा धारक है और उन बीमा धारकों की अनुमति के बगैर इसके हिस्से को बाजार में बेचने का कदम उठा रही है। जीवन बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण किया गया, तो उसका उद्देश्य था जनता की छोटी बचत को एकत्र कर देश के विकास के लिए दीर्घकाल निवेश जुटाना और आम जनता के वंचित तबके तक बीमा का विस्तार कर बीमा धारक को जोखिम की सुरक्षा के साथ उनके निवेश पर एक अच्छा लाभांश उपलब्ध कराना. एलआईसी ने इसे बखूबी निभाया. जनता का पैसा जनता के लिए की अवधारणा पर उसने काम किया, लेकिन सरकार द्वारा इसके हिस्से को बाजार में बेचने का निर्णय जो अंततः निजीकरण के रास्ते पर बढ़ने का कदम है, इससे यह उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा. उसका सामाजिक उद्देश्य बदलकर निजी शेयर धारकों को अधिकतम लाभ पहुंचाना हों जाएगा जो 40 करोड़ बीमा धारक या राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक होगा।

# हर घर को मिलेगा नल से जल : गुरु रूद्रकुमार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की मंशानुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर पेयजल व्यवस्था करने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार की विशेष पहल पर अब जल जीवन मिशन के कार्य नए अनुबंध दर पर किए जाएंगे। मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि राज्य में हर घर में नल से जल मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मिनीमाता अमृत धारा नलजल योजना के तहत प्रदेश के सभी 42 लाख परिवार को निःशुल्क नल कनेक्शन उपलब्ध होगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव की अध्यक्षता में बीते दिनों राज्य स्तरीय निविदा एवं क्रय समिति और वित्त विभाग के प्रतिनिधि की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। जिसमें रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से प्राप्त न्यूनतम दरों को औचित्य प्रतिपादित कर स्वीकृति की अनुशंसा की।

मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के लिए दर अनुबंध करने की कार्रवाई पूर्ण की गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 9485.60 करोड़ रुपए की लागत से उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, पाइपलाइन विस्तार कार्य, सिविल वर्क, घरेलू कनेक्शन, क्लोरिनेटर स्थापना एवं पावर पंप स्थापना के कार्य किए जाएंगे और इसके लिए राज्य में पहली बार मंत्रिमंडल के अनुमोदन उपरांत निविदाकारों से रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से दरें प्राप्त कर औचित्य दर प्रतिपादित की गई। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले पेयजल प्रदाय कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने में जहाँ मदद मिलेगी।

# वनाधिकार पत्र मिलने से वनांचल के अनेक परिवारों की संवरी जिन्दगी

## तोकापाल अनुविभाग के 11552 हितग्राहियों के खुशहाल जीवन एवं अतिरिक्त आय का बना जरिया

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के जनहितैषी निर्णय के फलस्वरूप वनभूमि में वर्षों से काबिज लोगों को वनाधिकार पत्र मिलने से बस्तर जिले के अनेक गरीब परिवारों की जिन्दगी संवर गई है। राज्य शासन की इस संवेदनशील निर्णय के कारण लंबे समय तक इस भूमि में काबिज होकर माटी महातारी सेवा कर अपने कुटूम्ब का भरण-पोषण कर रहे भूमि पुत्रों को आखिरकार जंगल जमीन का मालिकाना हक मिल ही गया है। जिससे वन भूमि के स्वामित्व को लेकर उनकी चिंता दूर हुई है, अब वे निश्चिंत होकर अपनी मेहनत से इस जमीन में सोना उगा रहे हैं।

इस योजना के फलस्वरूप बस्तर जिले के तोकापाल अनुविभाग के कुल 11 हजार 552 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र मिलने से यह जमीन उनके परिवार के लिए खुशहाल जीवन एवं अतिरिक्त आय का जरिया बन गया है। तोकापाल राजस्व अनुविभाग के अन्तर्गत तहसील तोकापाल में व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र के अन्तर्गत 2 हजार 719 एवं सामुदायिक वनाधिकार पत्र के अन्तर्गत 623 सहित विकासखण्ड में कुल 3 हजार 342 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र वितरित किया गया है। दरभा विकासखण्ड में व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र के अन्तर्गत 6 हजार 763 तथा सामुदायिक वनाधिकार पत्र के अनतर्गत 434 सहित कुल 7 हजार 197 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र वितरित किया गया है। इसी तरह बास्तानार विकासखण्ड में व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र के अन्तर्गत 734 एवं सामुदायिक वनाधिकार पत्र के अन्तर्गत 279 सहित विकासखण्ड में कुल 1 हजार 013 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र वितरित किया गया है। इस तरह से शासन के इस निर्णय के फलस्वरूप तोकापाल राजस्व अनुविभाग में कुल 11 हजार 552 हितग्राहियों को इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए इस योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने इसे किसान, मजदूर एवं जन हितैषी कदम बताया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। राज्य शासन के निर्णय के फलस्वरूप वनाधिकार पत्र मिलने से प्रसन्नचित जिले के तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम माड़वा के आदिवासी किसान गागरा, पूरन एवं रामसिंह ने कहा कि उन्हें इस जंगल जमीन का मालिकाना हक मिलने से उनके परिवार का वर्षों पूराना सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस जमीन के माध्यम से उन्हें सुखमय जीवन का सहारा मिल गया है। तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम करंजी के आदिवासी किसान त्रिलोचन ने कहा कि उनके परिवार के लिए वर्षों से काबिज इस जंगल जमीन का पट्टा मिलने से उसके परिवार की सबसे बड़ी चिंता दूर हुई है। तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम करंजी के आदिवासी महिला निरबत्ती ने कहा कि उनके लिए यह जंगल जमीन हर तरह से फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हम जैसे अनेक जरूरतमंद लोगों को इस जमीन का मालिकाना हक देकर सहारा प्रदान किया है।

# पत्रकार सुनील मिश्रा का पार्थिव शरीर पंचतत्व में हुआ विलीन





पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

सुनील मिश्रा के गाल और जबड़े के बीच एक छोटा सा गुठली हुआ था उसका आपरेशन जिला चिकित्सालय बीजापुर में कराने चार तारीख को भर्ती हुआ यहां उनका आपरेशन पांच तारीख को किया गया । डॉक्टर नागुलन के अनुसार आपरेशन होने के कुछ घंटों पश्चात उठकर बैठे और उनके सहधर्मिणी से खाने के लिए कुछ मांग और आपस में चर्चा कर रहे थे।

इस दरमियान अटैक आ गया जिसके बाद पुनः स्वास्थ्य में तमाम प्रयास के बावजूद भी सुधार नहीं हो सका । डॉक्टर नागुलन शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टरों की टीम ने बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन 09 अगस्त 2020, 12 बजे रात को मौत हो गई। इधर परिजनों को खबर लगते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई । इसके बाद पार्थिव शरीर को सबसे पहले उनके घर ले जाया गया । जहां सहधर्मिणी बिंदु मिश्रा अपने तीन बेटियां वह एक दुधमुंहे बालक संग पति के शव से लिपट कर विलाप करने लगी । इसके बाद वहां का पूरा माहौल गमगीन हो गया । इस दरमियान सबकी आंखें नम हो गई । इसके बाद पार्थिव शरीर को घर के आंगन में रखा गया। यहां रिश्तेदार एवं समस्त पत्रकारों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए । बारिश होने के कारण उनके पार्थिव शरीर को निवास घर से पिकअप में रख श्मशान घाट अंत्येष्टि में पहुंचे। जहां उनके छोटे भाई न`नम आंखों से मुखाग्नि दी। पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया । इस मौके पर जेसीसीजे के जिला अध्यक्ष सकनी चन्द्रैया,जमना सकनी,तत्कालीन बीजापुर बीईओ किशोर कुमार यादव,कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लालू राठौर,नगरपालिका वार्ड नंबर एक के पार्षद नंदकिशोर राणा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सतेंद्र पंथ, उपाध्यक्ष सुनील मशकोले, गणेश मिश्रा, सम्मैया पागे, पुष्पा रोकड़े, नितीन रोकड़े घनश्याम यादव,बसंत मामडीकार, रंजन दास, चेतन कपेवार, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, कुशल चोपड़ा, ईश्वर सोनी, रामचन्द्राम एलोरा संदीप कोंड्रा सहित अंत्येष्टि में पहुंचे लोग उपस्थित थे।

### दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जगदलपुर।** शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020-21 हेतु दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित छात्रों के प्रवेष प्रक्रिया 01 अगस्त से प्रारंभ हो रही है। यह प्रवेश प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलेगी, विद्यालय के अधीक्षक से प्राप्त जानकारी अनुसार इस विद्यालय में 06 से 16 वर्ष के दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यार्थी प्रवेष ले सकते हैं। शहर से 08 किलोमीटर से अधिक दूरी के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास एवं निःशुल्क भोजन की व्यवस्था है। दूरस्थ क्षेत्र में स्थित दिव्यांग विद्यार्थी-पालक द्वारा पंजीकृत डाक से भेजे गए आवेदन पत्र भी स्वीकार किए जाएंगे। प्रवेष हेतु आवष्यक जानकारी के लिए षिक्षक श्री हीरालाल परते का 9617044067 और उमा देवांगन 6266085335 के मोबाईल नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

# दो युवक-दो युवतियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

धुर नक्सल प्रभावित ग्राम माडगांव के दो युवक एवं दो युवतियों ने कोंडागांव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ( भा. पु. से. ) के समक्ष किया आत्मसमर्पण। चारों युवक/ युवतियों को बलपूर्वक गांव से ले गये थे. किसकोडो दलम के नक्सली कमांडर सुरजना; लखमू व अन्य। छत्तीसगढ़ शासन की नीतियों एवं विकास कार्य के प्रभाव से तथा क्षेत्र मे नक्सलियों का जनाधार एवं पकड़ कमजोर हुआ. इसलिए अब आम ग्रामीणों पर बलपूर्वक दबाव बनाकर नवयुवक एवं नवयुवतियों को जबरदस्ती अपने साथ शामिल करने का प्रयास कर रहे है।

.इसी प्रकार एक मामला थाना केशकाल क्षेत्र के नक्सल प्रभावित अंचल में बसे ग्राम माडगांव से भी सामने आया है. पिछले माह थाना केशकाल क्षेत्र के ग्राम माडगांव से दो युवक एवं दो युवतियों को बलपूर्वक धमका कर नक्सली दलम मे शामिल करने के उदेश्य से किसकोड़ो दलम के नक्सली ले गये थे. चारो युवक युवतियों ने नक्सलियों के विचारों से विमुख होकर एवं समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया तथा स्वयं अपने ग्राम माडगांव वापस आ गये. और 9अगस्त को ग्राम के अन्य रहवासियों की मदद से इन्हे कोंडागांव पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कराया गया।



पूछताछ के दौरान इन चारो ने खुलासा किया की इन चारो को गत माह 12जुलाई को ग्राम माडगांव से नक्सली किसकोड़ो कमांडर लखमू एवं अन्य सात नक्सली गांव से बलपूर्वक धमका कर अपने साथ ले गये थे तथा इस दौरान उन्हें नक्सलियों द्वारा हथियार चलाने बम बनांने एवं अन्य नक्सल सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया तथा जबरदस्ती अपने साथ घुमाकर इनके जेहन मे नक्सल सम्बंधित भड़काऊ वीडियो साहित्य इत्यादि के माध्यम से अपने साथ शामिल करने का प्रयास किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की नीतियों एवं विकास कार्यो से प्रभवित होकर इन नवजवानो ने नक्सलियों का साथ छोड़कर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का निर्णय लिया है. और आश्वासन दिया है की पुनः नक्सलियों का साथ नहीं देंगे तथा सभी अपने गांव मे रहकर गांव के विकास मे भागीदार बनेंगे पूछताछ मे कुछ अन्य महत्वपूर्ण नक्सल संबधी सूचनाएं भी दी गई है।

नक्सलियों की इस करतूत से यहाँ स्पष्ट है कि जिन ग्रामीण नवजवानों के हाथ मे नांगर या कलम होनी चाहिए और जिन्हें समाज की मुख्य धारा मे रहकर अपने गांव और अपने लोगों की बेहतर जीवन के लिए कार्य करना चाहिए.. नक्सली उन्हें धमका कर जबस्दस्ती हथियार पकड़ा कर अपने साथ शामिल करने की कोशिस कर रहे है।

इस मौके पर कोंडागांव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने नक्सलवाद की राह में भटके हुये साथियों से यहां अपील की है कि नक्सलवाद को किसी स्वरूप में शामिल होकर आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से लाभान्वित होवें।

इसी तारतम्य मे कोंडागांव पुलिस द्वारा दो युवक एवं दो युवतियों कुल चार निवासी माडगांव को उनके इस सराहनीय कदम हेतु प्रत्येक को दस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदाय की गयी है.. इस अभियान मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार साहू. के मार्गदर्शन मे अनुविभागिय अधिकार पुलिस केशकाल अमित पटेल. उप पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा थाना प्रभारी केशकाल भीमसेन यादव, थाना प्रभारी धनोरा रमेश शोरी एवं अन्य स्टॉफ भी सक्रिय भूमिका में रहे।

### समय-सीमा की बैठक आज

**कांकेर।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक कलेक्टर के.एल. चौहान की अध्यक्षता में 11 अगस्त को पूर्वान्ह 10.30 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

### चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर चौहान द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुए कांकेर तहसील के ग्राम सिलतरा के 3 वर्षीय विनायक गंगबेर की मधुमक्खी काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता हिरेश कुमार साहू और सुलोचना साहू के लिए चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किये हैं। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार कांकेर के माध्यम से किया जाएगा।

# नियम शर्तों के अधीन जिम संचालन की मिलेगी अनुमति

- कलेक्टर ने धारा 144 में संशोधन करते हुए जारी किये आदेश

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने हेतु कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में धारा 144 लागू किया गया है। राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में जिले में लागू धारा 144 को कलेक्टर सिंह ने संशोधित करते हुए व्यायाम शाला संचालन की अनुमति शर्तो के अधीन प्रदान की है, जिसके तहत् भारत सरकार द्वारा जारी एस.ओ.पी की शर्तो का पालन करना जिम के समस्त कर्मगचारियों एवं सदस्यों को अनिवार्य होगा। इसके साथ ही कर्मचारियों एवं सदस्यों के प्रवेश के पूर्व हाथ धोने हेतु साबुन एवं स्वच्छ पानी की व्यवस्था/सेनिटाइजर की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी जिम संचालक की होगी। जिम में आने वाले कर्मचारियों एवं सदस्यों के नाम एवं मोबाईल नंबर प्रतिदिन रजिस्टर में करने की जिम्मेदारी भी जिम संचालक की होगी, ताकि किसी व्यक्ति के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने पर कांटेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। किसी क्षेत्र के कंटेन्मेंट जोन घोषित होने की दशा में शासन द्वारा कंटेनमेंट जाने में केवल अत्यावश्यक सेवाओं की अनुमति होने के संबंध में जारी निर्देश प्रभावीं होंगे तथा अतिरिक्त अनुमति प्राप्त गतिविधियों को निश्पादित करने की अनुमति कंटेंनमेंट जोन में नहीं होगी।

# स्वच्छता दीदी घर-घर जाकर कर रहे कचरा एकत्रित

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमणकाल तथा बारिश के दौरान भी किरंदुल नगरपालिका के स्वच्छता दीदी,सफाई कर्मचारी द्वारा बेहतरीन सेवा दी जा रही है।

गौरतलब है किरंदुल में तेज हवा एवं बारिश के बीच भी स्व सहायता समूह के 32 स्वच्छता दीदियों द्वारा प्रातः 08 बजे से इस भंयकर महामारी के दौर में किरंदुल के प्रत्येक वार्डो के गली मोहल्ले स्थित घर घर जाकर कचरा एकत्रित करते है एवं उसका निपटारा के लिए स्वच्छता वाहन द्वारा कचरे को एसआरएलएम सेंटर भेजा जाता है।

# अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा पैसेंजर व्हीकल योजनान्तर्गत एक इकाई के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से 18 अगस्त तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। योजनान्तर्गत इकाई लागत 5 लाख 24 हजार रुपए है, उक्त इकाई लागत के लिए चयनित हितग्राही को 8 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

लाभान्वित हितग्राही को उक्त ऋण राशि की अदायगी 5 वर्ष अर्थात 60 समान किश्तों में करना होगा। योजना से लाभान्वित होने हेतु अर्हता आवेदक को जिले का मूल निवासी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदक का पारिवारिक वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों सहित ग्रामीण क्षेत्र की दशा में 98 हजार रुपए तथा शहरी क्षेत्र की स्थिति में एक लााख 20 हजार रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए। वाहन हेतु आवेदक को वैध ड्रायव्हिंग लायसेंसधारी होना अनिवार्य है।

### जिले में कोरोना का आंकड़ा पहुंचा शतक, प्रभावित जगह को कन्टेंमेंट जोन घोषित

# एसबीआई बैक कर्मचारी समेत तीन कोरोना मरीज

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिले में कोरोना मरीजों की संख्या कुल 108 पहुंच चुकी है जिसमें 77 मरीज ठीक होकर अपने घर पहुंच चुके है। वही एक ही दिन में तीन नागरिक कोरोना पाजिटिव मिलने से हड़कप मंच गया हैं। इधर प्रशासन प्रभावित इलाकों को कंटेमेंट जोन घोषित कर पीड़ितों को अस्पताल ले जाया जा रहा है जहां उपचार किया जा रहा है।

सोमवार को जिला मुख्यालय समेत कोंटा में तीन कोरोना पाजिटिव मरीज मिलने से लोगो में चिंता बढ़ गई है। कोंटा में एसबीआई बैक का कर्मचारी व जिला मुख्यालय में दो आम नागरिक कोरोना पाजिटिव मिले है। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने उन मरीजों की हिस्ट्री निकालने व पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने का काम कर रही है। सीएमएचओ डा. सीवी बंसोड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कोरोना मरीजों की संख्या कुल 108 हो गई है। जिसमें 77 मरीज ठीक होकर वापस अपने घर चले गए है। वही कोरोना की जांच को और तेज कर दी गई है। कोंटा, छिन्दगढ़, दोरनापाल व सुकमा में लगातार मरीजों की रेपिड एंटीगेन टेस्ट जांच हो रही है।

**कंटेमेंट जोन घोषित :** एसडीएम नभ एल स्माईल ने बताया कि प्रशासन लगातार कोरोना मरीजो के संपर्क मे आने वालों का पता लगाकर जांच करवा रही है। साथ ही जिला मुख्यालय में दो कंटेमेंट जोन, कोंटा में दो कंटेमेंट जोन, केरलापाल व छिन्दगढ़ में एक-एक कंटेमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा सीआरपीएफ के क्वारटाईन सेंटरों को कंटेमेंट जाने घोषित कर दिया गया है।

कोरोना संक्रमण को लेकर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम बेहतर काम कर रही है। जिले में कोरोना जांच और तेज कर दी गई है। तीनों ब्लाक में जांच की जा रही हैं। लोगो से अपील है कि घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन किसी में भी कोरोना के लक्षण दिखाई दे तो तत्काल जांच करवाएं। घर पर रहित सर्तक रहित। साथ ही मास्क के बगैर घर से बाहर ना निकले और सोशल डिस्टेंस का पालन करे। शासन-प्रशासन की गाईड लाईन का पालन करे और सहयोग प्रदान करे।



**- चंदन कुमार,**
कलेक्टर सुकमा

# बस्तर जिले में केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से लाइव कक्षाएं

## 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए लाइव क्लास होगी संचालित

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा विभाग द्वारा पढ़ाई तुहार दुआर कार्यक्रम अन्तर्गत बस्तर जिले में केबल टी.वी. नेटवर्क के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को लाइव कक्षाएं 10 अगस्त से संचालित हो गई है। जिसके अन्तर्गत बस्तर जिले में विभिन्न विषयों के अध्यापकों द्वारा विशेष रूप से भौतिकी, गणित अंग्रेजी, हिन्दी एवं विज्ञान विषय पर प्रति सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक कक्षाएं संचालित की जाएगी जिसे बच्चे अपने-अपने घरों में केबल टी.वी के माध्यम से अध्यापन का लाभ ले सकेंगे।

इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु ए विजन चैनल क्र. 91 के माध्यम से विषयों के

**पढ़ाई तुहार दुआर**

अध्यापकों द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा के विभिन्न विषयों के अध्यापन आरम्भ किया जा रहा है, जिसका प्रसारण सोमवार 10 अगस्त से समस्त नगरीय क्षेत्रों में आरम्भ किया जाएगा, जिसकी विस्तृत रूपरेखा विषय व कक्षावार टाईम टेबल पूर्व से ही समस्त प्राचार्यों को दे दी गई है। बस्तर जिले से केबल टी.वी के माध्यम से करोना काल में शिक्षा के नियमित अध्यापन हेतु यह अभिनव प्रयोग कलेक्टर श्री बंसल एवं जिला शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में प्रारम्भ किया जा रहा है।

जिसमें कक्षा 12वीं हेतु प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक 45 मिनट के प्रत्येक विषयों की कक्षाएं संचालित होंगी। इसी प्रकार 12.00 बजे से 02.00 बजे तक कक्षा 10वीं के सभी विषयों की कक्षाएंए विजन चैनल एवं विषय अध्यापकों के सक्रिय सहभागिता के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

# विश्व आदिवासी दिवस पर 1677 वनवासियों को मिला वन अधिकार पत्र

## जिले में अब तक 9994 वन अधिकार पत्र वितरित





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वन एवं परिवहन विभाग के संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने आज जिला कार्यालय में जिले के 1 हजार 677 लोगों को वन अधिकार पत्र वितरण कार्य का शुभारंभ किया। ये वही लोग हैं, जिनके दावे को पूर्व में अस्वीकार कर दिया गया था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर उनके अस्वीकृत दावों का फिर से विचार कर पट्टा प्रदान किया गया है। इन्हें मिलाकर जिले में अब तक 9 हजार 994 व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किये जा चुके हैं।

संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक राय ने यहां जिला कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राजधानी रायपुर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर संसदीय सचिव राय ने यहां कसडोल विकासखण्ड के 7 आदिवासी किसानों को पट्टा बांटकर वितरण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुनील कुमार जैन, जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्दिकी, डीएफओ आलोक तिवारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आर.एस भोई भी उपस्थित थे।संसदीय सचिव ने वनवासियों को अधिकार पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अधिकार पत्र मिलने से आदिवासी अब इन जमीन के मालिक बन गए हैं। उन्हें खेती करने के लिए खाद-बीज मिलेगा। भूमि सुधार सहित तमाम विकास योजनाओं का फायदा उन्हें मिलना सुनिश्चित हो गया है।

सहायक आयुक्त भोई ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि पूर्व में निरस्त किये गए 6 हजार 23 दावों पर फिर से विचार किया गया। इनमें से 1 हजार 677 व्यक्तिगत प्रकरणों में 1 हजार 671 हेक्टेयर का पत्ता प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके पहले के वर्षों में 8 हजार 102 वनवासियों को 8 हजार 34 हेक्टेयर भूमि का वितरण किया जा चुका है। पूर्व के वर्षों में 215 सामुदायिक वन अधिकार पत्र भी बांटे गए हैं। फिलहाल 245 सामुदायिक दावों के परीक्षण का कार्य सम्बन्धित ग्राम सभा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज वितरित किये गए वन अधिकार पत्रों में कसडोल विकासखण्ड के ग्राम चरोदा ब, गबोद, अमगांव, लोरितखार, बार, मोहन्दा, ढेबा, हरदी, अकलतरा, देवगांव, फड़राडीह, दलदली, कोसमसरा, चांदन, नवागांव, राजा देवरी, बिलारी, देवतराई और गोला झर के हितग्राही शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन 1677 हितग्राहियों में 1 हजार 38 आदिवासी और 639 अन्य परंपरागत जातियों के वनवासी शामिल हैं।

## विश्व आदिवासी दिवस पर समाज ने पूजा अर्चना कर वृक्षारोपण किया





जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन आदिवासी मंगल भवन मे किया गया । समाज के प्रबुद्ध लोगों ने अपने आराध्य बूढ़ा देव सहित अन्य देवों की पूजा अर्चना कर आदिवासी दिवस को मनाया। इस कार्यक्रम में नवपदस्थ जिला शिक्षाअधिकारी सी एस ध्रुव का गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन भी किया गया।

विश्व आदिवासी दिवस के तत्वावधान मे स्थानीय मंगल भवन आदिवासी समाज के सभी लोग उपस्थित होकर आदिवासी दिवस के अवसर पर अपनी बाते रखी और समाज के उत्थान के लिए एक होकर साथ चलने की बात कही इस अवसर पर समाज के नेताओ के द्वारा यह बताया गया कि आज की तारीख को युनेस्को के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के रूपमे पूरे विश्वभर मे मनाये जाने की शुरूवात की गयी थी इसी परंपरा के निर्वहन मे छत्तीसगढ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक के तत्वावधान में प्रबुद्ध आदिवासी समाज के बीच उत्साह पूर्वक मनाया गया । इसी कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सी एस ध्रुव को समाज के द्वारा पुष्पाहार से उनका स्वागत एवं अभिनंदन भी किया गया । समाज की ओर सामजिक एकता को लेकर विचार विमर्श भी समाज के लोगो के लोगो द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगो ने मंगल भवन प्रांगण मे वृक्षारोपण भी किया । जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भी मंगल भवन जाकर विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शिरकत की । आदिवासी समाज के लोगो को इस अवसर पर उन्होंने बधाई दी । कांग्रेस जनप्रतिनिधियों में जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिलापंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा, संदीप साहू, मनोज प्रजापति प्रमुख रूप से उपस्थित थे । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीराम मरकाम, महासचिव हीरालाल पैकरा, जिलासचिव आर के कुंजाम, सुरेश पैकरा, कसडोल के अध्यक्ष जयलाल पैकरा, सहसचिव श्याम ध्रुव , बलौदाबाजार शहर अध्यक्ष मनोज कुमार पैकरा, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार ध्रुव, पीलाराम ध्रुव, वेदप्रकाश ध्रुव, रोहित कुमार ध्रुव, सनीराम मरावी, राजेन्द्र पैकरा, प्रहलाद ठाकुर, सुरेश कुमार ध्रुव, प्रेमशंकर ध्रुव, चोवाराम ध्रुव, इसी कार्यक्रम में महिलाओं की ओर से गौरी मरकाम, अमरबाई पैकर, यामिनी मरकाम, दुर्गा मरकाम सहित समाज के युवा सदस्य रमेश कुमार ध्रुव, भगवान सिह ध्रुव, वेद ध्रुव, हेमंत ठाकुर, अनुज मंडावी, राजेश मरकाम सहित बड़ी संख्या मे आदिवासी बंधु शामिल थे।

## महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए हलषष्ठी व्रत रखा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

संतान की दीर्घायु व लंबी आयु के लिए नगर सहित ग्रामीणों अंचलो के महिलाओं ने हलषष्ठी की व्रत रखी। तिल्दा नेवरा के ग्राम सासाहोली, बिलाड़ी व समीपस्थ ग्राम कोहका में माताओं ने अपने संतान की लंबी उम्र की कामना कर हलषष्ठी का व्रत माताओं ने दिन भर निर्जला व्रत रखकर अपने घरो के सामने या चौक में दो गड्ढे खोदकर पुरोहित महराज द्वारा विधिव्रत पूजा की गयी हलष्ठी उपवास में भैंस का दूध दही धी भूना हुआ महुआ चना गेहूं और लाई से भगवान शिव पार्वती व बछड़ा सहित शिवलिंग लपेटे नागदेव नाव कछुआ डालकर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया।

मान्यता है कि सबसे पहले भगवान श्री कृष्ण ने परीक्षित की प्राण रक्षा के लिए उत्तरा को कथा सुनाया था तब से व्रती माताएं अपने बच्चों के कुशल मंगल कामना के लिए हलषष्ठी व्रत रखती हैं।

इस समय कोरोना महामारी के चलते उपवास रहने वाली महिलाओं में खासा उत्साह नही देखा गया इसके बाद भी मताओं ने अपने संतान की स्वाथ्य व लबी उम्र के लिए उपवास रखी हलष्ठी का पुजा पाठ के बाद उपवास तोड़ने के लिए घरों में बने पसहर चावल, दही,सात प्रकार की भाजी, खाकर अपनी उपवास तोड़ी इस अवसर पर चम्पा बाई, अनुसुइया बाई, सरोज जायसवाल, अंजू जायसवाल, पिकी, कान्ति, प्रिया, अंजनी, रानी, काफी संख्या में महिलाएं हलषष्ठी व्रत पूजन में शामिल हुए।पूजन पण्डित विनोद अवस्थी ने कराया। कोरोना के चलते पूरी सावधानी पूर्वक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये पूजा किया गया।

## कांग्रेस ने भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित की

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



क्रांतिदिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों ने भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके अलावा विश्व आदिवासी दिवस की बधाई प्रेषित किया गया ।

जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के तत्वावधान में स्थानीय जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसजन ने भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानियों के छाया चित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर भारत छोड़ो आंदोलन के देशव्यापी ऐतिहासिक सफलता पर विचार व्यक्त किया गया ।उपस्थित कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेन्द शर्मा,जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ,पूर्व अध्यक्ष द्वय दिनेश यदु ,विद्याभूषण शुक्ला,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ,किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वैष्णव ने संबोधित करते हुए बताया कि भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव मुम्बई अधिवेशन में प्रस्तावित किया गया था । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर 9 अगस्त 1942को प्रारंभ हुआ देश के कोने कोने से लाखो लोग इस आंदोलन में जुड़े,जिनका उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत को भारत देश से समाप्त करना था ।पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए यह आंदोलन ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की और देश आजाद हुआ ।तत्पश्चात कांग्रेसजनो द्वारा नगर स्थित गोंडवाना भवन पहुँच पूजा अर्चना कर उपस्थित आदिवासी समाज के नेताओं को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दिया गया।उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगो मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय तुलसी राम वर्मा ,रूपेश ठाकुर,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल ,संदीप पांडेय ,विक्रम गिरी,गोपी साहू ,कमलेश गर्ग ,आर्यन शुक्ला,रामचंद्र पटेल ,संतोष यादव,सुखदेव साहू ,मनोज प्रजापति ,संदीप साहू पार्षदगण गोविंद पात्रे ,गोल्डी मररया ,गौतम ठेठवार,दिगंबर साहू, रविन्द्र नामदेव, हेमचंद केसरवानी ,सुभाष राव ,आसिफ अली, देवेंद्र बंजारे, दीपक साहू ,ओमशंकर साहू ,सूरज सोनी ,शास्वत यादव ,सलमान शेख,गब्बर सोनी, भावेश वर्मा पिंटू वर्मा,मयंक पंजवानी ,विशाल डोंगरे ,ऋषि साहू ,लक्ष्मी गुप्ता, शकुंतला बघमार, धनञ्जय बघमार,चंद्रप्रकाश वर्मा आदि शामिल थे ।

## पूर्व विधायक जांगड़े का जन्मदिन कार्यालय में मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में पूर्व विधायक एव जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. सनम जांगड़े का जन्मदिन सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में सादगी पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने सभी वरिष्ठजनों से आशिर्वाद प्राप्त किया साथ ही इस शुभ अवसर पर डॉ. जांगड़े जी को सभी राजनीतिकदलो, सामाजिक संगठनो के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने जन्म दिन की बधाई प्रेषित की। इस तरह भाजपा कार्यालय एव निज निवास बलौदाबाजार में जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। डॉ. जांगड़े ने सभी शुभचिंतको का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहाकि इस जन्म दिन पर सभी लोगों के आशिर्वाद स्नेह एवं अभूतपूर्व प्रेम के लिए सहृदय आभारी हूँ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, वरिष्ठ भाजपा नेता टेसूलाल धुरंधर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा, नपा अध्यक्ष चितावर जायसवाल, जिलाध्यक्ष साहू संघ धनंजय साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा,जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी,वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, जिलामंत्री कृष्णा अवस्थी, लखेपाल जायसवाल, जिला मीडिया प्रमुख भाजपा रितेश श्रीवास्तव, आईटी सेल संयोजक नेतरंजन निर्मलकर, डोमन वर्मा, शशिभूषण शुक्ला,भाजपा नेता योगेश वर्मा,आलोकअग्रवाल, पुरूषोत्मसोनी, जितेन्द्र खुंटे, परेश वैष्णव, सविता साहू, राहूल सोनी, प्रणम्य पाण्डेय, अनुपम बाजपेयी, हेमंत बघमार, पवन वर्मा, प्रणव अवस्थी, संकेतवर्मा, सत्याकोसले, विकास अग्रवाल, अभिषेक तिवारी, सुरेश पंजवानी, राहुल साहू,गौतम यादव, अमन तिवारी, विकास गुप्ता, वासु ठाकुर, कृष्णा द्विवेदी, अंसु ताम्रकार,गौतम चौहान, शन्नी चौहान, भीषम कश्यप, अजय गर्ग, धीरज मिश्रा, सनकुमार साहू, मुकेश जायसवाल, भीम कन्नौजे, पप्पु साहू, आर्यन महिलांगे, टेसू जायसवाल, भूनेश्वर ध्रुव, सुनील यादव सहित समस्त मंडलों से भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जुगाड़ चौंकी में स्पंदन कार्यक्रम आयोजित

### मानसिक तनाव दूर करने एएसआई ने दिया पुलिस जवानों को टिप्स

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले के नक्सल प्रभावित जुगाड़ थाना परिसर में रविवार को पुलिस अधीक्षक गरियाबंद भोजराम पटेल के मार्ग निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर एवं एसडीओपी पुलिस रूपेश डाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुमान पोया द्वारा स्पंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस जवानो की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना तथा डयूटी के दौरान जनता के बीच पुलिस की छवि को कैसे बेहतर बनाया जाए इस पर चर्चा किया गया और जवानो को मानसिक तनाव दूर करने आवश्यक टिप्स भी दिये गये। एएसआई सुमान पोया ने पुलिस जवानो से जनता के साथ मैत्रीपूर्ण व्यव्हार करने, शालीनता से व्यवहार करने एवं कोरोना के इस आपदा काल मे संक्रमण से बचने व सावधानियां बरतने कहा गया। इस दौरान सभी पुलिस जवानों ने पुलिस परिवारो के हित मे शहरो की तर्ज पर बच्चो को अच्छी शिक्षा व पुलिस परिवारों को अच्छे स्वास्थ्य का लाभ दिये जाने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। इस मौके पर पुलिस जवान गणेश साहू , रवि सिदार , आनंद महिलांगे , पवन मरकाम, अरविंद मराव, कैलाश कंवर उपस्थित थे।

## लॉकडाउन खुले चार दिन हो गए है, लेकिन अभी तक बसों का संचालन नहीं हो पाया शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

### 10 दिन चली बसें, मांग रहे पूरे महीने का टैक्स

ऑपरेटरों ने बताया कि जुलाई महीने में 2 तारीख को संचालन का आदेश मिला। 6 जुलाई से बसों का संचालन शुरू हुआ। कोरोना सं मण के कारण तीन दिन बिना यात्रियों के बसों को प्रचार-प्रसार के लिए सड़कों पर दौड़ाया गया। इसके बाद कुछ यात्री बसों में यात्रा करने लगे, लेकिन फिर से 15 दिन बाद लॉकडाउन हो गया और सभी बसें बसें स्टैंड में खड़ी हो गई। सडकों पर केवल 10 दिन ही बसें चली है, जिसका महीनेभर का टैक्स जमा करने के लिए कहां जा रहा है।

लॉकडाउन खुले चार दिन हो गए है, लेकिन अभी तक बसों के संचालन को लेकर स्थिति क्लीयर नहीं हुई है। बस ऑपरेटर सात सूत्रीय अपने मांगों को लेकर अड़े हुए है। वहीं शासन भी आपरेटरों की मांगों पर विचार नहीं कर रहा है।

कोरोना संक्रमण के चलते बसें बंद होने के बाद से अभी तक सहीं ढंग से नहीं चली है। इधर, प्रतिदिन आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें दुपहिया वाहन का सहारा लेना पड़ रहा है। वर्तमान समय में बारिश के चलते दुपहिया वाहन चालकों आवागमन करने में परेशानी हो रही है। साथ ही सामने तीज का त्यौहार। हालांकि इस बार कोरोना के कारण घर बेटियां तीज मनाने के लिए अपने मायके नहीं आ पाएगी। कोरोना का संक्रमण बढ़ते जा रहा है। आए दिन चार से पांच पॉजिटिव केस मिल रहे हैं, जिसके कारण लोग इस बार अपने बेंटियों को मायके आने से मना कर रहे हैं। वहीं गांवों में कोटवार मुनादी कर बेटियों को लाने व बहुओं को मायके भेजने के लिए मना कर रहा है। वहीं आवागमन का सबसे अच्छा साधन बस भी इस बार सड़कों में नहीं दौड़ रही है। जब तक उनकी मांगे शासन नहीं मानेगी तब, तक अनिश्चितकालीन तक बसों के पहिए थम जाएंगे। बस ऑपरेटर संघ के जिलाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने बताया कि पूर्व में शासन के आश्वासन पर बसों को सड़कों पर चला कर स्थिति देख लिए हैं। यात्रियों का टोटा होने के कारण जेब से रूपये खर्च करना पड़ रहा था।

## रिसदा में आगमन पर महंत का जोरदार स्वागत



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राज श्री राम सुंदर दास का रिसदा में आगमन हुआ । महंत का जोरदार स्वागत किया गया महंत रामसुंदर दास जी ने कहा हमारे वैष्णव समाज के एवं मेरे सम्माननीय सुरेंद्र कुमार जी वैष्णव से आशीर्वाद प्राप्त करने आया हूं राम सुंदर दास के आगमन के समय छत्तीसगढ़ राज्य कृषि कल्याण आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा महंत जी के मीडिया प्रभारी निर्मल दास जी वैष्णव राकेश वैष्णव छवि श्याम दुबे राजेश वैष्णव रामचंद्र पटेल दिनेश वैष्णव सरपंच जितेंद्र क खूंटे कृष्ण अवस्थी अविनाश वैष्णव प्रेश वैष्णव गणेश शंकर साहू पवन कश्यप राहुल सोनी एवं कई गांव के लोग उपस्थित थे।

## हरदी के युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश



■ विधायक चंद्रदेव रॉय के विकास कार्यों से हुए प्रभावित

पायनियर संवाददाता ◄ सरसीवां
www.dailypioneer.com

सोमवार को विधायक गृहग्राम कार्यालय बालपुर में संसदीय सचिव (राज्यमंत्री) चंद्रदेव राय के नेतृत्व,कुशलता, सक्रियता, क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यो एवं छ. ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर ग्राम हरदी (गिरसा)के युवा साथियों ने कांग्रेस प्रवेश किया ।

इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री रॉय ने कांग्रेस पार्टी के रीतिनीति के अनुरूप पार्टी का गमछा पहनाकर सभी युवाओं को कांग्रेस परिवार में ससम्मान प्रवेश दिलाया । आज प्रमुख रूप से मुकेश खूंटे,प्रकाश खूंटे, खेम खूंटे, राजेश खूंटे, ललित खूंटे, लखन खूंटे, राकेश खूंटे, दिलीप यादव, जीतेन्द्र खुंटे सहित दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष बिलाईगढ़ द्वारिका देवांगन ,हेमंत दुबे,प्रदेश समन्वयक अनु.जाति विभाग मुंद्रिका राय , इस्माइल खान, दयाराम साहू, चंद्रिका राय, शुभम दुबे, बिलाईगढ़ सोसायटी अध्यक्ष कार्तिकेश्वर जायसवाल, धनेश्वर सागर एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

# तेज रफ्तार सूमों अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और खड़े ट्रक के पीछे जा घुसा

## सवार 4 की मौके पर मौत

## इस हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद किया रायपुर रेफर

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय राजमार्ग-53 ग्राम टेका के पास तेज रफ्तार टाटा सूमो क्रमांक डब्ल्यूबी 60 जे 5598 अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएल 6117 के पीछे घुस गई। जिससे सूमों में सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांचों को रायपुर रेफर कर दिया गया। सूमो इतनी तेज रफ्तार में थी कि उसके आगे का हिस्सा पूरा ट्रक के पीछे घुस गया।

जिससे सामने में बैठे लोगों चिपक गए थे। घटना रविवार रात दो बजे की बताई जा रही है। सूमो में सवार सभी पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के निवासी थे। थाना प्रभारी एन के स्वर्णकार ने बताया कि ढ़ाई बजे सूचना मिली कि एनएच-53 ग्राम टेका राजू ढाबा के पास एक टाटा सूमो खड़े ट्रक के पीछे घुस गई है। इसमें 10 से 12 लोग सवार है। सूचना पर मौके के स्थल पर पहुंचे तो देखा कि सूमो का आगे हिस्सा पूरी तरफट्रक के पीछे घुस गया था। इसके बाद सामने बैठे दो लोगों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकला वहीं चालक पूरी तरह चिपक गया था। कार में अन्य सवार लोगों को वाहनों के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि शवों व घायलों को बाहर निकाल ही रहे थे कि उसके साथी अन्य वाहन से आ पहुंचे। उनकी मदद से सभी को बाहर निकाला गया। इस हादसे में भारत रविवादास, मिथुल सिन्हा, समल सिन्हा एवं विजय सिन्हा की मौत हो गई है।

### लॉकडाउन खुलने के बाद मजदूरी करने जा रहे थे भंडारा महाराष्ट्र

थाना प्रभारी ने बताया कि ये लोग तीन वाहन से पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से निकले थे। तीनों वाहन में करीब 24 लोग सवार थे। ये लोग मजदूरी करते हैं, जो लॉकडाउन के बाद अपने प्रदेश पश्चिम बंगाल चले गए थे। लॉकडाउन खुला तो ये फिर से काम करने महाराष्ट्र के भंडारा जिले के ग्राम मुड़माड़ी जा रहे थे। ये सभी वहां नहर निर्माण में मजदूरी का काम करते है। ठेकेदार द्वारा वापस बुलाने पर काम के लिए जा रहे थे। ये सभी तीन वाहनों में पश्चिम बंगाल से भंडारा के लिए निकले थे। इनके वाहन की दूरी एक दूसरे के वाहन से पांच व दस किलोमीटर की दूरी का फासला था। टाटा सूमो में 9लोग सवार थे। जैसे ही सूमो टेका के पास पहुंची, चालक कृष्णा सिंह को झपकी आ गई और वाहन डिवायडर से टकरा गई।

### सरायपाली में स्कूटी सीखने निकली युवती की अज्ञात वाहन की ठोकर से मौत

सरायपाली के एनएच 53 में सुबह स्कूटी सीखने निकली चंद्रपुर निवासी नम्रता सोनी पिता रामप्रसाद सोनी (21) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह करीब एक सप्ताह पूर्व मृतका अपने जीजा सरायपाली निवासी सुनील व अनिल बंजारे के घर घूमने आई थी। जो पिछले चार-पांच दिनों से रोज सुबह स्कूटी सीखने हाईवे में जाती थी। रोजाना की तरह रविवार को भी वह हाईवे में स्कूटी चला रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### आवाज सुनकर पहुंचे ढाबा के लोग

घटना स्थल के पास एक ढाबा है, जहां रात्रि में ट्रक चालक व अन्य लोग भोजन व चाय पी रहे थे। ढ़ाई बजे के बीच तेज रफ्तार सूमो खड़े ट्रक के पीछे से घुस गई और सवार लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया। इन लोगों की आवास सुनकर ढाबे के लोग घटना स्थल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुहंची पुलिस व आसपास के लोगों की मदद से फंसे लोगों को निकाल रही थी, उसी समय पीछे से घायलों के साथी का वाहन पहुंचा। इसके बाद सभी के मदद से घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए।

# अर्नब गोस्वामी ने किया है ढाई करोड़ छत्तीसगढ़ियों का अपमान: निर्वाणी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एक निजी चैनल के संपादक और पत्रकार अर्नब गोश्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने इंटुक के पूर्व राष्ट्रीय सचिव डॉ सौरभ निर्वाणी अपने साथियों सहित जिला मुख्यालय में एस पी कार्यालय एफ आई आर कराने पहुंचे,डॉ निर्वाणी ने कहा कि भूपेश बघेल छतीसगढ़ के निर्वाचित विधान सभा के मुख्यमंत्री हैं, अर्नब गोश्वामी ने जिस तरह की अभद्र भाषा और शैली का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के खिलाफ किया है वह घोर आपत्तिजनक है। उनकी शैली से आभाष होता है वह किसी बड़े राजनैतिक प्रश्रय पाकर ही यह सब कह पा रहे हैं, पत्रकारों का धर्म है सत्तासीन लोगों के, राजनैतिक नेताओं के कार्यो का मूल्यांकन कर आलोचना या प्रशंसा करना, पर जिस तरीके से उन्होंने और जिस लहजे में भूपेश बघेल को संबोधन किया है साथ ही साथ अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ भी विषवमन किया है यह किसी जिम्मेदार पत्रकारों की भाषा नहीं है, विपक्ष भी कभी इतना अमर्यादित शैली पर उतारू नहीं होता,अगर ऐसे लोगों पर जो पत्रकारिता की ओट लेकर किसी राज्य के मुख्यमंत्री के छवि पर प्रहार करें,उनके लिए निहायत ही सड़ंक छाप शब्दों का इस्तेमाल करे, और कार्यवाही न हो तो लोकतंत्र में गलत परम्परा की शुरुवात होगी, हम गांधी के देश मे रहते हैं, लोकतंत्र में हमारा विश्वास है, राम हमारे राष्ट्रीय आदर्श हैं ,अर्नब गोश्वामी के खिलाफ कानून के तहत कार्यवाही की जाए,

नवागढ़ जनपद उपाध्यक्ष रितेश शर्मा ने कहा कि अर्नब का सही स्थान अब या तो कारावास है या उन्हें मानसिक रोगियों के श्रेणी का मानकर उनका उपचार करवाया जाए।

### भूपेश बघेल ढाई करोड़ छत्तीसगढ़ियों का स्वाभिमान

अर्नब ने अपने बयान से छत्तीसगढ़ी जन और मन का अपमान किया है, डॉ निर्वाणी ने एस पी दिव्यांग पटेल को अर्नब गोश्वामी के वीडियो क्लिप को भी सौंपा है, उनके साथ असंगठित कामगार मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अश्वनी जोशी,अरमान साहू,रोशन तिवारी,सुनील वर्मा,अखिलेश मिश्र,सुखराम साहू,मनोज कुमार देहरे,गोलू यादव भी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### आदिवासी विश्व आदिवासी दिवस पर प्रतिभावन छात्राएं सम्मानित

**बेमेतरा।** जिला पंचायत सीईओ रीता यादव एवं अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान ने विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर कल रविवार को जिला पंचायत परिसर मे बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अनुसुचित जनजाति की चार बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, और उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सम्मानित होने वाली छात्राओं मे कक्षा 10वीं की कु. पुष्पा शासकीय हाईस्कूल निनवा एवं कु. डाली रानी शा.उ.मा.वि. देवरबीजा, कु. दामिनी नेताम कक्षा 12वीं एकेडमिक वर्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा एवं कुमार प्रीति पैकरा एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा शामिल है।

### 3 पुलिसकर्मियों सहित 11 कोरोना पॉजिटिव

**अंबिकापुर।** बलरामपुर के अलग अलग जगहों पर 7 कोरोना पॉजिटिव मिले। इसमे तीन पुलिस कर्मी भी शामिल है। 7 पॉजिटिव मिलने के बाद थाना सहित सभी जगहों पर स्वास्थ्य अमले द्वारा सैम्पल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दिए है।

## निधन

### अधिवक्ता दिनेश दुबे

**बेमेतरा।** नगर के युवा अधिवक्ता एवं ग्राम संडी के निवासी दिनेश दुबे का अकस्मात निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया है इस अवसर पर विभिन्न समाज के लोग सहित स्वजन उपस्थित थे।

# टेंपल सिटी में कोरोना ने दी दस्तक, वार्ड नंबर 2 सील

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेंपल सिटी शिवरीनारायण में कोरोना ने दी दस्तक वार्ड नंबर 2 को किया गया सील। जिले के टेंपल सिटी शिवरीनारायण में भी आज एक व्यक्ति जो व्यापारी है कोरोना पॉजिटिव पाया गया है जिससे पूरे नगरवासी दहशत में नजर आ रहे हैं यह व्यक्ति नगर के वार्ड नंबर 2 में निवास करता है और उनका इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है वार्ड नंबर 2 रिहायशी इलाका है और वहां पर कई तरह की दुकानें होने के कारण हमेशा भीड लगा रहता है इस वार्ड को सील कर दिया गया है ऐसी स्थिति में एक दुकानदार की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से पूरे नगर और अधिकारियों में हड़कंप मच गया है सुबह से आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर पूरे एरिया को सील कर कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है वहां पर रहने वाले और लोगों को तथा मरीज के संपर्क में आने वाले सभी लोगों की कोरोना टेस्ट की तैयारी कर रहे हैं। अधिकारियों ने नगर के सभी लोगों से अपील किया कि अनावश्यक बाहर न निकले सनिडाइजर करते रहें और सुरक्षित रहे।

# हलषष्ठी पूजन कर महिलाओं ने संतानें के लिए मंगल कामनाएं की

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



माता कौशल्या जन्मभूमि-कोसला में सामूहिक हलषष्ठी पूजन कर महिलाओं ने की अपने संतानों के लिए मंगल कामनाएं। पावन छत्तीसगढ़ के नाम से अभिहित त्रेता युगीन दक्षिण कौशल राज्य के कोसलाधिपति नरेश भानुमंत की पुत्री एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी की माता कौशल्या जी का जन्मभूमि- कोसला, जिला जांजगीर- चांपा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कोसलावासिनी मातृत्व-शक्तियों ने अपनी संतानों की सुख-समृद्धि, चिरायु तथा समस्त विघ्नों की मुक्ति हेतु कमरछठ- हलषष्ठी का निर्जला व्रत रखकर भगवान श्री कृष्ण जी के बड़े भैया भगवान बलभद्र जी का सामूहिक पूजन पाठ कर कथा श्रवण किया। तत्पश्चात उन्होंने अपने बेटे-बेटियों के हाथ, कंधे, पीठ आदि पर छुही-पुती लगाकर उन्हें आशीष व शुभकामनाएं प्रदान किए। इस पावन पर्व पर माता कौशल्या पुण्य धरा कोसला धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहा। ग्रामीण जन इस अवसर पर एक दूसरे को हलषष्ठी की बधाई शुभकामनाएं देते नजर आए। ज्ञातव्य है कि ग्राम कोसला में माता कौशल्या की जन्मभूमि में ग्रामीणों के सहयोग से पिछले 4 वर्षों से निर्माणाधीन माता कौशल्या जी का मंदिर बन गया है। जिसमें भगवान श्री राम अपनी माता कौशल्या जी की गोद में बैठे हुए मूर्ति सहित उनके अनुज लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, देवी सीता मैया, भक्त हनुमान आदि की दिव्य-प्रतिमाएं स्थापित होंगी।

# कवर्धा जिले में बैंकों का बुरा हाल नहीं रख पा रहे सोशल डिस्टेंस



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कोरोना काल मे सबसे ज्यादा दिक्कत बैंको में देखने आ रही है यहाँ प्रबंधक सही तरीके से शोशल डिस्टेंस एवं सेनेटाइजर का प्रयोग नही कर पा रहे है।वही ज्यादातर आमजन बैंको के व्यवहार से परेशान है कई लोगों से बैंक में लड़ाई होते नोकझोक होते रहता है खासकर गरीब तबके के लोग किसान लोग बैंक का चक्कर ज्यादा लगाते है जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है गरीब और किसान लोगो के लिए ही दिक्कत है वही पब्लिक भी कोरोना से बेखौफ होकर बैंक के बाहर जमघट लगा रहे है न प्रबंधक ध्यान दे रहे है न ही पब्लिक कुल मिलाकर कोरोना को आमन्त्रण कर रहे है।

# व्यायाम शाला प्रारंभ करने पहल किया खेल एवं युवा कल्याण विभाग

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के नागरिकों को शारीरिक स्वास्थ्य एवं नियमित व्यायाम की सुविधा उपलब्ध कराना, ताकि वे शारीरिक स्वास्थ्य की ओर आकर्षित होकर अपने क्षेत्र में खेल कौशल का विकास करते हुए देश के स्वस्थ नागरिक बन सकें।

समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागृति उत्पन्न कर सकें, इस उद्देश्य के साथ-साथ वर्तमान में विभिन्न गैर संक्रामक रोग डायबिटिज, ब्लड प्रेशर, की संख्या बढ़ रही है। इस प्रकार के रोगों को सीमित करने एवं इसकी रोकथाम हेतु शारीरिक गतिविधि बहुत आवश्यक है, विशेषकर युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य एवं नियमित व्यायाम की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ''ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में व्यायाम शाला/जिम उपकरण प्रदाय करने'' की योजना प्रस्तावित है। प्रभारी खेल अधिकारी नागेश्वर तिवारी ने बताया कि योजना का क्षेत्र शासकीय विद्यालय/ महाविद्यालय, ग्राम पंचायत, विकासखण्ड मुख्यालय, नगरीय निकाय, तथा जिला स्तर के अलावा शासकीय एवं अशासकीय संस्था जो व्यायाम शाला प्रारंभ करने के इच्छुक हो आवेदन कर सकते हैं किन्तु शासकीय/पंजीकृत संस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।

# ऑनलाइन सावन महोत्सव में सोनाली प्रथम

**महासमुंद।** जय भवानी मराठा महिला मण्डल महासमुंद द्वारा विगत दिनों सावन महोत्सव 2020 सादगीपूर्वक मनाया गया। जिलाध्यक्ष स्वाति पवार ने बताया कि इस महोत्सव के आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिता के साथ पर्यावरण संरक्षण और कोरोना से बचाव और सुरक्षा की थीम रखा गया। लगातार बढ़ रहे कोरोना प्रभाव को देखते हुए ऑनलाइन आयोजन किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीमती पवार ने बताया कि समाज के सभी महिलाओं से ऑनलाइन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने और अपना नाम समाज के वाट्सएप ग्रुप में पंजीयन करा और वीडियो के माध्यम से अपने विचार और पिक्चर्स भेजने की अपील की गई थीं। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में समाज की वरिष्ठ सीमा इंगोले, माया भोसले, वंदना थिटे, अनिता घाडगे रहीं।

मोर Raipur PEOPLE POWERED SMART CITY

**OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

Online bids are invited for the following of works up to 21.08.2020 at 17:30 hours.

| Sl. No. | NIT NO | System Tender No | Name of work/Description of Work | Tender amount | EMD Amount | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 308/RSCL/ 2020 | 66791 | Selection of agency for stadium and development work at nagar nigam ground- 2nd Call | Rs. 1.05 Crores | Rs. 1.0 Lacs | 04 Month (including monsoon season) |

The details can be viewed & downloaded online directely from the Government of Chhattisgarh e-Procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in from 06.08.2020 17:30 Hours (IST) on wards.

Manager (Civil)
Raipur Smart City Limited

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर** कालोनी रायपुर में निर्मित एम.डी.डी. भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक एम.डी.डी-112 फेस-1 में **श्री बालमुकुंद अग्रवाल** पिता **श्री स्व. तनसुखराय अग्रवाल** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **17.10.2014** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **20.7.2020** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री सुधीर कटियार** पिता **श्री स्व. सी.पी. कटियार** के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र. अ-20(1) वर्ष 1979-80**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सतीश अग्रवाल पिता स्व. रामावतार अग्रवाल साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-17, भूखंड क्रमांक-192, कुल क्षेत्रफल - 280.00 वर्गमीटर भू-खंड नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 74-75 में छगनलाल एवं रामअवतार आ. गौरीशंकर अग्रवाल साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक सतीश अग्रवाल पिता स्व. रामावतार अग्रवाल साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा शीट क्रमांक-17, भूखंड क्रमांक-192, कुल क्षेत्रफल 280.00 वर्गमीटर भूखण्ड को छगनलाल एवं रामावतार आत्मज गौरीशंकर अग्रवाल की मृत्यु क्रमशः दिनांक 26.04.2010 तथा मृत्यु दिनांक 25.01.2020 को हो जाने के फलस्वरूप धारक के वैधवारिसान के नाम पर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः इस निर्धारण/नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर अथवा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 31.7.2020 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 31.8.2020 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक - 31.07.2020**
**पेशी दिनांक - 31.08.2020**

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
कबीरधाम

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मेटल पार्क
वार्ड क्र. 09, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09.09.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 522/ 10.08.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -473/09, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - श्रवण कुमार विश्वकर्मा S/o अभय विश्वकर्मा **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- भागबेन्द्र वर्मा S/o तिरीथ राम वर्मा.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी गुढ़ियारी रायपुर में निर्मित जनता भाड़ाक्रय योजना में से भवन / भूखण्ड **क्र. जनता 172** में **श्री गोपाल भट्टाचार्य पिता श्री पी. भट्टाचार्य** को आबंटित किया गया है। मुल आबंटी द्वारा दिनांक 21.3.1995 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 26.5.2013 को हो जाने के कारण **श्रीमति मीना भट्टाचार्य** पति **श्री गोपाल भट्टाचार्य** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र वारिस (1) **मनिषा चक्रबोर्ती (2) विदिशा भट्टाचार्य दोनों के पिता स्व. गोपाल भट्टाचार्य** की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्रीमति मीना भट्टाचार्य** पति श्री **स्व. गोपाल भट्टाचार्य** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज / सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09.09.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 526/ 10.08.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -504/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - हरिश कुमार साहु S/o कथाराम साहु, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-देवनारायण S/o अर्जुन साहु.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - शहीद कौशल यादव
वार्ड क्र. 06, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09.09.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 523/ 10.08.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -225/06, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - स्व. मंगल राम यादव S/o स्व. रामलाल **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-मनोज यादव S/o स्व. मंगल यादव.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मां बंजारी धाम
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09.09.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 525/ 10.08.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -447/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - स्व. दिलीप विश्वकर्मा S/o गेंदराम विश्वकर्मा **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- बिमला विश्वकर्मा W/o स्व. दिलीप विश्वकर्मा.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - शहीद कौशल यादव
वार्ड क्र. 06, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09.09.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 524/ 10.08.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -225/06, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - स्व. मंगल यादव S/o रामलाल यादव **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-चंद्रकांत यादव S/o मंगल यादव.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**संचालनालय चिकित्सा शिक्षा**
**पुराना नर्सेस हॉस्टल, डी.के.एस. भवन परिसर, रायपुर छत्तीसगढ़**

फोन - 0771-2234451, 2222212, ई-मेल- eedme@rediffmail.com

क्र. 7049/संचिशि/क्रय/2020 रायपुर, दिनांक 7.8.2020

**// निविदा सूचना //**

शासकीय फिजियाथेरेपी महाविद्यालय, रायपुर के लिये 2020-2021 में लगने वाले Equipments/ Instruments के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or Sub-Dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, रायपुर कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रुपये 500/- (रुपये पांच सौ मात्र) का ''संचालक चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़'' के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट अथवा नकद जमा कर प्रकाशन तिथि से दिनांक 29.08.2020 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं, जो वापसी योग्य नहीं है।

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | 29.8.2020 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 02.09.2020 समय दोपहर 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 02.09.2020 समय शाम 4.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने का स्थान | संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, पुराना नर्सेस हॉस्टल, डीकेएस भवन परिसर, रायपुर |
| निविदा खोलने का स्थान | संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, पुराना नर्सेस हॉस्टल, डीकेएस भवन परिसर, रायपुर |

जी-82897/4

संचालक चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़

संपादकीय

## राजपक्षे परिवार की विजय, संबंध सुधारने का प्रयास करें


श्रीलंका के नागरिकों ने उदारवाद के बजाय स्थायित्व तथा लोकतंत्र के बजाय बेहतर कामकाज को वरीयता देते हुए देश के संसदीय चुनाव में व्यापक जनादेश से राजपक्षे परिवार की सत्ता में वापसी की है। राष्ट्रपति गोटाभाया राजपक्षे की सत्तारूढ़ श्रीलंका पीपुल्स पार्टी-एसएलपीपी को 150 सीटों में से 145 पर विजय मिली है। इससे उनको संविधान में परिवर्तन की शक्ति मिली है और वे अपनी कार्यकारी शक्तियों का विस्तार करते हुए सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनके बड़े भाई महिंदा राजपक्षे प्रधानमंत्री बने रहें। संक्षेप में, अब श्रीलंका की राजनीति पर वंशवादी पकड़ संपूर्ण हो गई है। दोनों भाई अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए पूर्व सरकार द्वारा किए सुधार प्रयासों को उलट सकते हैं। भारत समेत दुनिया के अन्य देशों की तरह श्रीलंकाई नागरिकों ने भी कठिन समय में राष्ट्रवादी व मजबूत नेतृत्व को सत्ता सौंपी है। सरकार के स्मार्ट कोविड-19 प्रबंधन को जनता ने पसंद किया है जिसके चलते अब तक इस बीमारी से केवल 11 मौतें हुई हैं और चुनाव प्रक्रिया आराम से पूरी हुई। ईस्टर धमाकों के बाद राजपक्षे भाइयों को मजबूत व सक्षम नेताओं के रूप में देखा गया है और उनकी पार्टी की पकड़ बहुसंख्य सिंहल बौद्धों पर मजबूत हुई है। तमिल आंदोलन को कठोरता से कुचलने के कारण सिंहली गोटाभाया पर विश्वास करते हैं, हालांकि इस कार्रवाई से उनको 'टर्मिनेटर' कहा जाने लगा था। भारत के लिए महिंदा राजपक्षे की वापसी चिन्ताजनक हो सकती है क्योंकि उन्होंने तमिलों के प्रति कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए रणनीतिक क्षेत्रों में चीन का भारी निवेश स्वीकार किया था। अतीत में उन्होंने नई दिल्ली पर श्रीलंका के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का आरोप भी लगाया था। मैतिरीपाला सिरीसेना की एसएलएफपी व उसकी सहयोगी यूएनपी की चुनाव में विजय के बाद रनिल विक्रमसिंघे ने गठबंधन सरकार बनाई थी जो भारत-समर्थक थी। लेकिन बाद में उन्होंने सिरीसेना को नीचा दिखाने और प्रधानमंत्री पद पर कब्जा करने में सफलता पाई। गोटाभाया ने रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली, तमिल-बहुल क्षेत्रों पर कठोर सैनिक नियंत्रण बनाए रखा तथा भारतीय राजनयिकों की निगरानी कराई। यदि भारत चीन को आगे बढ़ने से रोकना चाहता है तो उसे भू-रणनीतिक कारणों से श्रीलंका में पैदा यह अविश्वास समाप्त कर संबंध सुधारने होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले महिंदा राजपक्षे को विजय की बधाई दी जिनके साथ कोविड-19 प्रबंधन के मामले में उनका निरंतर संपर्क बना हुआ था। भारतीय राजनय को छोटे पड़ोसियों के प्रति व्यावहारिकता प्रदर्शित करनी होगी। हालांकि, ये पड़ोसी चीन से आशंकित हैं, पर वे दोनों एशियाई महाशक्तियों के बीच बढ़ते टकराव से अलग रह कर शांति से विकास करना चाहते हैं। बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका खुशी के साथ चीन के साथ 'व्यापार संबंध' बढ़ाते हुए भी भारत के साथ 'ऐतिहासिक संबंधों' को भी महत्व देते हैं। इस प्रकार वे दोनों देशों से रियायतें पाना चाहते हैं। महिंदा राजपक्षे ने भी विजय के इस अवसर पर भारत को 'मित्र' कहा है जिसके साथ उनका 'दीर्घकालीन सहयोग' रहा है। मोदी सरकार ऐतिहासिक आधारों पर श्रीलंका संबंधी नीति में सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित करती रही है। लेकिन श्रीलंका में चीन की स्थिति ज्यादा मजबूत है। श्रीलंका द्वारा कर्ज न अदा कर पाने के कारण उसने हंबनटोटा बंदरगाह 99 साल के लिए पट्टे पर ले लिया है और इसका प्रयोग हिंद महासागर से पूर्वी अफ्रीका तक अपनी सैनिक उपस्थिति मजबूत करने के लिए कर रहा है। चीन कोलम्बो के निकट एक कृत्रिम द्वीप भी बना रहा है जो नया वित्तीय हाटस्पाट तथा पूर्वी अफ्रीका तक संपर्क का नया रास्ता बनेगा। ऐसे में अपने रणनीतिक हितों पर चीन की छाया पड़ने से रोकने के लिए भारत को श्रीलंका के साथ संबंध बेहतर बनाने होंगे। इसके साथ ही उसे तमिल हितों के संबंध में भी ज्यादा झुकने से बचना होगा।

# मंदिर आंदोलन से कांग्रेस बेनकाब

**आज राहुल गांधी की अनेक मंदिर यात्राओं तथा स्वयं को प्रतिबद्ध हिंदू के रूप में पेश करने के बावजूद कांग्रेस को सभी मध्यमार्गी हिंदुओं की स्वाभाविक पार्टी नहीं माना जाता है। 2014 व 2019 में दो पराजयों के बाद भारत की स्वाभाविक पार्टी के रूप में उसकी स्थिति समाप्त हो गई है। मोदी के उभार और हिंदू गौरव की भावना प्रज्वलित होने के बाद वह हाशिए पर आ गई है।**



स्वपन दासगुप्ता
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राज्यसभा सदस्य हैं)



**1988-89 में राम मंदिर को केन्द्रित करते हुए अत्यधिक भावनात्मक लामबंदी का हिंदू मतदाताओं पर ज्यादा प्रभाव पड़ा और कांग्रेस इसे भांप नहीं पाई। शाहबानो मामले में राजीव गांधी द्वारा फैसला उल्टे जाने, 1980 में अफगानिस्तान में युद्ध तथा ईरानी इस्लामी क्रान्ति से वैश्विक स्तर पर मुस्लिम कट्टरपंथ के विकास और अंततः 1980 दशक के सांप्रदायिक दंगों से हिंदू राष्ट्रवाद की स्वीकार्यता बढ़ी। 1988 और 1991 के बीच चुनावों में कांग्रेस ने बिहार और उत्तर प्रदेश में हिंदुओं का समर्थन खो दिया और वह कभी इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकी।**

**हिंदुओं** को खुश करने तथा मुस्लिमों को नाराज न करने के बीच झूलती कांग्रेस राम मंदिर आंदोलन से बेनकाब हो गई। हिंदू राष्ट्रवाद के उभार के बाद वह अब मध्यमार्गी हिंदुओं की स्वाभाविक पार्टी नहीं रही। लगभग तीन दशक पहले 1990 में लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से अयोध्या यात्रा का नारा था 'मंदिर वहीं बनाएंगे'। इसने हिंदुओं में तीखा विभाजन पैदा किया। इसका कारण बार-बार यह सवाल पूछा जाना था कि एक पुरानी मुगल संरचना के स्थान पर राम मंदिर बनाना क्यों जरूरी है, जबकि वह वास्तव में राम मंदिर की तरह ही काम कर रही थी? 5 अगस्त को प्रधानमंत्री की सहभागिता वाले भूमि पूजन कार्यक्रम ने संकेत दिया कि समय बीतने और राजनीति में परिवर्तन के साथ ये भ्रम काफी सीमा तक गायब हो गए हैं। पहले विवादित स्थल समझे जाने वाले स्थान पर मंदिर के लिए भूमि पूजन पर सामाजिक व राजनीतिक प्रतिक्रियायें हिंदू एकता के शानदार स्तर की ओर संकेत करती हैं। मीडिया ने अत्यन्त असाधारण तरीके से अयोध्या में पूजा की सर्वोत्तम कवरेज के लिए आपस में प्रतियोगिता की। यह आश्चर्यजनक था। इससे संकेत मिला कि राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण एक राष्ट्रीय समझदारी का हिस्सा बन गया है। भारत ने पिछले एक हजार से अधिक वर्षों में जो संप्रभुता खोई थी, वह पूरी तरह वापस आ गई है। 1992 में सोलहवीं शताब्दी की रचना विध्वंस के समय न्यायपालिका समेत अवस्थापना कारसेवकों की निन्दा करने में एकजुट थी कि उन्होंने कानून अपने हाथ में लिया। आरएसएस पर थोड़े समय के लिए प्रतिबंध लगाया गया तथा भाजपा के सामान्य कामकाज पर भी असंख्य नियंत्रण लगाए गए। मंदिर आंदोलन के समर्थकों को उत्पीड़ित किया गया। पिछले सप्ताह बहुत कम विरोध सामने आया। कुछ बुद्धिजीवियों ने दुःख प्रकट किया कि एक आपराधिक कृत्य को वैध ठहरा दिया गया। कुछ दूसरे लोगों ने एक शुद्ध रूप से धार्मिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की सहभागिता को सेक्युलरवाद पर हमला माना। लेकिन वामपंथ के अलावा लगभग सभी गैर-भाजपा पार्टियों ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि उनको राम-विरोधी की तरह न देखा जाए। वे केवल यह कह रहे थे कि राम केवल भाजपा के न होकर सबके हैं। राम मंदिर परियोजना में भारतीय अवस्थापना की सहमति का संबंध बड़ी सीमा तक मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से है जो यदि 1885 से नहीं तो भी लगभग पिछले सात दशक से लटका हुआ था।

इसके पहले मंदिर का विरोध करने वाले राजनेता इस विवाद को कानून के क्षेत्र में बनाए रखना चाहते थे क्योंकि उनमें अंतिम निर्णय लेने की प्रतिबद्धता नहीं थी। अदालतें भी फैसला देने के पक्ष में नहीं थीं ओर वे अच्छी तरह जानती थीं कि यह केवल संपत्ति का विवाद न होकर राजनीतिक विवाद है। भाजपा ने 1989 में ही स्पष्ट रूप से राम जन्मभूमि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी, कांग्रेस जैसी पार्टी हिंदुओं को खुश करने और मुसलमान समुदाय को नाराज करने के बीच झूलती रही। अतीत में कांग्रेस ने बार-बार अत्यधिक चालाकी दिखाई। राजीव गांधी का व्यवहार इसका एक उदाहरण है। इसी प्रकार चीजों को अपनी गति से चलने देने का प्रदर्शन पी.वी. नरसिम्हाराव ने विध्वंस वाले दिन किया। लेकिन भाजपा के आक्रामक दृष्टिकोण के सामने उसने अपनी परंपरागत धोखाधड़ी की आदत से मुद्दे से पल्ला झाड़ने का प्रयास किया, हालांकि इसका नतीजा अच्छा नहीं निकला। जनाधार वाली राजनीतिक पार्टियों ने कभी अनेक बुद्धिजीवियों द्वारा प्रस्तावित कट्टर सेक्युलरवाद का पक्ष नहीं लिया। उन्होंने इस उम्मीद से वाक्छल करने का प्रयास किया कि यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा।

कांग्रेस की दयनीय स्थिति का विश्लेषण किया जाना उचित होगा। स्वतंत्रता आंदोलन के समय से 1980 के दशक मध्य तक कांग्रेस हिंदुओं की स्वाभाविक पार्टी थी। हिंदू राष्ट्रवाद को गले लगाए बिना और जवाहरलाल नेहरू के अत्यधिक सेक्युलरवादी झुकाव के बावजूद उसे हिंदू चेतना में काफी स्थान प्राप्त था। इस स्थिति से वह मुस्लिम समुदाय के नेताओं, खासकर ज्यादा कट्टरपंथी तत्वों का समर्थन प्राप्त कर लेती थी जो मुस्लिम पर्सनल कानूनों में पार्टी की गैर-हस्तक्षेपकारी भूमिका से प्रसन्न थे। इंदिरा गांधी ने 1980 से 1983 तक उल्लेखनीय हिंदू-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया था। लेकिन जहां तक मुसलमानों का सवाल था, वे ज्यादा बड़े दुश्मन भाजपा के प्रति उनकी कठोर नीतियों से खुश थे। राम जन्मभूमि आंदोलन ने हिंदू मतदाताओं में कांग्रेस की स्वीकार्यता तोड़ी। 1988-89 में राम मंदिर को केन्द्रित करते हुए अत्यधिक भावनात्मक लामबंदी का हिंदू मतदाताओं पर ज्यादा प्रभाव पड़ा और कांग्रेस इसे भांप नहीं पाई। शाहबानो मामले में राजीव गांधी द्वारा फैसला उल्टे जाने, 1980 में अफगानिस्तान में युद्ध तथा ईरानी इस्लामी क्रान्ति से वैश्विक स्तर पर मुस्लिम कट्टरपंथ के विकास और अंततः 1980 दशक के सांप्रदायिक दंगों से हिंदू राष्ट्रवाद की स्वीकार्यता बढ़ी। 1988 और 1991 के बीच चुनावों में कांग्रेस ने बिहार और उत्तर प्रदेश में हिंदुओं का समर्थन खो दिया और वह कभी इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकी। आज राहुल गांधी की अनेक मंदिर यात्राओं तथा स्वयं को प्रतिबद्ध हिंदू के रूप में पेश करने के बावजूद कांग्रेस को सभी मध्यमार्गी हिंदुओं की स्वाभाविक पार्टी नहीं माना जाता है। 2014 व 2019 में दो पराजयों के बाद भारत की स्वाभाविक पार्टी के रूप में उसकी स्थिति समाप्त हो गई है। मोदी के उभार और हिंदू गौरव की भावना प्रज्वलित होने के बाद वह हाशिए पर आ गई है।

जनवरी, 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के एक महीने बाद उस समय के अत्यधिक बदले मूड को भांपते हुए गिरिलाल जैन ने लिखा था, 'जब तक यह ढांचा मौजूद था, यह बाबर के प्रतिनिधित्व व राम के प्रतिनिधित्व के बीच गतिरोध प्रकट करता था। यह दुविधा स्वतंत्रता के बाद से भारतीय राज्य की दुविधा है। वास्तव में, मेरे विचार से इस ढांचे की तरह कोई अन्य ढांचा भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की दुविधा, अनिश्चितता, विरोधाभास और उद्देश्यहीनता का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। इस ढांचे के टूटने से गतिरोध समाप्त हो गया है तथा एक नए युग की शुरुआत हुई है।' गिरिलाल जैन एक समय कांग्रेस अवस्थापना के स्तंभ थे और वे कभी हिंदू राष्ट्रवाद के पक्ष में नहीं आए। उनकी यह टिप्पणी भविष्य का अनुमान लगाने वाली थी। आने वाले वर्ष नए युग का प्रारम्भ करेंगे।

# पंचायती राज संस्थाओं का ऑनलाइन ऑडिट



देवेन्दर सिंह असवाल
(लेखक लोकसभा के पूर्व अतिरिक्त सचिव हैं)


**केंद्र सरकार** ने पंचायती राज संस्थानों के ऑनलाइन ऑडिट की एक जीवन्त व्यवस्था बनाई है। इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। पंचायती राज संस्थाओं-पीआरआई के कामकाज में लंबे समय से पारदर्शिता और जवाबदेही की जरूरत अनुभव की जा रही थी। काफी विचार-विमर्श के बाद पंचायती राज मंत्रालय-एमओपीआर ने 2.50 लाख ग्राम पंचायतों-जीपी के खातों की जांच के लिए एक आडिटआनलाइन व्यवस्था शुरू की है। 2019-20 में इससे 50,000 जीपी में से कम से कम 20 प्रतिशत का आडिट किया जाएगा। इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी क्योंकि संविधान के 73वें संशोधन के बाद जीपी को काफी शक्तियां, अधिकार और जिम्मेदारियां मिली हैं। चौदहवें वित्त आयोग की संस्तुति के बाद 2015-16 से 2019-20 के बीच पीआरआई को 2,00,292 करोड़ रुपये दिए गए हैं। चौदहवें वित्त आयोग व अन्य ने पंचायती खातों के आडिट की आवश्यकता जताई है क्योंकि इस स्तर पर खर्च में विवेक, ईमानदारी तथा निष्ठा पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने 2015 में इस आशय के निर्देश जारी किए थे कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी पंचायतों व नगरपालिकाओं के अनुदानों व खर्चों की जांच करेंगे।

पंद्रहवें वित्त आयोग ने पीआरआई के तीन स्तरों के लिए 2020-21 में 60,750 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं जिनमें जिला पंचायतें, ब्लाक पंचायतें व जीपी शामिल हैं। उसने खातों के समय पर आनलाइन आडिट पर जोर दिया है ताकि वित्तीय प्रबंधन मजबूत किया जा सके। इसलिए आडिटआनलाइन पीआरआई के खातों की आनलाइन व आफलाइन जांच की व्यवस्था करता है जिससे जनता के पैसे के उपयोग की पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित होगी। पायलट परियोजना के रूप में 20 प्रतिशत जीपी के खातों का आडिट किया जाएगा जिसे वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़ा कर 100 प्रतिशत करने का विचार है। ईग्रामस्वराज के माध्यम से अब आनलाइन डिजिटल भुगतान व्यवस्था के कारण जीपी चौदहवें वित्त आयोग से मिले पैसे से आनलाइन भुगतान कर सकती हैं। वास्तव में 1.52 लाख जीपी इस मंच पर हैं और 1.04 लाख जीपी ने 2019-20 में आनलाइन भुगतान किए हैं। उल्लेखनीय है कि आडिटआनलाइन से रिकार्डों तक पहुंच आसान हो जाएगी जिनकी निगरानी जिला, राज्य व केन्द्र के स्तर पर हो सकेगी। इससे किए गए काम की फोटो अपलोड करना तथा परियोजनाओं की जियो टैगिंग संभव हो सकेगी ताकि उनकी भौतिक जांच व रिमोट से परिसंपत्तियों की पुष्टि हो सके। इससे खर्च घटेगा, जल्दी समीक्षा सुनिश्चित होगी तथा सटीक दस्तावेजीकरण के माध्यम से पर्यावरण का टिकाऊपन सुनिश्चित होगा। आफ्लाइन व्यवस्था में रिकार्डों की समय पर उपलब्धता एक बड़ी समस्या थी, पर आनलाइन आडिट व्यवस्था से आडिटर सारे दस्तावेजों को आनलाइन देख कर संस्तुति व भुगतान कर सकेंगे।

आडिटआनलाइन से खातों की आनलाइन व आफ्लाइन जांच संभव होगी तथा पिछले रिकार्ड रखे जा सकेंगे। यह सूचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होगी। इससे डिजाइनरों को केस रिकार्ड के लिए फार्म बनाना आसान होगा तथा विभिन्न रिपोर्टों को ग्राफिक्स के रूप में डाउनलोड कर उनका विश्लेषण व निगरानी संभव होगी। एक और महत्वपूर्ण तत्व यह है कि ईमेल, एसएमएस व सिस्टम आधारित एलर्ट के आधार पर निगरानी अधिकारी फौरन दर्ज हो जाएंगे जिससे बेहतर निगरानी, काम के बीच में सुधार व निरंतर विश्लेषण संभव होगा। आडिटआनलाइन में राज्य के एकाउंटेंट जनरलों-एजी को ज्यादा जिम्मेदारी दी गई है। एजी व सीएजी के प्रतिनिधि प्रत्येक क्षेत्र के लिए जिला स्तरीय फंड आडिटर-डीएलएफओ नियुक्त करेंगे। इस प्रकार पूरी आडिट प्रक्रिया स्पष्ट रूप से रेखांकित हो जाएगी। हर साल विचार एवं सुधारात्मक कार्रवाई के लिए 31 दिसंबर तक जीपी आडिट रिपोर्ट पेश करेंगी। हालांकि, अनेक लाभों के बजाय कुछ बाधायें व तकनीकी समस्यायें बनी हुई हैं। खाते पूरे न होने पर आनलाइन आडिट संभव नहीं होगा। इसके साथ ही इंटरनेट की बाधा से कनेक्टिविटी प्रभावित हो सकती है। पैसा खर्च होने और उसके खाते में दर्ज होने तथा खाता बंद होने के बाद ही आनलाइन आडिट संभव हो सकेगा। लेकिन केन्द्र सरकार ने एक जीवन्त व बहुप्रतीक्षित व्यवस्था शुरू की है जो पीआरआई का आडिट कर सकेगी। वास्तव में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, तेलंगाना, त्रिपुरा व उत्तराखंड ने अपने विवरण दे दिए हैं और वे इस रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। राज्यों में व्यापक आनलाइन टेंनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



## फरमाया



**रक्षा मंत्रालय** आत्मनिर्भर भारत पहल को आगे बढ़ाने के लिए अब बड़े कदम उठाने को तैयार है। सरकार देश में रक्षा संबंधी निर्माण बढ़ाने के लिए 101 सामग्रियों के आयात पर रोक लगाएग

– **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री



**कांग्रेस के** लक्ष्यहीन और दिशाहीन होने की लोगों में बढ़ती धारणा को खत्म करने के लिए इसे एक पूर्णकालिक अध्यक्ष ढूंढ़ने की प्रक्रिया अवश्य ही तेज करना चाहिए।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता



**दिल्ली** का स्कूल शिक्षा बोर्ड नई शिक्षा नीति में बताए गए सुधारों के अनुरूप होगा। इसमें साल के अंत में होने वाली परीक्षाओं से ध्यान हटाया जाएगा।

**–मनीष सिसोदिया**
उप मुख्यमंत्री, दिल्ली

## मिनीमाता ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय क्षितिज पर दी नई पहचान



मिनीमाता पुण्यतिथि
**विशेष लेख**

ललित चतुर्वेदी, ओम डहरिया
जनसंपर्क, छत्तीसगढ़

**छत्तीसगढ़** की पहली महिला सांसद मिनीमाता बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। अपने प्रखर नेतृत्व क्षमता की बदौलत उन्होंने राष्ट्रीय नेताओं के बीच उनकी अलग पहचान थी। दलित शोषित समाज ही नहीं सभी वर्गो में उनके नेतृत्व मान्य था। उन्होंने संसद में अस्पृश्यता निवारण अधिनियम पारित कराने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिनीमाता के समाज हितैषी कार्यो की वजह से लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची। उनके कार्यो से छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिष्ठा मिली। मिनीमाता ने समाजसुधार और सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने जन सेवा को ही जीवन का उद्देश्य मानकर कार्य किया। उन्होंने नारी उत्थान, किसान, मजदूर, छूआ-छूत कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, निःशक्त व अनाथों के लिए आश्रम, महिला शिक्षा और जनहित के अनेक फैसलों और समाज हितैषी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मिनीमाता की राजनीतिक सक्रियता और समर्पण से पीड़ितों के अधिकार हेतु संसद में अनेक कानून बने। मिनीमाता का मूल नाम मीनाक्षी देवी था। उनका जन्म 13 मार्च 1913 को असम राज्य के दौलगांव में हुआ। उन्हें असमिया, अंग्रेजी, बांगला, हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा का अच्छा ज्ञान था। वह सत्य, अहिंसा एवं प्रेम की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं। उनका विवाह गुरूबाबा घासीदास जी के चौथे वंशज गुरू अगमदास से हुआ। विवाह के बाद वे छत्तीसगढ़ आई, तब से उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। गुरू अगमदास जी की प्रेरणा से स्वाधीनता के आंदोलन, समाजसुधार और मानव उत्थान कार्यों में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वतंत्रता पश्चात लोकसभा का प्रथम चुनाव 1951-52 में सम्पन्न हुआ। मिनीमाता सन् 1951 से 1971 तक सांसद के रूप में लोकसभा की सदस्य रहीं। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद के रूप में उनके दलितों एवं महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए सदा याद किया जाएगा। अविभाजित मध्यप्रदेश में बिलासपुर-दुर्ग-रायपुर आरक्षित सीट से लोकसभा की प्रथम महिला सांसद चुनी गईं। इसके बाद परिसीमन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से चार बार चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंची। मिनीमाता के योगदान को चिरस्थाई बनाने के लिए तत्कालीन मध्यप्रदेश में हसदेव बांगो बांध को मिनीमाता के नाम पर रखकर किसानों के हित में किए गए उनके कार्यों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई। आज बिलासपुर और जांजगीर जिले के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है। मिनीमाता ने उद्योगों में हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने की वकालत की। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के बाद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिनीमाता की स्मृति में समाज एवं महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिनीमाता सम्मान की स्थापना की गई। छत्तीसगढ़ सरकार ने गांवों में घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मिनीमाता अमृत धारा योजना की शुरूआत की गई है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर कर्नाटक के मैसूर शहर की प्रसिद्ध रचनाकार उषा केडिया की सुंदर रचना


**पूरे** देशभर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जहाँ उत्साह का माहौल है किंतु इस वर्ष कोरोना काल ने इसके उत्साह को फीका कर दिया है,किंतु इसके बावजूद देश के प्रतिष्ठित रचनाकार इस पर्व के महत्व को अपनी रचनाओं के माध्यम से वर्णित कर रहे है

माखन मिश्री दही खाय गयो रे,
गोकुल में ऊधम मचाय गयो रे,
बाँसुरी की धुन पर सब को नचाय गयो रे,
प्रेम रस से रास रचाय गयो रे,
कंकरिया मार मटकी फोड़ गयो रे,
ब्रज की छोरीन को छेड़ गयो रे,
वस्त्र छिनी पेड़ पर चढ़ गयो रे,
गोपीयन को देखो कैसो सताय गयो रे,
मनीहारी बन राधा को चूड़ियाँ पहनाय गयो रे,
भेष बदल सबको चकमों देय गयो रे,
मटकी फोड़ गली गली में धूम मचाय गयो रे
बरसाने कि लठ्ठ मार होरी में पिट गयो रे,
पूतना को बंध करो शेषनाग पर चढ़ गयो रे,
ऊँगली पर गिरिधर उठा सबको बचाय गयो रे
कंस को बद्ध कर द्वारिका धिष बन गयो रे,
मात्र पित्र को बंधन से मुक्त कराय गयो रे,
दुर्योधन को मेवा मिश्री छोड़ गयो रे
साग विधुर घर खाय गयो रे,
द्रोपती की लाज बचाने आय गयो रे,
भाई को धर्म निभाय गयो रे,
रुक्मणी को हरण कर पटरानी बनाय लियो रे
सखा बन अर्जुन को रथ थाम लीयो रे,
गीता को ज्ञान दे ,अपनो रूप दिखाय गयो रे
महाभारत में सुदर्शन चक्र चलाय गयो रे,
यशोदा को लालों नंद दुलारो आय गयो रे,
प्रेम भक्ति को भाव बरसाय गयो रे।

*–रचनाकार उषा केडिया मैसूर शहर के क्रिएटिविटी कैफे की डायरेक्टर, समाजसेविका एवम अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की अग्रज्योति मासिक पत्रिका की संपादिका भी है।*

# फेफड़ों का कैंसर फेफड़ों का कैंसर क्या है.?

पायनियर संवाददाता < भिलाई चरोदा
www.dailypioneer.com




फेफड़ों का कैंसर एक प्रकार का कैंसर है जो फेफड़ों में होता है। यह लिम्फ नोड्स या शरीर के अन्य अंगों में फैल सकता है।

फेफड़ों के कैंसर के लक्षण आमतौर पर नही दिखाई देते। ये अधिकतर रोग की उन्नत अवस्था में पता चलते है, जब रोग का पूर्ण रूप से इलाज नहीं हो पाता। फेफड़ों का कैंसर के प्रारंभिक लक्षण जैसे लगातार खाँसी, सीने में दर्द और साँस की तकलीफ, फेफड़ों की अन्य बीमारियों जैसे कि संक्रमण या धूम्रपान के दीर्घकालिक प्रभावों से मिलते जुलते होते है और इन्हें गम्भीर रूप से नही लिया जाता। इस कारण रोग के निदान में अक्सर देरी होती जाती है।

**औसत आयु -54.6 वर्ष**

पुरूष-महिला अनुपात - 4.5-1, यह अनुपात आयु तथा धूम्रपान से प्रभावित होता है।
यह अनुपात 51-60 वर्ष की उम्र तक निरंतर ब?ता है और उसके बाद स्थिर हो जाता है।

**आँकड़े**

**तालिकाः** भारत में फेफड़ों का कैंसर (ग्लोबोकान 2012 के अनुसार)

**फेफड़ों के कैंसर**

| (पुरूष) | (महिला) | दोनों लिंगों में |
|---|---|---|
| 54,000 | 17,000 | 70,000 |
| 49,000 | 15,000 | 64,000 |

**तालिका - लिंगानुसार फेफड़ों के कैंसर के आँकड़े**

पुरूष - महिला
दोनों लिंगों में
75 वर्ष से पूर्व होने वाले कैंसर का जोखिम (प्रतिशत)
10.2, 10.8, 10.4
75 वर्ष की आयु से पूर्व कैंसर से होने वाली मृत्यु दर (प्रतिशत)
8.0, 7.1, 7.5

**क्या आप खतरे में है ?**

फेफड़ें के कैंसर के खतरे को बढ़ाने में कई कारक सहायक है। इनमें से कुछ जोखिम कारकों को जीवन शैली में परिवर्तन द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है, जबकि कुछ अन्य कारकों को जैसे पारिवारिक इतिहास को नियंत्रित नही किया जा सकता।

**फेफड़ों के कैंसर के लिये जोखिम कारक -**

तम्बाकू धूम्रपान-तम्बाकू का उपयोग किसी भी रूप में हानिकारक है चाहे धूम्रपान हो या निर्धूम (धूम्ररहित)। सिगरेट और बीड़ी धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर के लिये प्रमुखतम जोखिम कारक है। निर्धूम तम्बाकू के इस्तेमाल से होंठ, मुँह, ग्रासनली, पाचन, श्वसन और छाती के अन्दरूनी अंगो के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। तम्बाकू के जहरीले रसायनों की वजह से फेफड़ों की कोशिकाओं को नुकसान पहुँचता है और वे असामान्य रूप से विकसित हो जाती हैं।

सिगरेट पीने से किसी भी व्यक्ति में फेफड़े के कैंसर होने की संभावना 15 से 30 गुना तक बढ़ जाती है। इन लोगों की फेफड़े के कैंसर से भरने की संभावना भी उन व्यक्ति यों की तुलना में अधिक हो जाती है जो धूम्रपान नही करते सिगरेट की बढ़ती संख्या के साथ फेफड़ों के कैंसर से मरने की संभावना बढ़ती जाती है। प्रत्येक दिन धूम्रपान की बढ़ती संख्या और उसकी बढ़ती अवधि के साथ यह खतरा बढ़ता जाता है। यदि व्यक्ति धूम्रपान छोड़ दे तो जोखिम कम हो सकता है। फेफड़ों के कैंसर के अलावा धूम्रपान के कारण शरीर में कहीं भी कैंसर हो सकता है जैसे सिर और गर्दन का क्षेत्र, पेट, जिगर, अग्नाशय, मलाशय, मूत्राशय, गुर्दे, गर्भाशय ग्रीवा, रक्त और अस्थिमज्जा (बोन मैरो)। भारत में फेफड़ों के कैंसर से ग्रस्त 87 प्रतिशत पुरूष और 85 प्रतिशत महिलाओं में धूम्रपान का इतिहास पाया जाता है। करीब 3 प्रतिशत रोगियों में निष्क्रिय धूम्रपान का इतिहास पाया गया है। बीड़ी की तुलना में सिगरेट में कैंसर विकसित होने वाले तत्व ज्यादा पाये जाते हैं। 'हुक्क ा धूम्रपान' भी फेफड़ों के कैंसर के साथ संबंधित है।

**तम्बाकू संबंधित कैंसर**

ज़निष्क्रिय धूम्रपान (एस.एच.एस.) यदि कोई व्यक्ति स्वयं धूम्रपान नही करता, फिर भी किसी अन्य व्यक्ति के धूम्रपान के कारण उसे फेफड़ों के कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसे निष्क्रिय 'धूम्रपान' या 'पर्यावरणीय धूम्रपान' कहा जाता है।

**अभ्रक-** एस्बेस्टोस (अभ्रक) को एक मानव कैंसरजन के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह सीधा और वैज्ञानिक रूप से फेफड़ों के कैंसर और अन्य साँस की तकलीफों से जुड़ा हुआ है। अभ्रक अपने बेहद टिकाऊ और आग प्रतिरोधी शक्ति के कारण जाना जाता है। इसको व्यापक रूप से घर निर्माण साम्रागी, मोटर वाहन भागो और वस्त्रों में इस्तेमाल किया जाता है। अभ्रक तंतु प्रकृति में सूक्ष्म होते है और जब सांस द्वारा अंदर जाते है तो फेफड़ों में जलन पैदा कर सकते है। धूम्रपान और अभ्रक के व्यवसयिक जोखिम का संयोजन बहुत खतरनाक है।

**रासायनिक कार्सिनोजन का व्यवसायिक जोखिमः** आर्सेनिक, क्रोमियम, डीजल निकास, सिलिका और निकल भी फेफड़ों के कैंसर के जेखिम को बढ़ा सकते ,यह जोखिम और अधिक बढ़ सकता है, अगर व्यक्ति धूम्रपान भी करता है। उद्योगों रबड़ विनिर्माण, लोहा ओर इस्पात, पेंटिग में प्रयोग होने वाले रसायन भी जोखिम कारक माने गये है।

**रेडानः** रेडान के संपर्क में आने से कुछ कैंसर, जैसे फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ने की संभावना होती है। रेडान, अदृश्य व गंधहीन गैस होती है जो यूरेनियम टूटने से निकलती है तथा हवा के साथ मिलकर सांस द्वारा अंदर जाती है। इनडोर रेडान का मुख्य स्त्रोत मिट्टी, निर्माण सामग्री, पानी के नल और खाना पकाने वाली प्राकृतिक गैस है। यह गैस घरों और इमारतों में असुरक्षित स्तर तक जमा हो सकती है। रेडान का संचय कम करने के लिये बेसमेंट को अच्छी तरह से हवादार रखना चाहिये।

**पारिवारिक/फेफड़ों के कैंसर का निजी इतिहासः** प्रथम स्तर रिश्तेदारी में फेफड़ों के कैंसर का इतिहास होना फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है। यदि एक फेफड़ें में कैंसर है तो भी दूसरे में भी होने का खतरा बढ़ जाता है। कैंसर उपचार प्राप्त व्यक्ति जिन्हें छाती में विकिरण चिकित्सा मिली है उन्हें भी उच्च जोखिम हैं। यदि पारिवारिक इतिहास सकारात्मक है तो जोखिम और भी बढ़ जाता है।

**घर के अंदर कोयला जलाना-** ऐसे पर्याप्त प्रमाण है की खाना पकाने या गर्म करने के लिये कोयले को घर के अंदर जलाने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। खराब हवादार मकान, खाना पकाने के लिये पारंपरिक स्टोव का प्रयोग वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप स्वास्थ्य को क्षति पहुंचती है।

**फेफड़ों में संक्रमण-** क्लैमाइडिया संक्रमण, निमोनिया या तपेदिक (टी.बी.) आदि फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते है। अनुसंधान इंगित करता है कह जो लोग टी.बी. से ग्रस्त है उनमें फेफड़ों के कैंसर का खतरा दोगुना हो जाता है।

**आहारः** ऐसे साक्ष्य है कि कुछ आहार कारक फेफड़ों के कैंसर के लिये सुरक्षात्मक हो सकते है और कुछ फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते है। जैसे बीटा कैरोटीन युक्त खाद्य पदार्थो (जैसे गाजर) का कम सेवन फेफड़ों के कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। विटामिन ए की कमी धूम्रपान करने वालों में फेफड़ों में स्क्रैमस सेल कार्सिनोमा (एक प्रकार का फेफड़ों का कैंसर) को विकसित करने की संभावना बढ़ता है। इसके अलावा पीने के पानी (मुख्य रूप से निजी कुएँ से) में पाया जाने वाला आर्सेनिक, फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है।

### फेफड़ों के कैंसर से बचाव

कोई ऐसा सिद्ध तरीका नही है जो फेफड़ों के कैंसर से पूर्णरूप से बचाव करने में सहायक हो। लेकिन फेफड़ों के कैंसर को कम करने हेतु कुछ कदम उठाये जा सकते है। निम्न तरीको द्वारा फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम होने में मदद मिलेगी-

**1. धूम्रपान न करना-** फेफड़ों के कैंसर को रोकने का सबसे सही तरीका है कि धूम्रपान न किया जाये, जितने भी लम्बे समय से आप धूम्रपान कर रहे हो धूम्रपान छोड़ना आवश्यक है। यदि 50 वर्ष की उम्र से पहले आप धूम्रपान छोड़ देते है तो अगले 10-15 साल में फेफड़ों के कैंसर का खतरा आधा हो सकता है। आपके चिकित्सक आपको धूम्रपान छोड़ने के तरीकों से अवगत करा सकते है।

**3. निपि धूम्रपान-** यदि आप ऐसी जगह रहते या काम करते है जहां कोई व्यक्ति धूम्रपान करता है तो उससे धूम्रपान छोड़ने के लिये आग्रह करें। यदि नही तो उन्हें धूम्रपान बाहर जा कर करने के लिये अनुरोध करें। रेस्तरां, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि में धूम्रपान क्षेत्रों से बचे।

**4. रेडान के जोखिम से बच-** यदि आप एक ऐसे क्षेत्र में रह रहे है जहाँ रेडान एक समस्या है तो अपने घर में रेडोन के स्तर की जाँच करायें और जोखिम को कम करने के लिये कदम उठाएँ।

**5. कार्यस्थल पर जोखिम कम करें:** कार्यस्थल पर जहरीले रसायनों से अपने आप को बचाने के लिये अपने नियोक्ता द्वारा निर्देशित सावधानियों का पालन करें। निम्नलिखित सामान्य तौर पर कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करते है (सिर्फ फेफड़ों के कैंसर को नहीं)
आहार में फल ओर सब्जियों की अधिकता।
नियमित शारीरिक गतिविधियों में संलग्न रहना।

### इसके आम लक्षणों में शामिल हैं:

1. लगातार खाँसी जो सामान्य उपचार के बावजूद बढ़ती जाती है।
2. साँस की तकलीफ।
3. कफ (बलगम) में खून आना।
4. खाँसी के साथ खून आना।
5. साँस में घरघराहट।
6. सीने या कंधे में दर्द।
7. वजन में अस्पष्टीकृत गिरावट।
8. अत्याधिक थकान।
9. भूख न लगना।

**फेफड़ों के कैंसर के कम सामान्य लक्षण**

ये लक्षण आमतौर पर फेफड़ों के कैंसर की अधिक उन्नत अवस्था से जड़े होते हैं:
- निगलने में कठिनाई
- आवाज बैठना (गला बैठना)
- बड़े हुये लिम्फ नोड्स की वजह से गर्दन में सूजन
- बार बार निमोनिया होना
- प्लेटलेट काउंट बढ़ना
- Pain दाँयी ओर की पसलियों में दर्द
- उंगलियों और नाखून के आकार में परिवर्तन
- कंधे में गम्भीर दर्द या दर्द जो हाथ से नीचे की तरफ आता है।

फेफड़ों के कैंसर के लिये स्क्रीनिंग
फेफड़ों के कैंसर के लिये तीन परीक्षणों का **स्क्रीनिंग के रूप में अध्ययन किया है:**

**1. छाती का एक्सरेः** यह छाती के अंदर के अंगो तथा हड्डियों का एक्सरे है।

**2. बलगम कोशिका विज्ञान-** यह एक प्रक्रिया है जहाँ बलगम का एक नमूना कैंसर की कोशिकाओं की जाँच के लिये लिया जाता है।

**3. सी.टी. स्कैन-** यह शरीर के अंदर के अंगो की विस्तृत तस्वीरों की एक श्रृंखला बनाता है। इस प्रक्रिया में कम विकिरण उपयोग की जाती है। इन तीनों परीक्षणों में छाती का एक्स-रे और बलगम कोशिका-विज्ञान को कैंसर का पता लगाने के लिये कम संवेदनशील पाया गया है। केवल सीटी स्कैन को फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग के लिये, उच्च जोखिम वाले रोगियों में इस्तेमाल करने की सिफारिश की गई है। भारत में फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग के लिये कोई दिशा-निर्देश नहीं है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के दिशानिर्देशों के अनुसार अगर आप निम्नलिखित मानदंडो को पूरा करते है तो आपको फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग करानी चाहिए।

1. यदि आपकी उम्र 55 से 74 वर्ष के बीच है।
2. यदि आपका 30 पैक प्रति वर्ष का धूम्रपान का इतिहास है।
3. आप या तो अभी भी धूम्रपान कर रहें है या पिछले 15 वर्षों में धूम्रपान छोड़ दिया है।
4. आपका स्वास्थ्य अच्छा है (आपको फेफड़ों के कैंसर के लक्षण या किसी गम्भीर चिकित्सा समस्या या फेफड़ों के कैंसर के इलाज का इतिहास नहीं होना चाहिए)।

### फेफड़ों के कैंसर का निदान

यदि आपको फेफड़ों के कैंसर के एक या अधिक संभावित लक्षण है तो आपको अपने चिकित्सक के पास जाँच हेतु जाना चाहिये।

### इमेजिंग परीक्षणः

**छाती का एक्स-रे-** यह आमतौर पर पहला परीक्षण है जो चिकित्सक द्वारा कराया जाएगा। यदि एक्स रे में कुछ संदिग्ध दिखाई देता है तो अन्य परीक्षणों का आदेश दिया जायेगा।

सी.टी.स्कैनः सी.टी. स्कैन एक्स रे की अपेक्षा फेफड़ों में उपस्थित ट्यूमर को दर्शाने में अधिक सक्षम होता है। सी.टी. स्कैन ट्यूमर के आकार आकृति और फेफड़ों की स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करता है और लिम्फ नोड्स या अन्य अंगो में कैंसर के प्रसार को खोजने में मदद करता है। सी.टी. निर्देशित सुई बॉयोप्सी- यदि सी.टी. स्कैन के दौरान में संदिग्ध ट्यूमर पाया जाता है तो चिकित्सक निदान हेतु कुछ ऊतक बॉयोप्सी द्वारा ले सकता है।

■ एम.आर.आईस्कैन-एम.आर.आई का उपयोग ज्यादातर मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में फेफड़ों के कैंसर के प्रसार को देखने के लिये किया जाता है। सी.टी. स्कैन के विपरित एम.आर.आई. में रेडियों तरंगी और मजबूत चुम्बकों का उपयोग किया जाता है और इसमें विकिरण का प्रयोग नही किया जाता।

■ पी.ई.टी. स्कैन (पॉस्ट्रिौन स्कैन) पी.ई.टी. स्कैन यह देखने के लिये है कि कही कैंसर लिम्फ नाड्स या अन्य क्षेत्रों में तो नही फैला है जो यह निर्धारित करता है की शल्य चिकित्सा की आवश्यकता है या नही। पी.ई.टी. स्कैन उस अवस्था में भी उपयोगी होता है जब कैंसर फैल चुका है लेकिन यह पता नहीं चल पा रहा कि कहाँ फैला है।

### प्रयोगशाला परीक्षण-

इमेजिंग द्वारा फेफड़ों में रसौली का पता लगाया जा सकता है, पर यह कैंसर है या नहीं इसकी पुष्टि कोशिकाओं की जाँच द्वारा ही संभव हैं। यह कोशिकाएँ बलगम, छाती में भरे पानी या रसौली की सुई/टुकड़े की जाँच द्वारा ली जा सकती हैं।

**बलगम की जाँच नमूनाः** बलगम के नमूने की माइ कोस्कोप द्वारा कैंसर कोशिकाएँ देखने के लिये जाँच की जाती है। इसके लिये सबसे उपयुक्त नमूना सुबह का खाँसी के पश्चात् उत्पन्न बलगम है। यह जाँच 3 दिन तक की जाती है।

**सुई बॉयोप्सीः** इस परीक्षण के लिये एक ऊतकों का छोटा सा नमूना पाने के लिये एक खोखली सुई को ट्यूमर में प्रविष्ट किया जाता है। यह जाँच एफ.एन.ए.बी. (सुई की जाँच) द्वारा एक पतली सुई के साथ सिरिंज लगाकर कुछ कोशिकाएँ और ऊतक लेकर की जा सकती है अथवा कोर बायोप्सी भी की जा सकती है, जिसमें ऊतकों का बेलनाकार टुकड़ा लिया जाता है।

**ब्रौन्कोस्कोपी-** इस परीक्षण के लिये एक लचीले फाइबर आप्टिक ट्यूब को मुँह या नाक के रास्ते सांस की नली में और नीचे पारित कर दिया जाता है। डॉक्टर ट्यूब के अंदर ट्यूमर तथा श्वास नलिकाओं में रुकावट देखता है। छोटे उपकाणों को भी ब्रोकोस्कोप द्वारा बायोप्सी लेने के लिये पारित किया जा सकता है। ब्रश द्वारा भी श्वास नलिका से ऊतकों की जाँच के लिये लिया जा सकता है।

**थोराकोसैन्टैसिस-** यह प्रक्रिया तब की जाती है जब फेफड़ों के आसपास तरल पदार्थ एकत्रित हो जाता है जो सांस लेने में कठिनाई पैदा करता है। एक खोखली सुई पसलियों में डाली जाती है जो तरल पदार्थ को निकालने में मदद करती है। इस पदार्थ को ट्यूमर कोशिकायें की जाँच के लिये भेजा जाता है।

**फेफड़ों के कैंसर का निदान**

यदि आपको फेफड़ों के कैंसर के एक या अधिक संभावित लक्षण है तो आपको अपने चिकित्सक के पास जाँच हेतु जाना चाहिये।

**चिकित्सा का इतिहास और शारीरिक परीक्षणः** यदि आपके चिकित्सक को संदेह है की आपको फेफड़े का कैंसर हो सकता है तो वह आपसे धूम्रपान, आपके व्यवसाय आदि जैसे जोखिम कारकों के बारे में पूछ सकता है।
वह आपकी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं तथा फेफड़ों के कैंसर संबंधी जाँच करेगा और परीक्षण हेतु सलाह भी दे सकता है।

### फेफड़ों के कैंसर की अवस्थाये-

**चरण 1 :** इस अवस्था में ट्यूमर का माप 5 से.मी. से कम होता है और यह केवल फेफड़ों तक सीमित होता है। कैंसर लिम्फ नाड्स तक नहीं फैला होता है।

**चरण 2 :** यदि निम्नलिखित अवस्थाओं में से किसी एक की भी उपस्थिति है तो यह फेफड़े के कैंसर की दूसरी अवस्था के रूप में वर्गीकृत होती है:
■ ट्यूमर का आकार 5 से.मी. से अधिक होना।
■ लिम्फ नोड्स तक फैला हुआ कैंसर।
■ ट्यूमर 7 से.मी. से अधिक हो और लिम्फ नोड्स तक ना फैला हो।

**निम्नलिखित क्षेत्रों तक फैला कैंसरः** छाती की दीवार, फेफड़ों के तहत मांसपेशियाँ, तंत्रिका श्वासपटल या हृदय को दबाने वाली परत (मीडियास्टाइनल फुस्फुस अथवा पार्श्विका पेरीकर्डियम)
■ मुख्य श्वसनी जहाँ विभाजित होकर फेफड़ों में जाती है वहाँ कैंसर का होना।
■ फेफड़े के एक भाग का पतन।

**चरण 3**

यदि निम्न में से किसी भी एक की उपस्थिति है तो इसे कैंसर को तीसरी अवस्था में वर्गीकृत किया गया है:
■ पूरे फेफड़ों का खराब हो जाना।
■ कैंसर छाती की दीवारों, फेफड़ों की मॉंसपेशियाँ, दिल के आसपास की त्वचा तक फैल गया हो।
■ छाती की विपरित दिशा में लिम्फ नोड्स का फैलाव।
■ सीने में दिल की प्रमुख संरचनाओं की भागीदारी रक्त वाहिका शामिल है।

**चरण 4**

यदि कैंसर जिगर, हड्डियों या मस्तिष्क के आसपास फैल गया है।

### फेफड़े के कैंसर का उपचार

फेफड़े के कैंसर का उपचार निम्न जानकारी पर निर्भर करता है-
- फेफडों के कैंसर का प्रकार,
- कैंसर का माप,
- कैंसर स्थानीय है या मैटास्टैटिक
- रोगी की सामान्य दशा

उपचार रूपरेखा-
सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और लक्षित चिकित्सा में से कोई भी अकेले या संयोजन में उपरोक्त जानकारी के आधार पर।

### शल्य चिकित्सा

शल्य चिकित्सा ज्यादातर नॉन स्माल सैल कैंसर के लिये या पला स्माल सैल कैंसर के ईलाज के लिये की जाती है। शल्य चिकित्सक सिथति के अनुसार फेफड़े का एक छोटा हिस्सा (वेज अच्छेदन) बड़ा हिस्सा (सखण्ड अच्छेदन) एक फलि या संपूर्ण फेफड़ा निकाल सकता है।

### कीमोथेरेपी

कीमोथेरेपी दवाओं के संयोजन में आमतौर पर बीच में ब्रेक के साथ हफ्तों या महीनों की अवधि में दिये जाते है। कीमोथेरेपी शल्य चिकित्सा से पहले (कैंसर को छोटा करने के लिये) या बाद में (बची हुई कैंसर कोशिकाओं को मारने के लिये) भी दी जाती है। कुछ मामलों में यह चिकित्सा दर्द और उन्नत कैंसर के अन्य लक्षणों को राहत देने के रूप में इस्तेमाल की जाती है।
रेडियो थेरेपी

**विकिरण चिकित्साः** शरीर के बाहर से विकिरण (बाहरी बीम विकिरण) या कैंसर क्षेत्र के पास (ब्रेकीथेरेपी) द्वारा फेफड़े के कैंसर पर निर्देशित की जा सकती है। विकिरण चिकित्सा शल्यक्रिया के बाद बचे हुए कैंसर कोशिकाओं के खत्म करने के लिए अथवा अग्रिम अवस्था में प्रशामक चिकित्सा के रूप में दर्द व अन्य लक्षणों को कम करने के लिए प्रयाग की जा सकती हैं।

### लक्षित ड्रग थेरेपी

लक्षित चिकित्सा (एन.एस.सी.एल.सी. के लिये) लक्षित चिकित्सा में दवाएँ कैंसर कोशिकाओं के आणविक लक्ष्यों पर असर करती है। ये दवाएँ केवल कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं और कैंसर के फैलाव तथा विकास को रोकती हैं।

**कीमोथेरेपी-**इन लक्षित चिकित्सा दवाओं से भिन्न हैं क्योंकि कैंसर के साथ शरीर की अन्य कोशिकाओं को भी प्रभावित करती है। लक्षित चिकित्सा के दुष्प्रभाव बहुत ही कम है, क्योंकि ये दवाएँ शरीर की सामान्य कोशिकाओं पर प्रभाव नहीं करती है।



**डॉ. बी बालाकृष्ण,** स्वांस एवम् छाती रोग वशेषज्ञ
सन शाइन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जी. ई. रोड भिलाई -3 दुर्ग.

# महिला पंचायत पदाधिकारियों के कार्य में रिश्तेदार हस्तक्षेप नहीं कर सकेंगे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासन द्वारा यद्यपि त्रिस्तरीय पंचायती राज्य के अंतर्गत महिलाओं के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक विभिन्न वर्ग के महिलाओं को आगे बढ़ाने हेतु उनके लिए पर्याप्त रूप से क्षेत्र सहित कुल सीटों और पदों में 50प्रतिशत आरक्षण किया गया है जहां से महिलाएं निर्वाचित होकर आ तो जाती है किंतु उसके बाद 5 साल तक केवल रबड़ स्टेम्प बन कर रह जाते हैं क्योंकि उनके करीब के रिश्तेदारों के द्वारा ही सारा निर्णय लिया जाता है जिससे महिलाओं को मिले अधिकारों का हनन होता है वहीं दूसरी तरफ महिलाएं अपने विवेक से कोई भी निर्णय ले नहीं पाते और 5 साल के बाद जिस अवस्था में वह निर्वाचित होकर आई रहती है उसी अवस्था में वापस पहुंच जाती है यद्यपि बहुत सारे महिलाएं ऐसी भी हैं जो स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हुए त्रिस्तरीय पंचायत में कार्य कर अपना नाम अपनी छवि को समाज के सामने लाने में सफल हुए हैं किंतु उसके बाद भी अधिकांश जनप्रतिनिधि महिला जनप्रतिनिधि के रुप पंचायत में चुनाव जीतने के बाद केवल पद तक ही सीमित हो जाते हैं।

### नहीं हो पाता कई बार उचित निर्णय

चुनाव जीतने के बाद महिलाएं केवल हस्ताक्षर करने तक ही सीमित हो जाते है वही उनके करीब के रिश्तेदार महिला जनप्रतिनिधि महिल को मिले अधिकारियों का लगातार उपयोग दुरुपयोग करने लग जाते हैं इसी कारण कई बार जनप्रतिनिधि के स्थान पर रिश्तेदार के द्वारा निर्णय लिए जाने से उचित निर्णय नहीं हो पाता इसी चलते कई बार पक्षपाती ढंग से निर्णय लेते हुए संबंधित पक्ष के ऊपर कार्यवाही कर देते हैं जिससे संबंधित व्यक्ति को जहां उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं त्रिस्तरीय पंचायती राज्य का उद्देश्य खत्म हो जाता है और महिला जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार अपनी मनमानी करते हुए काम करने लग जाते हैं जिसे चाहते हुए भी संबंधित अधिकारी भी वहां पर कुछ नहीं कर पाता।

### जिला पंचायत सीईओ ने लगाई रोक, ऐसा होने पर होगी कार्यवाही

पंचायत कार्यालय में महिला पंचायत पदाधिकारियों के रिश्तेदारों द्वारा किसी भी कार्य के लिए उनके रिश्तेदारों के द्वारा लगातार दखल किए जाने से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत सीईओ ने महिला पंचायत पदाधिकारियों के किसी भी रिश्तेदारों को पंचायत कार्य में हस्तक्षेप करने पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है इस संबंध में -जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति रीता यादव ने बताया कि पंचायत कार्यालय (जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत) परिसर के भीतर महिला पंचायत पदाधिकारियों को पंचायत के किसी कार्य में उनके सगे संबंधी अथवा रिश्तेदार हस्तक्षेप नही कर सकेंगे। हस्तक्षेप करने पर संबंधित महिला पंचायत पदाधिकारी के विरूद्ध पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायतराज अधिनियम के तहत निर्वाचित महिला पंचायत पदाधिकारियों के पंचायत के कामकाज यथा नियोजन, क्रियान्वयन एवं नियत्रण आदि में स्वंय निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं में महिला पदाधिकारियों की भागीदारी हेतु 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

# उद्यानों में लगे बच्चों के खेल सामग्री हो गए कबाड़

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा जिले सहित कवर्धा शहर में जितने भी वाटिका उद्यान है ,उनमे ज्यादातर बच्चों के खेल और मनोरंजन के सामग्री कबाड़ में तब्दील हो रहे है इनका रखरखाव कई सालों से नहीं हुआ है न ही इनका कोई मरम्मत हुआ है इन मनोरंजन के लोहे के सामानों में कई जगह जंख तक लग चुके है। कई झूले टूटने के कगार पे है बच्चों की फिसल पट्टी से लेकर जितने भी खेल मनोरंजन सामग्री है सब खतरनाक साबित हो रहे है कई बार इसमें खेलते हुए बच्चो को चोट तक लग जाती है कई पलकों को उद्यान लाने के पश्चात डर बना रहता है कही बच्चे को चोट न लग जाये इससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है के लोहे के सामानों में जंख लग चुका है उसमें अगर बच्चो को चोट लगती है तो कितना खतरनाक साबित हो सकता है। लेकिन इस सबसे लापरवाह नगरपालिका ही नहीं समस्त शासन प्रशाशन संबंधित विभाग सबकी लापरवाही है इन सब चीजों को पहले प्रथमिकता से संचालन होना चाहिए लोगों का और बच्चों का बौद्धिक विकास होता है इन मनोरंजन के साधनों से लेकिन लोगों की माने तो कहते है ये सब कई सालों से पूरे कवर्धा शहर सहित जिले के सभी जगहों का यही हाल है एक बार सब समान लगाने के बाद दोबारा कोई सुध नही लेता है जबकि होना तो ये चाहिए के लोगो को इतनी सुविधाएं तो सुचारू रूप से उपलब्ध तो होना ही चाहिए जिससे कुछ वक्त बच्चों के साथ साथ खुद का मानसिक विकास हो सके ज्यादातर उद्यानों और वाटिका में साफ सफाई पेयजल बाथरूम तक कि सुविधा नही है और है भी तो अधूरा गंदगी से भरी हुई मानो के वर्षो से सफाई नही हुई हो कहा जाए तो कुलमिलाकर हालात पे कोई सुध नही लेता है ऐसे ही कई सालों से देखा जा रहा है लोगों में चर्चा भी होती है ये हालात सुधर जाते तो बच्चों के साथ साथ हम सबके लिए बेहतर होता अब नगरपालिका और संबंधित विभाग से उम्मीद है जो बेहतर सुविधा आमजन को दे सके।

**पुरानी रंजिश को लेकर था विवाद**

# गाली गलौज व धमकी, मारपीट, चोट पहुंचाने वाले दो गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रात्रि में प्रार्थी रामचरण बंजारे (60) साकिन मोतिमपुर थाना नवागढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 08.अगस्त को शाम करीबन 6-7 बजे रज्जू के किराना दुकान के आगे दीपक बंजारे एवं संदीप बंजारे सड़क किनारे शासकीय जगह क्यों घेरे हो तथा पूर्व रंजिश रखते हुये उनका लड़का रामलाल बंजारे को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से तथा डंडा से हत्या करने की नियत से प्राणघातक हमला कर सिर में गंभीर चोट पहुंचाया है, तथा बाये हाथ के पंजा, दाहिने हाथ में चोट आया है बीच बचाव करने प्रार्थी अपने लड़का सतीश एवं मां दशोदा बंजारे के साथ गया तो प्रार्थी मां दशोदा बंजारे को भी डंडा से मारपीट किया है जिससे दाहिने आंख के पास चोट आई है। रामलाल बेहोश है इस रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक अंबर सिंह एवं थाना स्टाफ द्वारा प्रकरण में विवेचना आरोपी पता तलाश के दौरान आज 9.अगस्त को आरोपी 1. दीपक बंजारे पिता स्व. नरेश बंजारे (30) 2. संदीप बंजारे पिता स्व. नरेश बंजारे(25) साकिनान मोतिमपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा को गिरफ्तार कर न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया।



उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अंबर सिंह, प्र. आर. सुरेश सिंह, प्र. आर. पवन सिंह राजपुत, आर. संतोष साहू, आर. जगतारण नारंग, आर. रविकांत चंद्रवंशी एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# बैजलपुर राज्य ग्रामीण बैंक में लॉकडाऊन नियम का नहीं हो रहा पालन

**कवर्धा।** बोड़ला ब्लॉक के बैजलपुर राज्य ग्रामीण बैंक में लॉंडाऊन शासन,प्रशान के नियम का नहीं हो पा रहा पालन व नियम का उठाया जा रहा है धजिया बैंक अंदर भीड़ देखा जा सकता है और इसी क्षेत्र के तरेगाँव जंगल में पुलिस विभाग के कुछ जवान कोरोना संक्रमित पाया गया उसके बाद भी सबक नही लिया जा रहा। भोले-भाले आदिवासी को पैसा के लिए घूमाया जाता है, बैजलपुर राज्य ग्रामीण बैंक में क्षेत्र के भोले ,भाले आदिवासी लोगों को पैसा के लिए घूमाया जाता है व कई ग्राहक बैंक के कुछ अन्य काम से भी भटकते रहते है।

बैंक केशियर 12 बजे पहुँचे पैसा के लिए ग्राहक कर रहे इंतजार बैजलपुर ग्रामीण बैंक में केशियर12 बजे पहुँचे व ग्राहक कर रहे पैसा के लिए इंतिजार व लगी भीड़ व ग्राहक से ठीक से व्यवहार भी नहीं करते और भड़क जाते है और ग्राहक को घूमा भी देते है कई ग्राहक से सूना जा सकता है। बैजलपुर ग्रामीण बैंक मैनेजर बोले मैं अपने बाप को मोबाईल नम्बर नहीं देता तो पत्रकार को कैसे दूं।

# रौना में प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं का किया जा संचालन

**8 सार्वजनिक जगहों में लगाई जा रही शाला**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रौना के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओ का संचालन पूर्णतः सामुदायिक सहभागिता से शासन के नियमो को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। गपड़ई तुंहर द्वारग के तहत गांव में 8 सार्वजनिक जगहों पर शाला लगाई जा रही है। सरपंच, ग्राम शिक्षा समिति की सहमति के बाद प्रधान पाठक प्रवीण लोनहारे के अथक प्रयासों से शिक्षक संगवारियो का एक दल बनाया गया हैं। जिसमें गावँ के उच्च योग्यता धारियों का चयन किया गया। जो समर्पित होकर बच्चों को पड़ा सके। आज बच्चों तथा पालकों में पढ़ने पढ़ाने की होड़ मची है। शत प्रतिशत बच्चे शाला आ रहे है। ग्राम के सरपंच चन्दूलाल कुभंकर के द्वारा मास्क का वितरण किया गया हैं। शाला संचालन में योगदान दे रहे है।



प्रधानपाठक प्रवीण लोनहारे ने बताया कि हम 15 जून से ही उच्च अधिकारियों की सहमति से गहमर लइका हम पढाबोग के नाम से शाला आंरभ कर दिए थे। किंतु आसपास के गांवों में संक्रमण की दहशत से अचानक बंद करना पड़ गया था।

आज मुझे इस बात का गर्व है कि हमारी योजना को प्रदेश के लिए चयन किया गया। ग्राम के शिक्षक संगवारी अमित कुंभकार, दीपेश देशमुख, सोमन यादव, अजय कुमार, कौशल कुमार, टोमेस्वर कुमार, खिलेश निषाद, खेमेस्वर देशमुख, लगन एवं मेहनत से समर्पित होकर स्वफूर्त बच्चो की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रहे है।

## क्विक न्यूज

### श्री राम फायनेंस के घरघोड़ा ब्रांच मैनेजर पर 16 बाईक की हेराफेरी का आरोप

- हेड आफिस रायपुर से जांच में आए लीगल मैनेजर ने घरघोड़ा थाने में दर्ज कराया अपराध

**रायगढ़।** श्री राम फायनेस हेड आफिस रायपुर में लीगल मैनेजर पद पर कार्यरत संदीप सिन्हा कम्पनी के घरघोड़ा ब्रांच की जांच में आए हुए थे। उन्होंने बताया कि घरघोड़ा के श्रीराम फायनेस में ब्रांच मैनेजर के पद पर खेमराज गुप्ता (क्रांति गुप्ता) पिता कृष्णचंद गुप्ता निवासी छोटे गुमड़ा घरघोड़ा में वर्ष 2018-2019 से कार्यरत है। खेमराज गुप्ता अपने पद का दुरूपयोग करते हुए फर्जी तरीके से कम्पनी की अधिकृत सम्पत्ति लगभग 16 मोटर सायकल जिसका वर्तमान मूल्य लगभग 12 लाख रुपए है। उसे कम्पनी से धोखाधड़ी कर कई व्यक्तियों को फायनेंस कर गबन किया गया है। लीगल मैनेजर/प्रार्थी संदीप सिन्हा पिता स्व. अर्जुन प्रसाद सिन्हा उम्र 34 वर्ष निवासी स्टेशन पारा सिलयारी थाना घरसिंवा जिला रायपुर की रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में आरोपी खेंमराज गुप्ता के खिलाफ धारा 408 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# चोरों ने एक घर को दो बार बनाया निशाना, मोबाइल व बाइक की चोरी

### डभरा क्षेत्र के तीन चोरों से चोरी बाइक व मोबाइल बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरसिया के ग्राम कलमी में अज्ञात चोरों ने एक ही मकान को दो बार निशाना बनाकर घर से पहली बार मोबाईल तथा दूसरी बार गलियारे में खड़ी बाईक को चोरी कर ले गए। चोरी के मामले में शातिर तीन चोर चोरी की मशरूका के साथ अब खरसिया पुलिस के गिरफ्त में हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो माह पहले ग्राम कलमी के फिरोज सिंह सिदार के घर से अज्ञात चोर 1000 रुपए नगद, एक मोबाईल व बैंक एटीएम कार्ड चोरी कर ले गए थे। चोरी के संबंध में धारा 457, 380 पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी कि सात अगस्त को इसी घर के गलियारा में खड़ी मोटर सायकल होंडा लिवो को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। चोरी के संबंध में धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। अज्ञात चोरों की पतासाजी दौरान खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक एसआर साहू को ग्राम कुधरी थाना डभरा के तीन युवक गुलेश कुमार अंचल, हरिराम खूंटे, सनातन रौतिया की संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में उनके मुखबिर ने सूचना दिया। जिस पर खरसिया स्टाफ तीनों को पकड़कर पूछताछ के लिए थाने लायी और उनसे कड़ी पूछताछ किया गया।

पूछताछ में गुलेश और हरिराम खूंटे पहली बार घर से मोबाईल और नगदी की चोरी करना तथा सात अगस्त की रात तीनों मिलकर बाईक की चोरी करना स्वीकार किए हैं। आरोपियों से चोरी गई होंडा लिवो मोटर सायकल एवं रियल मी 3 प्रो मोबाईल जप्त किया गया है। तीनों आरोपी गुलेश कुमार अंचल पिता यादराम अंचल उम्र 22 वर्ष, हरिराम खूंटे पिता सौकी लाल उम्र 22 वर्ष, सनातन रौतिया पिता खीर प्रसाद उम्र 18 वर्ष तीनों निवासी कुधरी थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा को उपरोक्त अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## बाइक पर शराब का अवैध परिवहन, ट्यूब में भरी 102 लीटर महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीती रात गस्त के दौरान तमनार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की मोटर सायकल पर हमीरपुर की ओर से एक युवक बाईक पर शराब लेकर तमनार की ओर आ रहा है। सूचना पर थाना तमनार से सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू एवं आरक्षक अरविंद पटनायक धौंराभांठा चौंक के पास रात करीब तीन बजे एक युवक को ट्रक टायर ट्यूब एवं एक प्लास्टिक की बोरी वाले थैला को बाईक पर लादे हुए लेकर आते हुए पकड़े। जिसे रोककर चेक करने पर उसके पास से 102 लीटर महुआ शराब मिला। युवक ने अपना नाम राजू सिंह पिता धमेन्द्र सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी कुसमेल थाना तमनार बताया है। जिस पर थाना तमनार में धारा 34(2)59 आबकारी एक्ट की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह खरसिया टाऊन एवं बायपास में शनिवार को सार्वजनिक स्थानों पर खुले आम शराब पीने वालों की धरपकड़क की कार्रवाई शाम से रात करीब 10 बजे तक चली। इस दौरान खरसिया के गौशाला के सामने प्रतिक्षालय में, कोयला सायडिंग एवं मौहापाली चौक खरसिया में खुले आम शराब का सेवन कर रहे आठ लोगों को चौकी खरसिया पुलिस ने पकड़ा। चौकी प्रभारी खरसिया द्वारा पकड़े गए आरोपी सौरभ पिता चंद्रराम अनंत उम्र 28 वर्ष निवासी केदार पारा वार्ड न. एक बाराद्वार जिला जांजगीर चांपा, पवन मेघानी पिता स्व. राकेश मेघानी उम्र 32 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी खरसिया, राकेश टांड पिता करूण टांड उम्र 21 साल निवासी जवहार कालोनी खरसिया, बंटी शर्मा पिता राजकुमार शर्मा उम्र 21 साल साकिन गंजपीछे खरसिया, बलराम पिता सुरेश कुमार अग्रवाल उम्र 30 साल निवासी पोस्ट आफिस रोड खरसिया, मयंक ऊर्फ मोन्टू पिता स्व. जगदीप प्रसाद अग्रवाल उम्र 35 साल निवासी जवहार कालोनी खरसिया, अमरनाथ गोयल पिता स्व. मांगे राम गोयल उम्र 46 साल गंज बाजार पुरानी हटरी खरसिया, मोहन सोनी पिता रंजीत सोनी उम्र 32 वर्ष निवासी मौहापाली खरसिया को सख्त हिदायत दिया गया है कि अगली बार और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि उपज मंडी अस्थाई रूप से बना गौठान

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर के पार्षद एवं नगरवासियों के द्वारा आवारा पशुओं को कृषि उपज मंडी जैजैपुर में गौठान के रूप में अस्थाई रूप से बनाया गया। जहां पर पार्षदगण एवं नगरवासी के द्वारा आवारा पशुओं को लगभग 250-300 के बीच कृषि उपज मंडी ले जाकर उन्हें रखा गया। जहां पर अस्थाई गौठान बनाया गया। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल के कारवां को आगे बढ़ाने के लिए नगर वासियों ने कदम उठाए और आवारा मवेशियों को कृषि उपज मंडी जैजैपुर में ले जाकर रखें। जहां पर नगर वासियों के खेतों का नुकसान ना हो सके करके यह कदम को उठाया गया नरवा,गरबा,घुरवा एवं बाड़ी मुख्यमंत्री का प्रथम उद्देश्य रहा कि हमारे प्रदेश के लोगों को अच्छी फसल मिल सके यही एक माध्यम है। उसी परपस को लेकर पार्षदगण एवं नगरवासी रात्रि कालीन आवारा मवेशियों को कृषि उपज मंडी में अस्थाई गौठान के रूप में रखा गया ताकि मवेशी भी सुरक्षित रहें और उन्हें 2 जून का हरा आहार मिल सके,और शासन को मवेशी के द्वारा गोबर मिल सके जो गोबर से उर्वरक बनाया जा सकेगा जिसको हमारे देश के मुख्यमंत्री 2 किलो के हिसाब से गोबर को खरीद रहे हैं इस गोबर से खेतों को अच्छा प्रतिफल एवं गुणवत्ता खेतों को मिलने का आसार हो रहा है। जब दूसरे दिन कृषि उपज मंडी जैजैपुर में मवेशियों को देखने के लिए हमारे प्रतिनिधि ने गया तो वहां पर कृषि उपज मंडी का खुला गेट मिला जहां पर लगभग 50 मवेशी पाए गए 200 से ढाई सौ मवेशी कृषि उपज मंडी से बाहर निकल कर खेत मैं दिखाई दिए । इस तरह से पार्षदगणों एवं नगरवासियों का मवेशी को इकट्ठा करना विफल हो गया अब यह देखते हैं , कि आज रात्रि को क्या पुनः मवेशी को कृषि उपज मंडी जैजैपुर में लाकर नगरवासी रखते हैं या यह कदम टाय - टाय फिस हो जाता है।

## आदिवासियों के अधिकार के लिए निरंतर कार्यरत है सरकार : उमेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर खरसिया विकासखण्ड के बरगढ़ खोला स्थित फरकानारा से वन अधिकार पत्र वितरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत के पूर्व उन्होंने डोमनारा में स्थापित शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि कि छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में वन्य क्षेत्रों में निवासरत आदिवासी समुदाय के जल, जंगल, जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने वन अधिकार पत्र वितरण को इस दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जमीन का अधिकार मिलने से हितग्राही के द्वारा पीढ़ियों से काबिज भूमि उसके नाम से शासकीय दस्तावेजों में दर्ज हो जाएगी जिससे वह सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़कर उसका लाभ ले सकेगा। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के द्वारा आदिवासी हितों के लिए किए संघर्ष को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का यही प्रयास है कि वन्य क्षेत्र में रह रहे आदिवासी और परम्परागत वन निवासियों को उनका हक मिले जिससे वे पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन मे आगे बढ़ सकें इसके लिए सरकार भी इन क्षेत्रों में सड़क व भवन निर्माणए शिक्षा व चिकित्सा जैसे मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए लक्षित योजनाएं बनाकर लगातार उसका प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। कार्यक्रम में धारा 3 (1) के तहत 32 सामुदायिक वन अधिकार पत्र संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को सौंपे गए।

## जेएलएनडी कॉलेज के अंतिम वर्ष के स्वाध्यायी छात्रों के लिए दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जवाहर लाल नेहरू उपाधि महाविद्यालय सक्ति के अंतिम वर्ष के नियमित एंव सभी वर्ष के स्वाध्यायी छात्र छात्राओं की आनलाइन परीक्षा लेने के बारे मे विचार किया जा रहा है, जिसके लिए नीचे दिये गये निम्नलिखित जानकारियां भर कर दिये गये वाट्सएप नंबर पर भेज सकते है,उक्ताशय की जानकारी देते हुए महाविधालय प्रबंधन ने बताया है कि नियमित(रेगुलर)छात्र जिन्होने पहले ईमेल आईडी/वाट्सएप नं आदि भेज दिया था, उन्हें दुबारा भेजने की जरूरत नहीं है, स्वाध्यायी(प्राईवेट) के प्रथम/द्वितीय/तृतीय तीनो वर्ष के छात्रों को यह जानकारी आवश्यक रुप से भेजनी है,तथा इस जानकारी में परीक्षार्थी का नाम,रोल नंबर, कक्षा,स्वयं का वाट्सएप नं, स्वयं का ईमेल आईडी की समस्त जानकारीयो को संपर्क सूत्र 9977652639 एंव 9329342626 दोनो मे से किसी एक वाट्सएप नं पर भेज सकते है, जानकारी भेजने की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2020 है, जो पहले अपनी जानकारी नहीं भेज पाये थे वो अभी भेज सकते है।

## विश्व आदिवासी दिवस : मुख्यमंत्री बघेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित

- जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्राकर और कलेक्टर एल्मा ने बांटा वन अधिकार पत्रक
- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मुख्यमंत्री बघेल ने विडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने पूरे आदिवासी समाज को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टोरेट स्थित स्वान कक्ष में आयोजित विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुंगेली जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, कलेक्टर पी.एस.एल्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी नुपूर राशि पन्ना, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कुमारी शिल्पा सांय सहित विभिन्न वन अधिकार समिति के अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए । इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमति चंद्राकर और कलेक्टर श्री एल्मा ने संयुक्त रूप से वनो से आच्छादित ग्राम पंचायत कारीडोगरी, बघनीभांवर, बिजराकछार, और चेंचानडीह के 24 वन अधिकार समिति के अध्यक्षों को सामुदायिक प्रयोजन हेतु लगभग 70 हेक्टेयर वन क्षेत्र भूमि का वन अधिकार पत्रक प्रदान किया। सामुदायिक वन अधिकार के तहत दी गई भूमि पर चारागाह, आंगनबाडी भवन, प्राथमिक एवं शासकीय माध्यमिक शाला, सामुदायिक भवन और मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीमति चंद्राकर और कलेक्टर एल्मा ने जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम बंधवा में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 8वीं में 93.18 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली छात्रा कुमारी खुशबू और कक्षा 8वीं की ही छात्रा कुमारी उषा ध्रुव द्वारा 91.36 प्रतिशत अंक हासिल करने पर उन्हे प्रमाण पत्र और प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल एवं सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल ने अपने निवास कार्यालय में मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत की और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होने विडियो कॉन्फ्रेसिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास और सस्कृति है।

## शंकर लाल बने संयुक्त शिक्षक शिक्षाकर्मी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**सक्ति।** कोरोना वायरस के संक्रमण काल को देखते हुए संयुक्त शिक्षक/शिक्षाकर्मी संघ शक्ति ,शैक्षणिक, जिला शक्ति, पंजीयन क्रमांक 2571 की ऑनलाइन वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें केदार जैन (प्रांत अध्यक्ष) गिरजा शंकर शुक्ल (उप प्रांत अध्यक्ष) ,मुकुंद उपाध्याय (बिलासपुर संभाग प्रभारी) के निर्देश पर तथा नारायण प्रसाद देवांगन (जिला अध्यक्ष शैक्षणिक जिला शक्ति) की अनुशंसा पर - शंकर लाल जांगड़े को जैजैपुर ब्लॉक अध्यक्ष (संयुक्त शिक्षक/ शिक्षाकर्मी संघ) मनोनीत किया गया । जांगड़े शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथिया में पदस्थ है। जांगड़े जी के द्वारा संगठन एवं शिक्षक के हितों को ध्यान में रखते हुए समर्पित भाव से सबको साथ लेकर काम करने की बात कही गई। वर्चुअल बैठक में प्रांत संभाग के पदाधिकारी के साथ साथ शक्ति इकाई के राजेश राठोर,देवाशीष बैनर्जी,द्वारिका प्रसाद पटेल (संयोजक) अभिमन्यु बघेल (ब्लॉक अध्यक्ष) ओम प्रकाश जयसवाल (ब्लॉक उपाध्यक्ष) प्रेम लाल पटेल (ब्लॉक सचिव) गूगन लाल रात्रे (ब्लॉक कोषाध्यक्ष) तथा नारी शक्ति से शमीम खान (ब्लॉक अध्यक्ष महिला) ,भारती देवांगन (ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला), अदितिबनर्जी(संयोजक-महिला),निशा साहू(सह संयोजक महिला) सक्रिय सदस्यों में दीपिका परधान, हेमलता साहू,रोशी वंदना तिर्की, ,शकुन्तला जगत,गीता सिदार, पुष्पा चंद्रा, विजयलक्ष्मी कंवर,जयप्रकाश बघेल,जीवन लाल अरमान, सुखचरण दिवाकर, सोहनपाल नेताम, सुखदेव केवट,सुरेंद्र धैर्य तथा नगरीय निकाय के अन्य साथी उपस्थित रहे।

## संतान के लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



संतान के लंबी आयु के लिए महिलाओं के द्वारा रखा जाने वाले यह प्रमुख त्यौहार खमरछट की तैयारीयां जोर जोर से कि जा रही है। इस त्यौहार में महिला, दिन भर उपवास रखकर पसहर चावल एवं भैंस के दूध ,दही का सेवन करते है रविवार को मनाये जाने वाले इस त्यौहार के लिए बाजार भी सजकर तैयार हो या है। भैंस के दूध,दही एवं पसहर चावल के भाव आसमान पर रहे।

रविवार को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए माताओं द्वार के आंगन में आज ही तालाब बनाकर झरवेरी, ताश, पलाश की शाखा, रखकर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। रविवार की सुबह से ही महिलाएं उपवास रखकर दोपहर में सामूहिक रूप से श्रद्धाभक्ति एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगी। चना, गेंहू, धान, अरहर, मूंग, मक्का, जौ एवं महुवा के साथ नारियल, वस्त्र एवं श्रृगार सामग्री चढ़ाकर हलष्ठी की कथा सुनेगी, हलषष्ठी में भैंस के दूध, दही, घी तथा लाल रंग वाले पसहर चावल का अत्यधिक महत्व होने की वजह से ग्राहकों द्वारा पूजन सामग्री खरीदने के लिए बाजार तथा डेयरी में काफी भीड़ रही। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था इस दिन बिना हल चले अनाज का विशेष महत्व है। हलषष्ठी की पूजा में बिना हल चला अनाज ही चढ़ाया जाता है वहीं महिलाएं भी इस दिन बिना हल चले वाले अनाज पसहर चावल तथा बिना काटी सब्जी जैसे भाजी को ही भोजन के रूप में ग्रहण करती हैं। किंतु इस बार कोरोना संक्रमण की छाया त्यौवहार पर भी छाई हुए है, जिसके चलते उत्साह फिक्का नजर आ रहा है।

## पेज 1 के शेष...

### विश्व के कुल संक्रमितों में करीब...

का आंकड़ा 44,386 हो गया है। वहीं 1,535,743 लोग इस महामारी से ठीक हुए हैं।

रूस कोविड-19 संक्रमित मामलों में चौथे नंबर पर है और यहां इसके संक्रमण से अब तक 885,718 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 14,903 लोगों ने जान गंवाई है। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है जिसके कारण कोरोना से संक्रमित होने के मामले में वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 559,859 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 10,408 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं मेक्सिको में कोरोना से अब तक 480,278 लोग संक्रमित हुए हैं तथा इस वायरस से मरने वालों की संख्या 52,298 हो गयी हैं।

पेरू में भी कोरोना संक्रमण से लगातार हालात खराब होते जा रहे है। यहां संक्रमितों की संख्या 480,278 हो गई तथा 20,844 लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड-19 से संक्रमित होने के मामले कोलम्बिया ने चिली को पीछे छोड़कर अब आठवें नंबर पर काबिज है। यहां इससे अब तक 376,870 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 12,540 है। वहीं चिली नौवें स्थान पर है यहां अब तक 373,056 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 10,077 लोगों की मृत्यु हुई है।

ईरान संक्रमण के मामले में दसवें नंबर पर है। यहां अब तक इस महामारी से 326,712 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 18,427 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं स्पेन में कोरोना संक्रमितों की संख्या 314,362 है जबकि 28,503 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में संक्रमितों की संख्या 312,555 हो गई है और 46,659 लोगों की इसके कारण मौत हुई है। सऊदी अरब में कोरोना संक्रमण से अब तक 287,690 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 3,167 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान में कोरोना से अब तक 284,121 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 6,082 लोगों की मौत हो चुकी है तथा बंगलादेश में 257,600 लोग कोरोना की चपेट में आए हैं जबकि 3,399 लोगों की इस बीमारी से काल का ग्रास बन चुके हैं। यूरोपीय देश इटली में इस जानलेवा विषाणु से 250,566 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 35,205 लोगों की मौत हुई है। कोरोना संक्रमितों के मामले में अर्जेंटीना तुकी से आगे निकल गया है, यहां अब तक कोरोना से संक्रमित 246,499 मामले सामने आए है जबकि अभी तक कोरोना के संक्रमण से 4,606 लोगों की जान चली गयी है। तुर्की में कोरोना संक्रमितों की संख्या 240,804 हो गयी है और 5,844 लोगों की मौत हो चुकी है। फ्रांस में कोरोना संक्रमितों की संख्या 235,237 हो गई हैं और 30,327 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में अब तक 217,288 लोग इसकी चपेट में आए हैं तथा 9,202 लोगों की मौत हुई है। इराक में कोरोना से 150,115 लोग संक्रमित हुए हैं और 5,392 लोगों की मौत हुई है।

कोरोना वायरस से बेल्जियम में 9872, कनाडा में 9028, नीदरलैंड में 6178, इक्वाडोर में 5922, स्वीडन में 5763, इंडोनेशिया में 5723, मिस्र में 5009, चीन में 4686, बोलीविया में 3640, रोमानिया में 2700, फिलीपींस में 2270, ग्वाटेमाला में 2211, स्विट्जरलैंड में 1986, यूक्रेन में 1925, पोलैंड 1800, आयरलैंड में 1772, पुर्तगाल में 1756, पनामा 1639, होंडुरास 1476, किर्गिजस्तान 1468 और अफगानिस्तान 1312 लोगों की मौत हो चुकी है।

### भारत में अब तक 15 लाख ...

बताया कि एक दिन आने वाले कोरोना मामले की सर्वाधिक संख्या है. इसके अलावा 390 लोगों ने इस बीमारी से ग्रस्त होकर दम तोड़ दिया है. यहां महामारी से मरने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर अब 17,757 पहुंच गई है। वहीं, पिछले 24 घंटों में कर्नाटक में संक्रमण के 5,985 नए मामले सामने आए हैं जबकि 107 लोगों की मौत हो गई है. इसके बाद संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 1.78 लाख हो गई है. स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अब तक राज्य में इस महामारी की चपेट में आए लोगों में से 93,908 लोग ठीक हो चुके हैं. जबकि वर्तमान में 80,973 मरीजों का उपचार चल रहा है जिनमें से 678 आईसीयू में भर्ती हैं।

## कोरबा वन मण्डल के कुदमुरा रेंज में अवैध पेड़ कटाई की जांच शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले के कोरबा वन मण्डल अन्तर्गत कुदमुरा रेंज में सैकड़ों बेशकीमती साल और सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई की जांच का आदेश दिया गया है। जांच के बाद काटे गये पेड़ों की वास्तविक संख्या का पता चल सकेगा। यह जानकारी कुदमुरा रेंज के रेंजर बी पी मरावी ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि कुदमुरा रेंज में इमारती लकड़ी के पेड़ों की अवैध कटाई की जांच का निर्देश डिप्टी रेंजर और परिसर रक्षकों (बीट गार्ड) को दिया गया है। उनकी जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही काटे गये पेड़ों की संख्या की जानकारी दे पायेंगे।

इधर वन मण्डलाधिकारी गुरूनाथन एन ने बताया कि जितनी संख्या में पेड़ कटने की बात कही जा रही है, उतनी कटी नहीं है। सूचना गलत है। मामले की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद अधिक संख्या में पेड़ कटने का तथ्य सामने आने पर संबंधित क्षेत्र के बीट गार्ड से रिकव्हरी की जायेगी।

- अधिकारी अभी से रफा-दफा करने के मूड में?

यहां उल्लेखनीय है कि कोरबा वन मण्डल के कुदमुरा रेंज में बड़ी संख्या में साल और सागौन के पेड़ों की कोरोना काल में कटाई करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार सैकड़ों पेड़ों की कटाई की गयी है। लेकिन वन मण्डलाधिकारी जिस तरह जानकारी दे रहे हैं, उससे पूर्व में विभिन्न स्तरों पर जाहिर की जा चुकी है। इस आशंका को बल मिलता है, कि विभागीय अफसर पूरे मामले में लीपापोती करने का मन बना चुके हैं। जांच के नाम पर टाईमपास करने के बाद मामले को रफा-दफा कर दिया जायेगा। बहरहाल सच्चाई भविष्य में सामने आ जायेगी।

## क्विक न्यूज

### जिले में 15 को शुष्क दिवस घोषित

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर जिले में ''स्वतंत्रता दिवस'' 15 अगस्त 2020 को शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने जिला बालोद में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं दुकानों में ऑनलाईन होम डिलीवरी तथा मद्य भण्डागार बालोद को 14 अगस्त 2020 की रात्रि 09 बजे से 15 अगस्त 2020 तक पूर्णतः बंद रखने आदेश जारी किया है।

### डौण्डीलोहारा में उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन 24 तक

**बालोद।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डौण्डीलोहारा ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में युक्तियुक्तकरण के पश्चात शासन के निर्देशानुसार एक अतिरिक्त दुकान वार्ड क्रमांक-01,02,03,04,05,06,07 के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं से आवेदन शर्तों के अधीन 24 अगस्त 2020 शाम 05.30 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डौण्डीलोहारा में निर्धारित प्रारूप में मंगाए गए हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डौण्डीलोहारा से प्राप्त की जा सकती है।

### जिले में अब तक 558 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कांकेर।** चालू मानसून के दौरान कांकेर जिले में 1 जून से अब तक 558 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीती रात से जिले के चारामा तहसील में सर्वाधिक वर्षा 52 मिली मीटर और सबसे कम कांकेर तहसील में 12.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार आज 10 अगस्त की स्थिति में भानुप्रतापपुर तहसील में 44.8 मिली मीटर, दुर्गूकोंदल में 19.6 मिली मीटर, अंतागढ़ में 25.6 मिली मीटर, पखांजूर में 27.2 मिली मीटर और नरहरपुर में 39.5 मिली मीटर औसत वर्षा अब तक दर्ज की गई है।

# अपने ही सरकार के खिलाफ महापौर-एमआईसी सदस्यों के साथ धरने पर बैठे

पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com



अपने ही सरकार के खिलाफ महापौर सोमवार को एमआईसी सदस्यों के साथ धरने पर बैठ गए। रिंग रोड की समस्याओं को लेकर कई बार सड़क विकास निगम को महापौर सहित निगम द्वारा पत्र लिखा गया था, लेकिन अधिकारियों के उदासीन रवैय्या की वजह से बारिश के दौरान यह समस्या बड़ी हो गई। घण्टों धरने पर बैठने के वावजूद सीजीसीआरडीसी के अधिकारी मिलने नहीं पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर तत्काल एसडीएम मोके पर पहुंच जरूरी करवाई करने का आश्वासन दिए, तब धरना समाप्त हुआ।

बारिश के दौरान शहर के रिंग रोड पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर आए दिन नगरनिगम के जनप्रतिनिधियों को नागरिकों का विरोध झेलना पड़ रहा था। महापौर डॉ अजय तिर्की ने लोगों की समस्या को देखते हुए सोमवार को गांधी चौक के समीप एमआईसी सदस्य व श्रम कल्याण वोद के अध्यक्ष शफी अहमद, वन विकास निगम के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, जेपी श्रीवास्तव के साथ धरने पर बैठ गए। इसकी जानकारी होने के बावजूद सड़क विकास निगम के अधिकारी समस्या सुनने तक नहीं पहुंचे।

बाद में एसडीएम अजय त्रिपाठी मौके पर पहुंच समस्या सुनी। महापौर ने जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। एसडीएम ने कलेक्टर से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

### 5 बार लिख चुके है पत्र

महापौर ने बताया कि सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पांच बार पत्र लिख चुके है, लेकिन अब तक समस्या से निजात दिलाने कोई पहल नही की गई। उन्होंने बताया कि जब सड़क का काम किया जा रहा था, तब भी इस तरफ ध्यान आकर्षित कराया गया था। सड़क से दो फिट ऊपर ड्रेनेज बना दिया गया है। इससे पानी निकासी नही हो पा रही है और बारिश का पानी लोगो के घर मे घुस रहा है। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कंटेनमेंट जोन व डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में रविवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने शहरी क्षेत्रों के कंटेनमेंट जोन एवं डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवेदी एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.राकेश वर्मा भी उपस्थित थे।

सीएचएमओ डॉ.केशरी ने कोरोना संकट से जूझ रहे जनसामान्य को संक्रमण से बचाने के लिए जिन क्षेत्रों में कंटेनमेंट जोन बनाया गया है वहां के लोगों से चर्चा करते हुए उनकी परेशानियों को दूर करने के उपाय बताए। कंटेनमेंट जोन में मुख्य रूप से नए ऑडिटोरियम नगर निगम पंजरी प्लांट के पास, रामभांठा मुख्य मार्ग, कोतरा रोड आटा चक्की मुख्य सड़क, राजीव नगर वार्ड एक शामिल है। सीएचएमओ डॉ.केशरी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया और घरों पर चस्पा किए जा रहे डेंगू चेक लिस्ट का निरीक्षण कर मितानिनों को प्रत्येक सप्ताह निगरानी करने के लिए निर्देशित किए। इस मौके पर कई जगह पानी से भरे हुए कंटेनर एवं टंकी को खाली कराया एवं उस क्षेत्र के मितानिनों को दो दिनों के अंदर अन्य घरों से भी ऐसे पानी से भरे हुए कंटेनरों को खाली करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कर्मचारी संघ के नेता मांगों को लेकर पहुंचे कलेक्टोरेट

**मुंगेली।** छत्तीगढ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांग को लेकर आज जिला कलेक्ट्रेट पहुच जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। छत्तीगढ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की जिला ईकाई ने आज कलेक्टर को अपनी 7 सूत्रिय मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है, जिला अध्यक्ष ने बताया कि सरकारी संस्थाओंएवं रेल्वे का निजीकरण आउटसोर्सिंग बंद किया जावे, नई पेंशन योजना बंद कर 2004 के पूर्व का पेंशन योजना लागू किया जाये, केन्द्र व राज्य सरकार के कर्मचारियों के रोगे गये महंगाई भत्ता तत्काल भुगतान किया जाए, श्रम विराधी नितिया लागू करना बंद हो, रिक्त पदो पर भर्ती कर बेरोजगारो को रोजगार दिया जाये, करोना वारियर्स के सभी संवर्गो की सुरक्षा बीमा योजना लागू किया जावे, साथ ही करोना महामारी में केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को विशेष आर्थिक सहायाता प्रदान प्रदान करे।

# कांग्रेस ने अगस्त क्रांति व भारतीय युवा कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ में रविवार को अगस्त क्रांति व भारतीय युवा कांग्रेस स्थापना दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला, नगर निगम के महापौर जानकी काटजू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस के दिग्गज व वरिष्ठ नेताओं तथा वीर शहीदों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वजारोहण राष्ट्रगान किया गया। इसके पश्चात् वीर शहीदों को नमन के साथ शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम में विधायक प्रकाश नायक वहां मौजूद सभी लोगों को अगस्त क्रांति,भारतीय युवा कांग्रेस स्थापना दिवस व विश्व आदिवासी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण योगदान है। पार्टी के वीर शहीदों ने अपनी जान देकर देश को आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर विधायक ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत राजीव गांधी के योगदानों को तारीफ करते हुए कहा कि युवाओं को मतदान करने का अधिकार दिलाते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होनें यह भी कहा कि कांग्रेस किसी धर्म, जाति पर विश्वास नहीं करते सभी के प्रति समानता व सम्मान के दृष्टि से देखा जाता है। यही वजह है कि आज पूरे देश कांग्रेस एक बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। विधायक ने इस अवसर पर एकजुटता पर जोर देते हुए सभी लोगों से पार्टी के हित में काम करने की अपील की।

# महंत से सरपंच धनकुमार औधेलिया एवं गोलू कैवर्त ने मुलाकात की








**डोंगरीडीह।** पूर्व विधायक एवं वर्तमान गौ सेवा आयोग अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजेश्री डॉ रामसुंदर दास महंत से ग्राम पंचायत डोंगरा सरपंच धनकुमार औधेलिया,सरपंच का ज्येष्ठ भ्राता धनीराम औधेलिया,वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब यूनियन लवन के प्रमुख सलाहकार गोलू कैवर्त,मनहरण वर्मा,घनश्याम वर्मा, सतीश कौशिक सहित प्रमुख लोगों ने मुलाकात कर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सरपंच धनकुमार औधेलिया ने गौ सेवा आयोग अध्यक्ष से ग्राम पंचायत डोंगरा के राधाकृष्ण मंदिर चौक में रंगमंच भवन निर्माण के लिए मांग पत्र भी सौंपा जिस पर अध्यक्ष महोदय ने हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

# शासकीय महाविद्यालय खेरथा के स्वाध्यायी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

### परीक्षार्थियों को गूगल फार्म में जानकारी भरना होगा

शासकीय महाविद्यालय खेरथा के प्राचार्य ने बताया कि वार्षिक परीक्षा 2019-20 हेतु सम्मिलित होने वाले स्वाध्यायी, पूरक, भूतपूर्व परीक्षार्थियों को अपनी जानकारी गूगल फार्म में अनिवार्य रूप से भरना होगा। गूगल फार्म भरने हेतु महाविद्यालय के वेबसाईट जीओवीटीकॉलेजखेरथा डॉट इन में जाकर भर सकते हैं। परीक्षार्थी अपना सम्पूर्ण जानकारी सूक्ष्मता से जॉच कर सही-सही भरें। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को ई-मेल आईडी तथा फोन नम्बर सही-सही भरना आवश्यक है। भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर प्रश्नपत्र एवं उत्तर ई-मेल आईडी के माध्यम से ही भेजा जाना है। सभी पात्र परीक्षार्थी महाविद्यालय के वेबसाईट में दिए गए लिंक से गूगल फार्म को भरें। उक्त फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2020 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश हेतु भी लिंक वेबसाईट में दिया गया है। सभी छात्र-छात्राऍं महाविद्यालय के वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

# आधी रात को अज्ञात लोगों ने स्कूटी में लगाई आग



**रायगढ़।** लैलूंगा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 भद्रापारा में अमरजीत भगत नामक एक युवक की स्कूटी को अज्ञात लोगों ने रात के तकरीबन बारह बजे जलाकर राख कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमरजीत भगत नगर पंचायत में बिजली मिस्त्री का काम करता है जो कि कल रात को घर के बाहर स्कूटी खड़ा करके खाना खाकर सो गया। सुबह जब उठा तो उसकी स्कूटी जलकर राख हो चुकी थी। घटना के बाद उसने मामले की सूचना थाना में दी। जहां पुलिस आगे की कार्रवाई में जूट गई है।

# उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम हॉयर सेकण्डरी स्कूल में प्रवेश, लॉटरी के माध्यम से छात्र- छात्राओं का हुआ चयन

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

### बच्चों के माता-पिता एंव अभिभावकों की मौजूदगी में लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीजापुर में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के तहत् प्रवेश हेतु लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इस हेतु शाला संचालन समिति के सदस्यों सहित बच्चों के माता-पिता एवं पालकों की मौजूदगी में 8 अगस्त को लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण हुई। जिसमें ऐसे कक्षाओं जिनके लिये निर्धारित सीट से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, उन कक्षाओं में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली गयी और बच्चों की चयन प्रक्रिया पूरी की गयी। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारीडी.समैया ने बताया कि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में कक्षा पहली से 7वीं तक की कक्षाओं तथा कक्षा नवमी में निर्धारित सीट से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। इस हेतु उक्त कक्षाओं में प्रवेश के लिये लॉटरी के जरिये बच्चों का चयन किया गया। जिसके तहत् कक्षा पहली में निर्धारित 60 सीट हेतु 247, कक्षा दूसरी में नियत सीट 60 के लिए 72, कक्षा तीसरी में निर्धारित 60 सीट हेतु 98, कक्षा चैथी में नियत 30 सीट हेतु 71, कक्षा 5वीं में निर्धारित 30 सीट के लिये 51, कक्षा 6वीं में नियत 30 सीट हेतु 67, कक्षा 7वीं में निर्धारित 30 सीट के लिए 53 और कक्षा नवमी में नियत 30 सीट हेतु 44 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। उक्त सभी आवेदन पत्रों के आधार पर बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों के द्वारा लॉटरी निकाली गयी और प्रवेश के लिए बच्चों का चयन किया गया।

### जिले में अब तक 662 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बालोद।** जिले में चालू मानसून सत्र के दौरान 01 जून से आज 10 अगस्त 2020 तक 662.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालोद तहसील में अब तक 754.1 मिलीमीटर, गुरूर तहसील में 951.5 मिलीमीटर, गुण्डरदेही तहसील में 584.5 मिलीमीटर, डौण्डी तहसील में 597 मिलीमीटर और डौण्डीलोहारा तहसील में 427.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# कुम्हारी में आदर्श गोठान का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक तीन 3 में छत्तीसगढ़ शासन की महती योजनांतर्गत आदर्श गोठान का लोकार्पण सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जोगीराम साहू के करकमलों द्वारा किया गया।

पांच एकड़ भूमि में फैले इस क्षेत्र में तीन गोठान एवं दो एकड़ भूमि घास के लिए निर्धारित है। इस विशाल भू-भाग में कांजी - हाऊस की व्यवस्था भी है जिसका की संचालन महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए पार्षद मनहरण यादव ने कहा की यह समस्त पशुपालकों के लिए बहुत सुंदर व विकासोन्मुखी योजना है इसका उद्देश्य आर्थिक विकास कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और छत्तीसगढ़ के विकास में सहभागी बनना है।

कार्यक्रम में पार्षद नीतू रावते, सती यादव, शान्ति टंडन, ओम नारायण वर्मा, मनहरण यादव, थनेश पटेल सहित मीडिया प्रभारी लेखराम साहू , किशोर सोनकर, निलिश देवांगन, पार्षद राकेश कुर्रे, इंजीनियर नीतीश साहू, मुकेश रात्रे मैडम साधना, तामेश्वर सोनकर, गोठान प्रबंधक मनहरन यादव तथा स्थानीय नागरिकों एवं महिला स्व-सहायता समूहों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक ऐसा पर्व है जिसे हर जाति व हर वर्ग के लोग मानते हैं हरछठ**

# हाउसिंग बोर्ड कोलोनी में हलषष्ठी पर्व मनाया गया

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com





वार्ड क्रमांक 15 के हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में हलषष्ठी का आयोजन किया गया। पंडिताइन केतकी त्रिपाठी ने कहा कि यह पर्व बच्चों के लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा उपवास किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक ऐसा पर्व है जिसे हर जाति व हर वर्ग के लोग मानते हैं। हलषष्ठी, हलछठ, कमरछठ, खमरछठ, हलषछ्ठी आदि नामों से इस पर्व को जानते हैं। रविवार को इस पर्व पर माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातुन कर ,स्नान कर व्रत धारण किया मंदिर प्रांगण के सामने सगरी बनाई गई।इसमें पानी भरा गया ।

मान्यता है कि पानी जीवन का प्रतीक है।बेर की डाली,पलाश, गूलर, आदि पेड़ों के टहनियों और काशी के फूलों से सगरी की सजावट की गई।इसके सामने गौरी-गणेश, मिट्टी से बनी हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई।साड़ी समेत सुहाग की दूसरी चीजें भी माता को समर्पित की गई।इसके बाद पंडिताईन द्वारा हलषष्ठी माता की 6 कथा पढ़ी और सुनाई गई।इस पर्व में पसहर चांवल,भैंस का दूध,6 प्रकार की भाजी एवं इस दिन हल से जोता गया अनाज नहीं खाने का रिवाज है।इस त्यौहार को मनाने की यह प्रथा है कि कंस द्वारा माता देवकी के 7 बच्चों को मारने के बाद माता देवकी ने हलषष्ठी माता की पूजा कर भगवान कृष्ण को जन्म दिया।तब से इस त्यौहार को मनाते आ रहें हैं। इस पूजा में वार्ड पार्षद रागिनी राजू निषाद, कमला निषाद, जयश्री बिछिया, संध्या देवांगन, भारती निषाद, रानी वर्मा, इंदू मिश्रा, शांता शर्मा, सुनैयना सोनी, ललिता चौधरी, दीप्ति चौहान, ई हेमलता, ई वानी, किरण राजपूत मीरा सोनी, रेखा शुक्ला लक्ष्मी भारद्वाज कंचन शुक्ला, पूर्णिमा राव, यदु मैडम, सहित माताओं ने पूजा की।

# शिक्षक कॉलोनी तिल्दा में एक युवक कोरोना पॉजिटिव मिला

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

शिक्षक कॉलोनी वार्ड क्रमांक 18 में एक व्यक्ति को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। युवक रायपुर में अपनी पूरी परिवार के साथ रहता है। कुछ दिन पहले रक्षाबंधन के त्यौहार में अपने घर तिल्दा आया हुआ था। और रक्षाबंधन के बाद एक दिन अपने घर पर परिवार के साथ रह कर वापस रायपुर चला गया था। जोकि बजरंग फूड्स उरला काम करता है उसका कुछ दिन पहले कोरोना टेस्टिंग के लिए एमएमआई रायपुर में कंपनी के द्वारा करवाया गया था। बताया जाता हैं। तिल्दा स्वास्थ्य केंद्र में आज उस युवक का रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद डॉ आशीष सिन्हा के द्वारा बताया गया कि उस युवक को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। उसके बाद डॉक्टर अपने पूरी टीम के साथ उस युवक के घर शिक्षक कॉलोनी जाकर उनके बाकी परिवारों का सैंपल टेस्टिंग के लिए लेकर गया है। और लोगों से यह पूछा जा रहा है। कि उस युवक के आने के बाद किन-किन लोगों से उनका मेल जोल रहा है। और उसे भी टेस्टिंग के लिए कहा जा रहा है। ताकि उनके और उनके परिवार सुरक्षित रह सके। तिल्दा में पिछले 8 दिनों में कोई नया कोरोना पॉजिटिव केश नहीं पाया गया था। आज से फिर एक कोरोना पॉजाटिव की शुरुआत हो गया, जिससे लोगों के मन में एक बार फिर से डर होने लग गया है।

# बंदिशों के बाद भी उत्साह बरकरार, 12 को मनाई जाएगी जन्माष्टमी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुहूर्त के चलते लोगों में कृष्णा जन्माष्टमी को लेकर असमंजस की स्थिति है। इस स्थिति को लेकर आचार्यों ने अपनी राय रखी है। आचार्य पं. राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्र कृष्ण पक्ष में दिन बुधवार, अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र की युति में ठीक रात 12 बजे हुआ था। लेकिन इस बार वैसा संयोग नहीं बन रहा है। जब ये तीनों घड़ियों का योग हो। इसलिए 11 अगस्त को गृहस्थ और 12 अगस्त को मठ संप्रदाय जन्म उत्सव का व्रत पूजन करेंगे।

आचार्य ने बताया कि 11 अगस्त मंगलवार को सुबह 9 बजे से अष्टमी तिथि प्रारंभ होकर दूसरे दिन सुबह 8 बजे तक रहेगी। अधैव भौमे जया सिद्ध योग रहेगा। अर्थात 12 अगस्त बुधवार को जन्माष्टमी मनेगी, क्योंकि इसी दिन भगवान का जन्म हुआ था। रोहिणी नक्षत्र नहीं होने से सिद्ध योग बन रहा है। इसलिए दया अष्टमी तिथि उत्तम है। जिले में 12 अगस्त को ही जन्माष्टमी की तैयारियां चल रही है।

इधर कोविड 19 के खतरे के बीच सदियों, दशकों की परंपराओं को बचाने की कवायदें भी जारी है। डोंगरगढ़ में जन्माष्टमी की धूम रहती है। यहां मटकी फोड़ का आयोजन देखने लोग जिले भर से यहां पहुंचते रहे हैं।

प्रशासन ने संवेदनशील समय को देखते हुए इन आयोजनों में कुछ बंदिशें लगा दी हैं। अब यहां मटकी तो फोड़ी जाएगी लेकिन लोगों की भीड़ नहीं होगी। राजनांदगांव शहर में भी जन्माष्टमी पर ऐसे ही कई आयोजन होते हैं जो कि आयोजित नहीं हो रहे हैं।

श्रद्धालु घर और मंदिरों में ही कोविड 19 प्रोटोकॉल की हिदायतों के बीच पूजा-अर्चना करेंगे। बाल-गोपाल की भक्ति में धूम तो होगी लेकिन इसे सीमित ही रखे जाने की तैयारी है। सामाजिक संस्थाओं ने आयोजनों की रुपरेखा तैयार की है। वहीं मंदिरों में विशेष आरती-पूजन की तैयारियां शुरु हो गई है।

### ये है पूजा का शुभ मुहूर्त

12 अगस्त को पूजा का शुभ समय रात 12 बजकर 5 मिनट से लेकर 12 बजकर 47 मिनट तक है। पूजा की अवधि 43 मिनट तक रहेगी। जन्माष्टमी के दिन सुबह से उठकर अच्छे व साफ कपड़े धारण करें। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण या लड्डू गोपाल की मूर्ति को स्नान करवाकर मूर्ति को दूध, केसर, शहद और शक्क र से स्नान करवाएं। इसके पश्चात दोबारा शुद्ध जल स्नान करवाएं। फिर लड्डू गोपाल को अच्छे वस्त्र पहनाकर उनका श्रृंगार करवाएं। रात 12 बजे श्रीकृष्ण का पूजन करें और झूला झूलाएं।

### ऐसे रखें व्रत

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। जन्माष्टमी के दिन कृष्ण पूरी श्रद्धा के साथ व्रत रखते हैं। जन्माष्टमी का व्रत रखते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि व्रत के एक दिन पहले केवल एक समय का भोजन करना चाहिए। जन्माष्टमी के दिन सुबह नहा धोकर व्रत रखें फिर अगले दिन रोहिणी नक्षत्र खत्म होने के बाद और अष्टमी तिथि खत्म होने के बाद व्रत खोलें।

## श्री सत्यनारायण मंदिर में जन्माष्टमी महापर्व 12 अगस्त को मंदिर की होगी भव्य सजावट

संस्कारधानी नगरी के हृदय स्थल में विराजित श्री सत्यनारायण मंदिर विभिन्न धार्मिक महोत्सव को सार्वजनिक रूप से एवं उत्साह पूर्वक मनाए जाने के लिए प्रसिद्ध है। अनेक पर्वो को यहां धूमधाम से मनाया जाता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव इस मंदिर में पिछले 10 दशकों से मनाए जाने की जानकारी बुजुर्गों द्वारा दी जाती रही है।

इस वर्ष यह जन्मोत्सव पर्व 12 अगस्त बुधवार को बड़ी धूमधाम के साथ श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक बनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, रामअवतार रुंगटा, निवृतमान अध्यक्ष विष्णु प्रसाद लोहिया सहित अध्यक्ष अशोक लोहिया ने जानकारी दी है कि श्री सत्यनारायण मंदिर में अखंड ब्रम्हांड नायक भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव परंपरागत रूप से भव्य सजावट के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर समिति के प्रभारी राजेश शर्मा, श्याम खंडेलवाल, पवन लोहिया एवं लक्ष्मण लोहिया सहित मंदिर के आचार्य पंडित बद्री महाराज, पंडित कालू महाराज एवं पंडित सोनू महाराज तैयारियों में जुटे हुए हैं। मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार कर एवं नई पोशाक, वस्त्र आभूषण इत्यादि से सुसज्जित किया जाएगा। समिति के सचिव सुरेश अग्रवाल एवम् धर्मशाला प्रभारी राजेश अग्रवाल ( बालाजी ) ने बताया कि पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से फूलों एवं विद्युत सज्जा के साथ सजाया जा रहा है। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नाथा भाई रायचा एवं कृष्ण कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल एवम् सहसचिव रामावतार जोशी ने जानकारी दी है कि भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव 12 अगस्त को मध्य रात्रि में मनाया जाएगा। इस दौरान विशेष पूजा आरती के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर परम्परागत रूप से तैयार धनिया की पंजीरी, पंचामृत एवं मक्खन के प्रसाद का वितरण मध्य रात्रि जन्मोत्सव के पश्चात किया जाएगा।

समिति के विधिक सलाहकार जुगल किशोर अग्रवाल ने नगर के धर्म प्रेमी माता बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि वर्तमान कोरेना काल को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन एवं मास्क लगाकर ही भगवान के दर्शन हेतु दर्शनार्थी मंदिर आवे। मंदिर के अंदर सीमित रूप से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सैनिटाइजर का उपयोग करने के पश्चात ही दर्शनार्थियों को प्रवेश दिया जावेगा। सभी दर्शनार्थी व्यवस्था में सहयोग प्रदान करते हुए अपने आराध्य देव का दर्शन करेंगे एवं अपनी मनोकामना पूर्ण करेंगे, ऐसा विश्वास है। ज्ञातव्य है कि श्री सत्यनारायण मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य सजावट की जाती है जिसे देखने हेतु संस्कारधानी नगरी की धर्म प्रेमी जनता लालायित रहती है।

# शुक्ला रवाना, आईपीएस श्रवण ने संभाला पुलिस अधीक्षक का प्रभार

## जिले के 34वें एसपी बतौर संभाली कमान, 2008 बैच के आईपीएस हैं श्रवण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आईपीएस जितेंद्र शुक्ला आज जिले के नए पुलिस अधीक्षक डी श्रवण को पदभार सौंपकर रवाना हो गए। हाल ही में प्रशासनिक फेरबदल के तहत राजनांदगांव के नए एसपी नियुक्त किए गए डी. श्रवण ने सोमवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। 2008 बैच के आईपीएस डी. श्रवण जिले के 34वें एसपी होंगे।

एसपी डी.श्रवण मूलतः हैदराबाद के रहने वाले है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल आंध्रा में पूरी की। आंध्रा के निजाम कॉलेज में पीजी की। जिसके बाद जेएनयू में पीएचडी की ट्रेनिंग की। आईपीएस की ट्रेनिंग के बाद वह परिवीक्षाधीन अवधि में जगदलपुर में एसडीओपी केशकाल रहे। इसके बाद वर्ष 2012 से 2014 तक कोंडागांव एसपी की जिम्मेदारी संभाली । 2014 से 2016 तक माओवाद क्षेत्र सुकमा में एसपी रहे।

सुकमा से उनका तबादला कोरबा जिला हुआ था। हाल में वे मुंगेली से स्थानांतरण लेकर राजनांदगांव पहुंचे हैं। यह एसपी बतौर उनका छठवां जिला है।राजनांदगांव को अधिकतर वही आईपीएस मिलते हैं जो धूर नक्सल इलाकों का अनुभव रखते हैं। आईपीएस डी श्रवण भी नक्सल प्रभावित क्षेत्र में काफी काम कर चुके हैं और वे काफी अनुभवी भी हैं। आईपीएस जितेंद्र शुक्ला भी बस्तर इलाके का अनुभव लेकर यहां पहुंचे थे।

इधर राजनांदगांव पहुंचने पर एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी गोरखनाथ बघेल, यातायात एएसपी गजेन्द्र सिंह, आरआई भूपेन्द्र गुप्ता, प्रशिक्षु डीएसपी रूचि वर्मा, मयंक रणसिंह, कोतवाली टीआई विरेन्द्र चतुर्वेदी समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। दोनों अफसरों के बीच विभागीय कार्यों को लेकर लंबी चर्चा भी हुई।

# रूपाकाठी में विधायक निधि से बनेगा सामुदायिक भवन

- जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भूमिपूजन में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद क्षेत्र के ग्राम रूपकाठी में विधायकनिधि से स्वीकृत 6.50 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन हुआ। भूमिपूजन अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू सम्मिलित हुए। अध्यक्षता जिपंसदस्य इंदुमति साहू ने की। विशेष अतिथि बतौर जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा शामिल हुए।

भूमिपूजन कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सामुदायिक भवन के सदुपयोग करने व रखरखाव बेहतर करने अपील की। इस अवसर पर ब्लाकईकां अध्यक्ष बलीराम साहू, सेक्टर प्रभारी गणेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष टीकाराम सोनकर, टीकम साहू, भावेश साहू सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच व पंचगण सहित ग्रामवासी मौजूद थे।



**वन अधिकार पत्र का वितरण**

राजनांदगांव। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक मोहला-मानपुर श्री इंद्रशाह मंडावी द्वारा मोहला ब्लॉक के ग्राम धोबेदण्ड में 25 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मोहला श्री सीपी बघेल एवं हितग्राही उपस्थित थे।

# युकां के स्थापना दिवस पर युवाओं का संकल्प

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में युवा कांग्रेस ने स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी को नई दिशा देने वाले नेताओं के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। प्रदेशाध्यक्ष पूर्णचन्द कोको पाढ़ी व जिलाध्यक्ष मनीष निर्मलकर के आदेशानुसार ब्लाक युकां अध्यक्ष असफाक तंवर शेरू के अगुवाई व वरिष्ठ कांग्रेसी महेन्द्र वैष्णव की मौजूदगी में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

उक्त अवसर पर अमित ठाकुर, अब्दुल करीम, इदरीस सोलंकी, लोकेश सिन्हा, चेतन मानिकपुरी, पुरुषोत्तम साहू, मनीष साहू, रफीक कुरैशी, विनोद पाड़े, नीलेश रामटेके, भानुप्रताप साहू, धनंजय गोस्वामी, ऐश्वर्य जंघेल, मौलेश साहू, राम पाड़े, प्रकाश मानिकपुरी, कमल साहू, शोभा साहू, अभय लोढ़ा, आकाश सोनी सहित अनेक कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## खैरागढ़ पुलिस कठघरे में, उप निरीक्षक विनोद जाटवार के खिलाफ गंभीर शिकायत

# अमानवीयता : शिकायत तक नहीं सुनी, पीड़िता की मौत के बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

- शोषण का शिकार हुई थी महिला, अवसाद के चलते मौत हो गई
- शिकायत के 18 दिन बाद मामला दर्ज किया पुलिस ने

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शोषण की शिकार दिव्यांग महिला को न्याय न मिल पाना इस कदर अवसाद में ले गया कि उसकी मृत्यु हो गई। इस मौत का कारण भले ही अवसाद और बीमारी बताई जाए लेकिन इसकी असल वजह खैरागढ़ पुलिस के बाशिंदे हैं जिन्होंने न ही उसके दर्द को समझा और न ही उसकी शिकायत सुनने पर गौर किया। अब जब पीड़िता चल बसी है तब इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी की वजह भी अब खुद को बचाने की कवायद दिखाई देती है।

मामला ब्लॉक के पासलखैरा गाव का हैं। यहां बीती 20 जुलाई की रात ग्राम के ही निवासी आरोपी सुखदेव (18) पिता संतोष लहरे ने प्रार्थी कमलेश कोसरे की दीवार लांघी और दिव्यांग पीड़िता के कमरे में घुस गया। शिकायत में उल्लेख था कि आरोपी ने पीड़िता का मुंह दबा कर रखा और उसका शोषण किया। इस बीच कुछ आवाजें आने के बाद कमलेश की नींद खुली और वो बहन के कमरे के पास पहुंचा। चूंकि दरवाजा भीतर से बंद था इसलिए कमलेश ने आवाज लगाई और इसे सुनकर आरोपी फरार हो गया।

### उप निरीक्षक ने लौटाया, शिकायत तक नहीं सुनी

इस मामले में पीड़िता अपने भाई के साथ खैरागढ़ पुलिस शिकायत दर्ज कराने पहुंची थी। उसने नामजद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उस दौरान ड्यूटी ऑफिसर के तौर पर पर उप निरीक्षक विनोद जाटवार यहां मौजूद थे। उन्होंने थाने में महिला कांस्टेबल न होने और काम की अधिकता की बात करते हुए सिर्फ आवेदन देकर ही लौटा दिया। नामजद शिकायत के बावजूद पखवाड़े भर तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### अवसाद के बाद हुई मौत

पुलिस से मिली निराशा के बाद पीड़िता अवसाद में चली गई। वह बीमार रहने लगी और कुछ ही दिनों में उसकी मौत हो गई। इस बीच आरोपी गांव में आराम से घुमता रहा। वहीं उसके हौसले और बुलंद होते रहे। पीड़िता की मौत के बाद खैरागढ़ पुलिस को होश आया। मृतक महिला के भाई कमलेश को आनन फानन मे थाने में बुलाया औऱ शिकायत आवेदन के आधार पर 8 अगस्त को शाम 5 बजे सुखदेव लहरें के खिलाफ धारा 456 औऱ 354 के तहत मामला दर्ज किया औऱ देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। खुद को बचाने की कवायद के तौर पर पीड़िता की मौत के दो दिन बाद 8 अगस्त को आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### तलब किया, डायरी भी मंगवाई

इस मामले को अब पुलिस प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने केस की डायरी तलब की है। वहीं बड़ा सवाल यह है कि इस मामले को यहां नियुक्त एसआई प्रियंका पैंकरा को न देते हुए पुरुष एसआई को क्यों दिया गया इसकी भी जांच होगी। विवेचना अधिकारी को भी तलब किया गया है। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की बात भी पुलिस अधिकारियों ने कही है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर हितग्राहियों को मिला सामुदायिक वन अधिकार पत्र



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास कार्यालय रायपुर में कल आयोजित कार्य म में जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोरिदकला के आश्रित ग्राम आमापानी के हितग्राहियों को सामुदायिक वन अधिकार पत्र मिला। सामुदायिक वन अधिकार पत्र मिलने पर ग्राम आमापानी के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बलदेव कुमार मरकाम ने प्रसन्नतापूर्वक बताया कि उनके गॉव में अट्ठारह परिवार निवास करते हैं, अब उन्हें जीविकोपार्जन में काफी आसानी होगी। अब निश्िंचत होकर वनोपज का संग्रहण व वि य कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब वन औषधियों के संग्रहण के साथ ही साग-सब्जी उत्पादन व मछलीपालन कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करेंगे। सामुदायिक वन अधिकार पत्र मिलने पर उन्होंने राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे विगत दिनों ग्राम आमापानी का भ्रमण कर ग्रामीणों से स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल तथा जीविकोपार्जन के संबंध में चर्चा की थी।

## क्विक न्यूज

### लॉकडाउन में निर्देश का नहीं किया तो दुकानें सील

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में रविवार को पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा किया गया है। गाइड लाइन के बावजूद शहर के गली मोहगों दुकानें खुली पाई जाती है। इसी तरह शहर के किरोड़ीमल नगर पंचायत में सूचना मिलते ही सीएमओ तत्काल रामायण पांडे ने निर्देशों की अवहेलना कर दुकान खोलने पर खुली दुकानों को सील किया गया। साथ हो लोगों को नियमों का पालन करने समझाइश भी दिया गया। रामायण पांडेय की टीम पूरी तरह से मुस्तैद है। नियमों की अनदेखी करने वालों की अब खैर नहीं है। यहां यह बताना लाजमी होगा कि इस कार्रवाई के बावजूद शहर के गली मोहगों में लॉकडाउन के नियमों की अनदेखी की जा रही है और देर रात तक औने-पौने दामों पर सामानों की बिक्री की जा रही है। जब ग्राहक के द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे लेने का विरोध किया जाता है तो दुकानदार के द्वारा लॉकडाऊन होनें की बात कही जाती है। इस मामले को भी विभागीय अधिकारियों को गंभीरता से लेते हुए गली मोहगों के दुकानों में कार्रवाई की गाज गिराने की जरूरत है।

### दो दिनों से घर से बाहर नहीं निकला था व्यक्ति

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना अंतर्गत ग्राम कोसमनारा में उस वक्त सनसनी फैल गई जब पता चला की चालिस वर्षीय व्यक्ति शिवराम बरैठ की मौत हो गई है। मृतक घर पर अकेला रहता था। बताया जा रहा है कि मृतक दो दिन से घर से बाहर नहीं निकला था। इससे लोगों को संदेह हुआ और ग्रमीणों ने मृतक के घर जाकर दरवाजा खोले तो व्यक्ति मृत रूप में मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने मौत की सूचना कोतरा रोड थाने में दी। अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूचना के बाद कोतरा रोड पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शराबी पड़ोसी को बच्चे को डांटने से मना की तो टंगिया से किया वार

**रायगढ़।** बेटी को डांट फटकार से मना करने पर शराबी पड़ोसी ने महिला पर टांगी से वार कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। थाना तमनार अन्तर्गत ग्राम गोढ़ी में जगनारायण चक्रवर्ती (32) और लक्ष्मी राम निषाद (66) का मकान अगल-बगल है। जगनारायण चक्रवर्ती अकसर अपने काम से घर के बाहर रहता है। पड़ोसी लक्ष्मी राम निषाद अपनी पत्नी के साथ बगल में रहता है। लक्ष्मी राम निषाद शराबी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। शराब पीकर हमेशा गाली-गलौच करता था। जिससे उसके पड़ोसी परेशान थे। बीते दिन जगनारायण चक्रवर्ती की पत्नी सुनिता चक्रवर्ती और बेटी प्रार्ची घर पर थे। शाम करीब 05.45 बजे घर के बाहर खेल रही बालिका प्रार्ची को लक्ष्मी राम निषाद शराब पीकर गाली गलौच कर रहा था।

# नौकरी लगाने के नाम रेलवे खलासी ने महिलाओं से ठग लिए 10 लाख

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

तोरवा-पुलिस'ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले रेलवे खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने शिकायत कर्ता से तीन किस्तों में तीन लाख रूपए लिए थे। तोरवा पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर तीन लाख रूपयों की ठगी करने वाले रेलवे खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा थानेदार परिवेश तिवारी ने बताया कि खपरी दर्रीघाट मस्तूरी निवासी नीतू राम टंडन पिता अरुण कुमार टंडन ने लिखित शिकायत में बताया कि शंकरनगर आरपीएफ कालोनी निवासी चित्रसेन पिता पूरन मोगरे ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की है। चित्रसेन रेलवे में खलासी के पद पर कार्यरत है। पीड़ित नीतू टंडन की रिपोर्ट पर थाना तोरवा में आरोपी चित्रसेन मोगरे के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद जांच पड़ताल के



दौरान जानकारी मिली कि आरोपी चित्रसेन मोंगरे ने इंद्रजीत राजपाल, हेमंत कुमार, शेखर घाटी और अन्य लोगों से भी पचास हजार , डेढ़ लाख और एक लाख रूपए रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर लिया है। लेकिन किसी को अभी तक नौकरी पर नहीं लगाया है। रूपए मांगने पर टाल मटोल करता है। आरोपी ने पीड़ितों का विश्वास जीतन नौकरी लगाने के नाम मेडिकल चेकअप भी कराया। साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र भी दिलवाया था। इसके चलते पीड़ितों का विश्वास था कि नौकरी जरूर मिलेगी। इसलिए आरोपी के मांगे जाने पर रूपए थमा दिए। आरोपी ने नीतू टंडन को नौकरी में ज्वाइन करने का एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया है। आरोपी रेलवे में नौकरी करता है। इसलिए उसे रेलवे की गतिविधियों की अच्छी जानकारी है। इसी जानकारी के आधार पर वह लोगों को धोखे में रखकर ठगी करता था।

आरोपी की बेटी शिकायत कर्ता नीलू टंटन के साथ आईटीआई की है। आरोपी ने पी?त के गांव जाकर स्थानीय लोगों से भी रूपए लेकर रोजगार दिलाने का झांसा दिया। इसके अलावा उसने सभी लोगों से चेक बुक में हस्ताक्षर लेकर अपने पास रख लिया। मिली जानकारी के अनुसार जांच पड़ताल के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी चित्रसेन ने अभी तक नौकरी लगाने के नाम पर करीब दस लाख रूपयों से अधिक की ठगी की है। आरोपी ने ग्राम खपरी,थाना मस्तूरी के कुछ महिलाओं को भी विश्वास में लेकर लोन दिलाने के नाम पर सभी से दस दस हजार रूपए भी लिए हैं। जांच पड़ताल में पीड़ित महिलाओं ने बताया कि उनसे चेक बुक भी साइन करवा कर लिया गया हैं। आरोपी के पास से पासबुक समेत सभी प्रकार के दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। साथ ही बैंकों से भी अलग से जानकारी ली गयी है। पुलिस के अनुसार चित्रसेन मोंगरे से अभी पूछताछ की जरूरत है। उम्मीद है कि ठगी के बहुत मामले सामने आएंगे। साथ ही अन्य थानों को भी प्रकरण की जानकारी दी गयी है। यदि कोई चित्रसेन के हाथों ठगी का शिकार होगा तो अपनी शिकायत को लेकर थाने पहुंच सकता है।

# कोरोना से मरने वालों की संख्या हुई 12, जिले की हालत चिंताजनक

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

न्यायधानी में भी कोरोना विकराल रूप लेने लगा है। संक्रमित मरीजो के बढ़ते संख्या ने वैसे ही मुसीबत खड़ी कर दी है। तो अब लगातार जिले में संक्रमित मरीजो के मौत होने का सिलसिला थमने का नाम ही नही ले रहा है। कोरोना मरीजो के मौत के इस दौर में रविवार को भी दो अन्य मरीजो के मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला मोपका का बताया जा रहा है। 37 वर्षीय महिला जो केयर एंड क्योर निजी हॉस्पिटल में एडमिट थी। जहाँ उसकी मौत शनिवार देर रात 1: 30 बजे हो गई है। बताया जा रहा है महिला के ब्रेन और ईयर में कुछ दिक्कत थी। जिसके इलाज के लिए परिजनों ने पहले उसे प्रथम हॉस्पिटल बहतराई में एडमिट कराया था। जहाँ से उसे 7 अगस्त को केयर एन क्योर में एडमिट कराया गया था। वही डॉक्टर ने उसके गंभीर हालत को देखते हुए वेंटिलेटर में रखा था। इस बीच महिला की सर्जरी होनी थी। जिसके पूर्व महिला का एंटीजन से कोरोना टेस्ट किया गया। जिसमें वह शनिवार को



पॉजिटिव आई थी। इसके अलावा शांति नगर निवासी 65 साल की बुर्जुग महिला की भी मौत हुई है। इस मामले ने सभी को हैरत में डाल दिया है। क्योंकि जिस महिला की मृत्यु हुई है। उसका रविवार को कोविड हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया जाना था, लेकिन रविवार सुबह ही उसकी तबीयत बिगड़ी,उसे पहले अपॉलो हॉस्पिटल रैफर करने की तैयार चल रही थी पर उसे कोविड हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने सिम्स भेज दिया। लेकिन हॉस्पिटल ले जाने के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है महिला 30 जुलाई को संक्रमित होने के बाद कोविड हॉस्पिटल लाई गई थी। इधर परिजन महिला की डेड बॉडी के लिए घंटों इंतजार करते रहे। वही इस मौत के पीछे हॉस्पिटल प्रबंधन प्रथम दृष्टिया आर्ट अटैक आने से ही मरीज की मौत होने की बात कह रही हैं उनका मानना है कि महिला को हृदय रोग था देर रात उसे उससे संबंधित ही तकलीफ हो रही थी ऐसे में सवाल यह है कि अगर महिला को देर रात स्वास्थ्य में खराबी आई थी तो उन्हें हॉस्पिटल में रिसीव क्यों नहीं किया गया। बहरहाल इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। आपको बता दे अब इन मौतों के बाद जिले में संक्रमित मरीजो के मौत का आकड़ा बढ़कर 12 पहुँच गया है। जिले में दो करोना संक्रमित मरीजों के मौत के अलावा एक 65 वर्षीय महिला की भी मौत हुई है।

# मां को हुआ बच्चों के बैडमिंटन कोच से प्यार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोतवाली थाना क्षेत्र से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जहां एक निर्दयी कलयुगी मां के खिलाफ उसके ही दो सगे बच्चों (भाई-बहन) ने थाने में जाकर एफआईआर करवाया है। दरअसल पूरा मामला कुछ इस प्रकार है। इस मामलें में बच्चों की शिकायत के आधार पर जिस महिला (बच्चों की मां) के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है उसके पति का पूंजीपथरा में खुद का एक छोटा सा प्लांट है, जो कोरोना की वजह से बीतें 3-4 महीनों से वहीं पूंजीपथरा में ही रह कर काम कर रहा है। इसी दौरान कलयुगी मां को अपने बच्चों के बैडमिंटन कोच से इश्क हो गया। फिर क्या था पति की गैर-

- **मासूम बच्चों की शिकायत पर मां के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने किया जुर्म दर्ज**

मौजूदगी में ये इश्क तेजी से परवान चढ़ने लगा और महिला का उक्त बैडमिंटन कोच से घण्टों फोन पर बातें व मुलाकातें होने लगी। इस सबके बीच घर की मर्यादा लांघ चुकी इस कलयुगी मां को अपने मासूम नाबालिग बच्चे (बेटी 13 वर्ष व 8 साल का बेटा) ही कबाब में हड्डी लगने लगे। जिसकी वजह से इस कलयुगी मां ने उक्त दोनों मासूम बच्चों को काफी समय के लिए कमरे में बंद कर दे। बच्चों ने जो शिकायत पुलिस में दी है उसके मुताबिक इनकी मां द्वारा इन्हें बीतें कई महीनों से एक कमरें में बंद कर रखा गया है और तो और बच्चों ने यह बताया है कि जब इनकी मां अपने कथित आशिक से फोन पर घण्टों बात किया करती थी तो इन्हें उस दौरान खाने-पीने को भी कुछ नहीं देती थी और तो और बच्चों द्वारा एतराज जताने अथवा पापा को बताने की बात कहने पर उक्त कलयुगी मां उन्हें चाकू से मारने व छत से नीचे फेंक देने की धमकी दिया करती थी।

# निजी स्कूलों में अभिभावक नही देंगे बच्चों की फीस

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सर्व स्कूल अभिभावक एवं विद्यार्थी कल्याण संघ जिला बिलासपुर द्वारा बैठक की गई जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 9, जुलाई , 2020 के ट्यूशन शुल्क लेने की बात पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न स्कूल जैसे बीपीएस, डीपीएस, केपीएस, द जैन इंटरनेशनल स्कूल,सेंट जेवियर स्कूल, कर्नल एकेडमी मंगला, सेंट फ्रांसिस स्कूल, अचीवर्स स्कूल,विनर्स वैली स्कूल, एवं अन्य स्कूलो के अभिभावक बहुत सी संख्या में उपस्थित रहे।सभी ने अपनी बातें/पीड़ा संघ के सामने रखी। अभिभावकों द्वारा जो बातें संघ के सामने रखी उसमें स्कूल द्वारा मनमाने शुल्क के लिए दबाव बनाया जा रहा। अभिभावक संघ द्वारा आयोजित बैठक में उच्च न्यायालय के



आदेश के पश्चात निजी विद्यालयों द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करते हुए पालको को फीस वसूली हेतु मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व निश्चित समय निर्धारित कर दबाव बनाने की बात पर स्कूल द्वारा अपनाए जा रहे रवैये की कड़ी निंदा की गई।अभिभावकों द्वारा ट्यूशन फीस के नाम पर मनमानी फीस वसूली के नाम पर एकजुट होकर फीस भुगतान नही करने पर निर्णय लिया गया ! सर्व स्कूल अभिवावक एवं विद्यार्थी कल्याण संघ जिला बिलासपुर द्वारा आयोजित मीटिंग में जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को समस्त अभिभावकों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया और समस्त अभिभावकों को वर्तमान समस्याओं से लड़ने हेतु एकजुट करने फैसला लिया गया।बैठक में संघ के पदाधिकारियों में मनीष कुमार अग्रवाल अध्यक्ष योगेंद्र ओझा सचिव,पवन ताम्रकार उपाध्यक्ष, राजू पांडेय प्रवक्ता ,राकेश देवांगन मीडिया प्रभारी, अभिषेक वर्मा, विधिक सलाहकार व सदस्य सोहेल मिर्जा, अनिल पाठक,सुधीर गुप्ता,अली अकबर, मनीष बरसैया, संजय सिंह, विपुल गुप्ता, पीयूष पांडेय, रजनीश ताम्रकार, नीलाद्रि गुहा, सुदेश वर्मा, असफाक भाई, एवं अन्य बहुत सारे स्कूल के पीड़ित अभिभावक उपस्थित रहे।

# शराब के लिए रूपया मांगा, इंकार करने पर जमकर पीटा, तीनों आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चकरभाठा पुलिस ने आदतन बदमाश को मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुखनन्दन पटेल ने बताया कि आरोपियों ने शिकायकर्ता से शराब पीने के लिए रूपए मांगे। रूपया नही दिए जाने के बाद डंडे और लात घूंसों से पीटा था। पकड़े जाने के बाद आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार भी कर लिया है। चकरभाठा थाना प्रभारी सुखनन्दन पटेल ने बताया कि प्रार्थी दूजराम धुरी पिता भरतलाल धूरी 8 जुलाई की शाम चकरभाठा शराब दुकान गया। इसी दौरान भाठापारा निवासी रवि वर्मा, शंकर वर्मा और अजीत वर्मा ने दूजराम से शराब खरीदने के लिए रूपयों की मांग की। रूपए नहीं दिये जाने पर पहले तो तीनों ने दूजराम से जमकर गाली गलौच किया। इसके बाद तीनों ने मिलकर लकड़ी के बत्ते मारापीटा। इस दौरान लात घूंसा भी चलाया। प्रार्थी की शिकायत पर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है। सुखनन्दन पटेल ने जानकारी दी कि आरोपी शंकर वर्मा आदतन बदमाश है। आए दिन मारपीट कर क्षेत्र की शांति को भंग करता है। पूछताछ में तीनों ने मारपीट किए जाने का जुर्म कबूल किया है। साथ ही आरोपीयं के पास मारपीट में उपयोग किए गए लकड़ी के बत्ते को भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने मेधावी आदिवासी छात्रों को किया सम्मानित

**रायगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल, छोटे मुड़पार खरसिया के दो मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले छात्र त्रिलोचन राठिया पिता भारत कुमार, निवासी ग्राम-नवाडीह घरघोड़ा और 10 वीं बोर्ड परीक्षा में ही 90.67 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले छात्र मनुराम सिदार पिता प्रहलाद सिदार, निवासी ग्राम-करमगा लैलूंगा ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से प्राप्त कर अपने गांव तथा एकलव्य स्कूल का नाम रोशन किया है। कलेक्टर भीम सिंह ने दोनों छात्रों से आगे की कक्षा में और अ%छी पढ़ाई करते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें ट्रेक शूट भी प्रदान किया। कलेक्टर भीम सिंह ने वन क्षेत्रों में वर्षों से निवास करने वाले विरहोर समाज के राजेश विरहोर को 0.446 हेक्टेयर और पंचराम विरहोर को 0.904 हेक्टेयर का व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदान किया। दोनों व्यक्तियों ने खुशी जाहिर करते हुये राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एडीएम राजेन्द्र कटारा, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त जितेन्द्र कुमार गुप्ता, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार भारद्वाज उपस्थित थे।



# सामुदायिक भवन के लिए आबंटित भूमि को नियम विरुद्ध कांग्रेस को देने की साजिश के खिलाफ भाजपाइयों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया गया कि नजूल भूमि शीट नंबर 07, प्लॉट नंबर 30/2 क्षेत्रफल 24480 वर्ग फीट जमीन जिस पर साल 2014 में ही सामुदायिक भवन का निर्माण लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया था, उसे इंडियन नेशनल कांग्रेस बिलासपुर को आवंटन कर दिया गया है।

पूर्व में ही सारी प्रक्रियाओं का पालन कर जिस भूमि को जन उपयोग के लिए आवंटित किया गया था उसे रद्द करते हुए एक पार्टी को उसका आबंटन किया जाना साफ दर्शाता है कि किस तरह कांग्रेस सत्ता का दुरुपयोग कर कार्यपालिका को मजबूर कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय पर आपत्ति करते हुए 30 जुलाई को ही आयुक्त को पत्र लिखा था लेकिन



अब तक उस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह जन भावना का सरासर निरादर है, इसलिए तहसीलदार द्वारा की गई इस कार्रवाई स्थगित करने की मांग करते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के साथ भाजपा पार्षद अशोक विधानी, दुर्गा सोनी, राजेश सिंह और विजय ताम्रकार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंप ने गये भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में हासिल सभी शक्तियों का उपयोग इस हेतु किया जाएगा और न्याय के लिए अदालतों के दरवाजे भी खटखटाये जाएंगे। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि मरवाही चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने इस संदर्भ में कछुआ और खरगोश की दौड़ का जिक्र करते हुए कहा कि अंततः जीत धीमी गति से चलने वाले की ही होती है इसलिए भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाना सही नहीं होगा।

## ट्रेनों की गति 20 से 25 किमी तक बढ़ाई जा सकती है

# दुर्ग-बिलासपुर के बीच अब ट्रेन की रफ्तार होगी तेज

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल के दुर्ग और बिलासपुर के बीच दौडने़ वाली ट्रेने अब 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से निर्धारित दूरी को तय करेंगी। इसकी तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी है। ट्रेनों की गति 20 से 25 किमी तक बढ़ाई जा सकती है। पहले उन ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी, जिनमें एलएचबी कोच लगे हैं। एलएचबी कोच वाली ट्रेनें आसानी से 130-140 किमी तक की रफ्तार में दौड़ सकती है।

उल्लेखनीय है कि रेलवे मंत्रालय ने लंबी दूरियों की ट्रेनों की गति बढ़ाने की जो कार्ययोजना तैयार की थी उसके तहत रेलवे पटरी के दोनों ओर बैरीकेट्स लगाए जाने थे ताकि किसी भी प्रकार के पशु या अन्य कोई रेलवे ट्रैक पर न आ सकें। बिलासपुर और नागपुर के बीच 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेनों को चलाए जाने की तैयारी है। इसी के पहले खेप में दुर्ग से रायपुर होते हुए बिलासपुर तक 145 किमी रेललाइन को



अपग्रेड किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने इस हिस्से में ट्रेनों की गति 130 तक करने के लिए जून-2021 का डेडलाइन दिया है। रेलवे अफसरों का कहना है कि कोरोना की वजह से पहले डेढ़-दो महीने काम थम सा गया था, लेकिन अब फिर से तेजी आई है। पिछले महीने ही नागपुर से दुर्ग के बीच पटरियों पर 130 किमी प्रति घंटे की गति से 24 एलएचबी कोच के साथ ट्रेनों का परिचालन कर ट्रायल भी लिया जा चुका है। चलाई गई।

कोरोना संक्रमण के कारण रायपुर से चार जोड़ी ट्रेनें गुजर रही हैं। बाकी ट्रेनों का परिचालन बंद है। वर्तमान में ट्रेनों की स्पीड 70 से 100 किलोमीटर प्रतिघंटा ही है। अब ट्रैक को मजबूत करने के लिए मंडल प्रशासन तीन हिस्सों में बड़ी संख्या में स्लीपर बदल रहा है। साथ ही जगह-जगह पटरियों की डीप स्क्रीनिंग का काम चल रहा है। कर्व वाले रेललाइन को भी अपग्रेड किया जा रहा है। पटरियों के किनारे बैरिकेड का काम भी चल रहा है। रायपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत वर्तमान में 40 किलोमीटर तक बैरिकेड का काम पूरा कर लिया गया है। इससे ट्रेन के परिचालन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा।

रायपुर मंडल के डीआरएम श्यामसुंदर गुप्ता ने बताया कि दुर्ग से बिलासपुर तक 145 किमी के ट्रैक को अपग्रेड करने का काम लॉकडाउन में भी तेजी से चल रहा है। ट्रेनों की गति को 100 से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटे तक करने का लक्ष्य है, ताकि यात्रियों का समय बच सके।

# महापौर ने रेलवे अंडरब्रिज को सफाई गैंग से कराया साफ

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र के रेलवे अंडरब्रिज हमेशा से परेशानी का सबब रहा है। बारिश के दिनों में यह मार्ग भी बंद हो जाता है जिसे क्षेत्रवासियों एवम पार्षदो द्वारा सफाई के लिए महापौर से भी निवेदन किया गया। इनकी समस्या को संज्ञान में लेकर महापौर ने रविवार को रेलवे अंडरब्रिज (बोगदा) की सफाई गैंग लगाकर करवाया। ज्ञात हो कि विगत दिनों नगर निगम द्वारा महासफाई अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें वार्ड निरीक्षण दौरान पार्षद पूनम सोलंकी एवम रिमझिम मुक्तिनाथ बबुआ एवम क्षेत्रवासियों द्वारा महापौर जानकी काट्जू एवम आयुक्त आशुतोष पांडेय को स्थल निरीक्षण कराकर बोगदा पुल के जाम नाला एवम पानी निकासी के समस्या से निजात दिलाने निवेदन किया था। यह बताना लाजमी होगा कि यह अंडरब्रिज शहर की आधी आबादी की परेशानी की सबब बनी हुई है क्योंकि इसका आउटलेट 5 फीट का है पर ब्रीज के अंत में निकासी 2 फीट की है इस पर जिला प्रशासन रेलवे और निगम प्रशासन को



बैठ कर एक साथ प्लानिंग करने से ही इसका स्थायी समाधान किया जा सकता है। क्योंकि हर बरसात में यह अंडरब्रिज गंदा पानी भर के जाम हो जाता है जिसके कारण आस पास के मोहगे में दो से तीन फीट पानी भर जाता है। रविवार को महापौर जानकी काट्जू ने सफाई गैंग लगवाकर जाम नाला को सफाई कराया एवं पानी निकासी के लिए निगम के इंजीनियर को निर्देश दिया। महापौर जानकी काट्जू ने बताया की रेलवे अंडरब्रिज पर जाम व पानी निकासी की समस्या हमेशा बनी रहती थी पार्षदों ने भी मुझसे व कमिश्नर से सफाई के लिए निवेदन किया था। जिसे प्राथमिकता से गैंग लगाकर सफाई कराया गया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कांफ्रेंस से सोहन खलखो से महुआ, तेंदूपत्ता संग्रहण की ली जानकारी

## सोहन खलखो को 40 रुपए प्रति किलो की दर से विक्रय करने पर 28 हजार का हुआ लाभ

- **महुआ से सेनिटाइजर बनाने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं को किया प्रोत्साहित**
- **समूह की महिलाओं ने 1152 लीटर सेनिटाइजर विक्रय कर उन्हें 1 लाख 35 हजार का हुआ शुद्ध लाभ**

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में जशपुर जिले के स्वान कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से इस कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने समस्त आदिवासी समाज को विश्व आदिवासी दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम विपतपुर के महुआ संग्राहक सोहन खलखो से संग्रहण की जानकारी ली। सोहन खलखो ने बताया कि समर्थन मूल्य में 17 रुपए से ब?ाकर 30 रुपए कर दिया गया है। उन्होंने प्रति किलो 40 रुपए की दर से अपना महुआ बेचा। जिससे उनको इस वर्ष 28 हजार का लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले में महुआ से सेनिटाईजर बनाने वाली सिनगी स्व-सहायता समूह की महिला सचिव करूणा भगत ने बताया कि वन विभाग से मिलकर वनधन विकास योजना के तहत् 10 आदिवासी स्व-सहायता समूह की महिलाएं सेनिटाइजर बनाने का कार्य रही हैं। उन्होंने बताया कि अब मई 2020 से जुलाई 2020 तक 3150 लीटर सेनिटाईजर बना चुके हैं। समुह के द्वारा 1152 लीटर सेनिटाईजर का विक्रय कर 5 लाख 52 हजार अर्जित किया है। जिससे स्व-सहायता समूह को 1 लाख 35 हजार की राशि का मुनाफा हुआ है। मुख्यमंत्री ने महुआ से लड्डू बनाने वाली स्व-सहायता समूह की सचिव दुर्गा भगत से महुआ लड्डू की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जशपुर जिले में नए-नए प्रयोग के लिए उन्हें बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया।




इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, कलेक्टर महादेव कावरे, जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी, वन विभाग के एसडीओ एस.गुप्ता, जनप्रतिनिधि सहस्त्रांशु पाठक, अमन सिंह एवं अन्य अधिकारी तथा आदिवासी समाज के भाई बंधु, प्रयास एवं एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

# गोठानों में संग्रहित गोबर का अब प्रत्येक सप्ताह होगा यहां भुगतान



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजना के तहत कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने आज दोपहर धमतरी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अछोटा व देवपुर में बनाए गए गोठानों का निरीक्षण कर गोठान समिति तथा महिला समूहों के सदस्यों से चर्चा कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत की सी.ई.ओ. नम्रता गांधी को कहा कि जिले के गोठानों में संग्रहित गोबर का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने ब्लॉक स्तर के नोडल अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा गोठान समिति व महिला समूहों को सघन प्रशिक्षण देकर वर्मी खाद तैयार करने में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

- **निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश**

कलेक्टर मौर्य सबसे पहले ग्राम अछोटा में स्थित गोठान का निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने स्थानीय सरपंच तथा गोठान समिति के सदस्यों से चर्चा कर नाडेप टंकियों में प्रतिदिन प्राप्त होने वाले औसतन गोबर के बारे में पूछा, साथ ही संधारित की गई पंजियों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को एक चेकलिस्ट तैयार कर गोठान से संबंधित सभी मूलभूत जानकारी की प्रविष्टि करने के लिए निर्देशित किया, जिसमें प्रतिदिन गोबर की आवक, नाडेप टैंकों में डाले गए केंचुए की स्थिति, गोबर की गुणवत्ता और उसकी फार्मिंग की स्थिति आदि का संधारण संबंधित नोडल अधिकारी तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा कराए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा नाडेप टांकों में वैज्ञानिक विधि से वर्मी के उत्पादन करने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र से प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित कर गोठान समिति को तकनीकी जानकारी देने के लिए भी कहा, जिससे कि अधिक मात्रा में कम्पोस्ट तैयार कर उससे आय अर्जित की जा सके।

उसके बाद कलेक्टर ने धमतरी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत देवपुर (डोंगापथरा) में स्थित गोठान का निरीक्षण किया। यहां पर भी महिला समूहों तथा गोठान समिति को बेहतर ढंग से कार्य निष्पादित करने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया तथा जल्द ही सिलसिलेवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सी.ई.ओ. जिला पंचायत को कहा।

# एटीएम को गैस कटर से काटकर लाखों रुपए की चोरी

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

**अंतर्राज्यीय गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार, 22 लाख जब्त**

जिले के सिमगा में पिछले दिनों एटीएम से लाखों रुपए चोरी कर फरार हो गए थे. पुलिस ने एटीएम चोरी के आरोपियों को दबोच लिया है. पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज डॉ आनंद छाबड़ा ने आज मामले का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि अंतर्राज्यीय गिरोह हरियाणा मेवात से आकर वारदात को अंजाम दिया था. गिरोह के सात सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस महानिरीक्षक ने खुलासा करते हुए बताया कि 19 जुलाई रविवार देर रात को सिमगा पुराने बस स्टैंड के पास एसबीआई एटीएम में चोरों ने धावा बोला था. एटीएम को गैस कटर से काटकर लाखों रुपए निकालकर फरार हो गए थे. सुबह लोगों को चोरी की जानकारी हुई तो मौके पर पुलिस पहुंचे. पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी का जांच किया. इससे पता चला कि आरोपी देर रात कार से पहुंचे थे. और गैस कटर से एटीएम काटकर लाखों रुपए लूटकर फरार हो गए. पुलिस ने सीसीटीवी के अनुसार आरोपियों की तलाश शुरू की. जिसके बाद गिरोह के 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिली।

पुलिस ने आरोपियों से 22 लाख 50 हजार रूपए बरामद किया है. इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, सात चाकू सहित अन्य औजार बरामद हुआ है. वहीं पुलिस महानिदेशक ने मामला सुलझाने वाली टीम को 50 हजार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की है। मामले की खुलासा करने के दौरान एसपी आई के ऐलेसेला, एएसपी निवेदिता पाल सहित आला अधिकारी मौजूद थे।

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मिला वन अधिकार, प्रदेश का पहला जिला बना

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत सीतानदी-उदंती टायगर रिजर्व क्षेत्र के ग्रामीणों को वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया। टायगर रिजर्व क्षेत्र में सामुदायिक वन संसाधन का अधिकार प्राप्त करने के मामले में यह प्रदेश का पहला प्रकरण है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी बधाई देते हुए इसे आदिवासियों को जंगल और जमीन का वास्तविक हकदार निरूपित किया। शासन के इस निर्णय से उन ग्रामीणों को बेहद राहत मिलेगी, जिन्होंने वर्षों पहले रिजर्व वन क्षेत्र में जीविकोपार्जन का अधिकार मांगा था और अपने हक के लिए दशकों से प्रयासरत थे। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में



मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन के उपरांत जिले के नगरी विकासखण्ड के ग्राम करका से गए हितग्राहियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सामुदायिक वन संसाधन का अधिकार पत्र सौंपा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि नगरी की ग्राम पंचायत रिसगांव के आश्रित ग्राम करका में 2208.874 हेक्टेयर का सामुदायिक पट्टा तथा हितग्राही जोहनराम निवासी ग्राम हिर्रीडीह को 2.747 हेक्टेयर क्षेत्र का वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया। इसी तरह रविवार 09 अगस्त को सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के द्वारा हितग्राही कुशन बाई को 0.060 हेक्टेयर, गणेशिया बाई को 0.550 हेक्टेयर तथा छेरकूराम को 0.251 हेक्टेयर व्यक्तिगत वन अधिकार तथा ग्रामसभा भुरसीडोंगरी को कमारतालाब के लिए 0.500 हेक्टयेर, ग्रामसभा दुगली को कमारतालाब हेतु 1.100 हेक्टेयर, ग्रामसभा टांगापानी को श्मशानघाट के लिए एक हेक्टेयर, ग्रामसभा गजकन्हार को लघु वनोपज संग्रहण के लिए 484.763 हेक्टेयर एवं ग्रामसभा संबलपुर को आवर्ती चारागाह हेतु 4 हेक्टेयर क्षेत्र का सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मगरलोड विकासखण्ड में जनपद पंचायत मगरलोड की अध्यक्ष ज्योति ठाकुर के द्वारा ग्रामसभा मड़ेली को श्मशानघाट के लिए एक हेक्टेयर एवं ग्रामसभा बेंद्राचुवा को बड़े मुड़ातालाब में मछलीपालन के लिए 2.480 हेक्टेयर का सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किया गया।

# जवानों ने किया नक्सलियों का अस्थाई कैम्प ध्वस्त

**डीआरजी व एसटीएफकी संयुक्त पार्टी निकली थी सर्चिंग पर**

**जिले के गोमपाड़ के जंगलों में किया कैंप ध्वस्त, जवानों को देख भागे नक्सली**

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

पिछले तीन दिनों से जिले में लगातार बारीश हो ही है उसके बावजूद नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलो का आपरेशन जारी है। डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए गोमपाड़ इलाके में गई थी। जवानों को आता देख नक्सली भाग गए लेकिन जवानों ने नक्सलियों का अस्थाई कैंप ध्वस्त कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक



भेज्जी इलाके में नक्सलियों के जमावड़े की सूचनाएं मिल रही थी। जिसके बाद भेज्जी व कोंटा थाने से डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी आपरेशन पर जिनेतोंग, गोमपाड़ के लिए रवाना हुई। जवान गोमपाड़ इललाके में सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रहे थे तभी नक्सलियों के संतरी ने अर्लट कर दिया जिसके कारण नक्सली जवानों को देख भाग गऐ। इधर जवानों ने पीछा करने की कोशिश की लेकिन घने जंगल होने के कारण नक्सली वहां से भाग गए। लेकिन वहां पर नक्सलियों का अस्थाई कैंप को ध्वस्त कर दिया



-दरअसल जंगलों मे हमारे जवानों को दूर से आता देख नक्सलियों के लगाए हुए संतरी उन्हे अर्लट कर देते है और नक्सली वहां से जंगलों का फायदा उठाते हुए भाग जाते है। अन्यथा हमे अच्छी सफलता मिल जाती। आगे भी नक्सलियों के खिलाफआपरेशन जारी रहेगा।

\- शलभ सिन्हा एसपी सुकमा

गया। वही मौके से नक्सली टेंट, 4 नग बड़ा पिट्ठू, 2 नग छोटा पिट्ठू, नक्सली वर्दी, जर्किन, व्हीसिल, एक नग आईईडी स्वीच, रस्सी, छर्रा, पटाखा समेत दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद हुई है।

मानसून मे भी नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन जारी हैं। जैसे-जैसे हमारे पास सूचनाएं आती है वैसे ही हम लोग प्लान कर आपरेशन करते है। पिदले दो माह में तीसरी बार नक्सलियों का कैंप ध्वस्त किया गया है।

# प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 48वीं पुण्य तिथि आज

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 11 अगस्त को छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 48वीं पुण्य तिथि पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे इस मौके पर न्यू राजेन्द्र नगर सांस्कृतिक भवन स्थित नवनर्मित वातानुकूलित भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाओं और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में नगर निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर उपस्थित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल सवेरे 9 बजे न्यू बस स्टैण्ड स्थित स्वर्गीय मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे राजेन्द्र नगर स्थित सांस्कृतिक भवन में नवनिर्मित वातानुकूलित भवन का लोकार्पण होगा।

## चरणदास महंत ने मिनीमाता के उल्लेखनीय कार्यो को किया याद

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने मिनीमाता जिन्हें गुरु माता के नाम से जाना जाता है उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए हृदय के अंतर्मन से श्रद्धांजलि अर्पित की है। विस् अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि, मिनीमाता छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद थी, बाल विवाह, दहेज प्रथा दूर करने के लिए आवाज उठाई तो गरीबी, अशिक्षा दूर करने के लिए भी काम करती रहीं। अनाथ व पीड़ितों की सेवा करना जीवन का प्रमुख लक्ष्य रहा। उन्होंने समाज का पिछड़ापन दूर करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। छुआछूत मिटाने के लिए दिन रात एक किया जिससे मिनी माता को लोग मसीहा के रुप में देखा करते थे। डॉ महंत ने उनसे जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए कहा की, उन्हें छत्तीसगढ़ की राजमाता कहा जाता है जबकि, वह किसी राजघराने से नहीं आती थीं पर छत्तीसगढ़ की जनता उन्हें राजमाता जैसा सम्मान दिया। छत्तीसगढ़ सरकार उनके सम्मान में हर वर्ष महिलाओं के विकास के क्षेत्र में काम करने वालों को मिनीमाता सम्मान प्रदत करती है। मिनीमाता हमेशा गरीबों और दलितों की मदद के लिए तैयार रहती थीं। संसद से लेकर सड़क तक उन्होंने इसके लिए आवाज उठाई। वे छत्तीसगढ़ मजदूर कल्याण संगठन, भिलाई की संस्थापक थीं। जब वे सांसद के रुप में दिल्ली में रहती थीं तो उनका वास स्थान एक धर्मशाला जैसा था। मिनीमाता को हिंदी, छत्तीसगढ़ी और अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान था।



**बांध के तीन गेट खोलकर नदी में लगभग साढ़े 14 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था**

# भारी बारिश,बांगो बांध के 2 गेट और खुले, अब तक खुल चुके हैं 5 गेट प्रशासन ने किया अलर्ट, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ सहित उड़ीसा को दी सूचना

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com

बांगो बांध में पानी का जलभराव जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही बांध के गेट क्रमबद्ध तरीके से खोले जा रहे है। कल रात से कोरिया जिले और परियोजना के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश से बांध का जलस्तर 358.40 मीटर तक पहुंच गया है। बांध का अधिकतम जलभराव स्तर 359.66 मीटर निर्धारित है। पहले से ही बांध के तीन गेट खोलकर नदी में लगभग साढ़े 14 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। आज बांध में जलभराव की स्थिति को देखते हुए दो और गेट शाम को खोल दिए गए। अब कुल मिलाकर पांच खुले गेटों से हसदेव नदी में 20 हजार 743 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध से लगे पनबिजली संयंत्र के लिए 9 हजार क्यूसेक पानी भी छोड़ा जा रहा है, जिसे मिलाकर हसदेव नदी में पानी का कुल



डिस्चार्ज 29 हजार 743 क्यूसेक हो गया है। माचाडोली मिनीमाता परियोजना के कार्यपालन अभियंता केशव कुमार ने बताया कि कोरबा जिले में भी पिछले दिनों में रूक-रूक कर हो रही बारिश से हसदेव की सहायक नदियों चोरनई आदि और बांध के जलग्रहण क्षेत्र के पानी से माचाडोली का मिनीमाता बांगो बांध लबालब हो गया है। बांध अपनी क्षमता का 90 प्रतिशत से अधिक भर चुका है। बांध के जल ग्रहण क्षेत्र में रूक-रूक हो रही बारिश से जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। केशव कुमार ने बताया कि बांध में जल भराव की स्थिति को देखते हुए पहले बांध के तीन गेट खोले गए थे। और लगभग सा? 14 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छो?ा जा रहा था। अब लगातार जलस्तर में बढ़ोत्तरी के बाद बांध के दो गेट और खोल दिए गए हैं। कुमार ने बताया कि गेट नंबर 5 और 7 को पहले आधा-आधा मीटर खोला गया था, पर अब गेट नंबर 4 और 8 को भी आधा-आधा मीटर खोल दिया गया है। इसके साथ ही पहले से 70 सेंटीमीटर खुले गेट नंबर 6 की ओपनिंग डेढ़ मीटर तक बढ़ा दी गई है। अब पांच गेटों से 20 हजार 743 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में जा रहा है। मिनीमाता बांगो बांध से पानी छोड़ने के मात्रा बढ़ाने से पहले से ही बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में अलर्ट जारी कर आबादी को सुरक्षित जगह पर जाने की सूचना जारी कर दी गई है। गांव-गांव में मुनादी करा कर भी चल-अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की सूचना दी गई है। इसके साथ ही सीमावर्ती जिलों जांजगीर-चांपा और रायगढ़ सहित हीराकुंड परियोजना के संबलपुर उड़ीसा के अधिकारियों को भी पानी छोड़ने के संबंध मे सूचना भेज दी गई है। हसदेव बरॉज परियोजना दर्री के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बांगो बांध से पानी छोड़ने पर हसदेव बरॉज का भी जलस्तर बढ़ता है और बरॉज के जलस्तर को बनाए रखने के लिए गेट खोलकर पानी नदी में तथा दायीं-बायीं केनालो में डिस्चार्ज किया जाता है। उन्होने बताया कि बांध से पानी छोड़ने के साथ ही पहले से लबालब दर्री बरॉज के अभी तीन गेट खोले गए हैं। बरॉज के गेट नंबर 7 को आठ फीट और गेट नंबर 11 को पांच फीट खोला गया है। दोनो गेटों से 17 हजार 325 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। इसी तरह दायीं तट नहर से 2 हजार 739 क्यूसेक और बायीं तट नहर से 3 हजार 631 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इस तरह दर्री बरॉज से आज सुबह से लगभग 23 हजार 695 क्यूसेक पानी नदी और दोनों नहरों में डिस्चार्ज किया गया।

# विधान सभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में होगा सोशल डिस्टेसिंग के नियमों का पालन: महंत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा का मानसून सत्र दिनांक 25 से 28 अगस्त 2020 की अवधि में आहूत किया गया है। विधान सभा में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए विधान सभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में मान. विधायकों के मध्य सोशल डिस्टेसिंग का पालन किये जाने के संबंध में किये जाने वाले उपायों एवं तैयारियों के निरीक्षण हेतु विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत आज अपराह्न विधान सभा परिसर पहुंचे और सदन में मान. मंत्रियों सहित सभी मान. विधायकों के आसन में लगाये जा रहे ग्लास पार्टीशन का अवलोकन किया एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि सदन एवं विधान सभा परिसर में सोशल डिस्टेसिंग से संबंधित किये जाने वाले सभी उपायों एवं उससे संबंधित व्यवस्था 20 अगस्त 2020 तक पूर्ण की जाये।

इस अवसर पर मान. विधायक श्री शैलेष पाण्डेय, विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403